
✴ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✴ रजि. नंबर : 52290/90 ✴ वर्ष : 36 ✴ अंक : 69 ✴ पृष्ठ : 12 ✴ औरंगाबाद, सोमवार, 4 अगस्त 2025 ✴ मूल्य : 3.00 रुपये ✴ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✴ www.navbihartime.com



जदयू में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलते पूर्व मंत्री अशोक राम

## संक्षिप्त समाचार

### नक्सली गिरफ्तार

**गयाजी(नबिटा ब्यूरो)।** 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट मधुकर अमिताभ के निर्देशन एवं सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में सौरभ रंजन, 'सी' समवाय एवं स्थानीय पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान वांछित नक्सली मोनोबार निवासी रविन्द्र सिंह को गिरफ्तारी किया है। गिरफ्तार नक्सली छकरबंधा थाना कांड संख्या-03/18 के तहत वांछित था। उसे छकरबंधा थाना को सौंप दिया गया है।

### गड्ढे में डूबकर किशोर की मौत

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के वारिसनगर थाना क्षेत्र के सतमलपुर गांव में रविवार को चिमनी के गड्ढे में डूब कर एक बच्चे की मौत हो गई। मृतक गांव के नीरज पासवान का बेटा अंकित कुमार है। घटना की सूचना पर पहुंची वारिसनगर थाने की पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा है।

### रिमांड होम में बाल बंदी ने किया सुसाइड

**दरभंगा (नबिटा ब्यूरो)।** जिला मुख्यालय स्थित बाल सुधार गृह में एक बाल बंदी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। मृतक की पहचान बेनीपुर अनुमंडल के फरदाहा गांव के रहने वाले रूदल चौपाल के पुत्र दिलखुश कुमार के रूप में हुई है। मृत दिलखुश एक नाबालिग लड़की अपहरण के आरोप में बाल सुधार गृह में बंद था। घटना के बाद बाल सुधार गृह में हड़कंप मच गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच जांच में जुट गई है।

### प्रसिद्ध मठ के महंत का शव बरामद

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** मीनापुर थाना क्षेत्र के पानापुर ओपी अंतर्गत आने वाले बहादुरपुर गांव स्थित एक प्रसिद्ध मठ के महंत का शव मिला है। बूढ़ी गंडक नदी के किनारे से पुलिस ने लाश बरामद की है। मृतक महंत की पहचान कौशल किशोर दास उर्फ रामबाबू सिंह के रूप में हुई है। घटना के बाद से गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। रविवार सुबह जब ग्रामीण शौच के लिए बाहर निकले तो मठ से करीब तीन किलोमीटर दूर बूढ़ी गंडक नदी किनारे महंत का शव देखा।

### थार की ठोकर से दो भाइयों की मौत

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बाढ़ में थार की टक्कर से 2 भाइयों की मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और उसे चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसका चचेरा भाई पुल से 30 फीट नीचे जा गिरा। बाद में इलाज के दौरान उसकी जान चली गई। मृतकों की पहचान सुधांशु कुमार उर्फ कारू और नीतीश कुमार के रूप में हुई है। दोनों अथमलगोला थाना क्षेत्र के फुलेलपुर गांव के रहने वाले थे।

### सड़क हादसे में ननद और भाभी की मौत

**बांका(नबिटा ब्यूरो)।** भागलपुर-हसडीहा मुख्य मार्ग पर स्थित कन्या मध्य विद्यालय पुनसिया बाजार के पास सड़क हादसे में दो महिला कांवरियों की मौत हो गई। वहीं घायल बाइक चालक का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजौन में किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। दोनों मृत महिला झारखंड के गोड्डा जिले के मोतिया ओपी क्षेत्र के मोतिया मांझी टोला के बुलो मांझी की पुत्री एवं पुत्रवधू थी।

### कदाचार के आरोप में सात अभ्यर्थी गिरफ्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा सिपाही के 19,838 पदों पर नियुक्ति के लिए रविवार को आयोजित अंतिम दिन की परीक्षा में कदाचार के आरोप में सात अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया गया। पर्षद कार्यालय के अनुसार, कदाचार में संलिप्त पाए गए अभ्यर्थियों में अररियाऔर दरभंगा में दो-दो अभ्यर्थियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं बांका में चार अभ्यर्थी कदाचार में संलिप्त पाए गए।

---

रेल मंत्री ने एक साथ दी तीन नई ट्रेनों की सौगात, मध्य प्रदेश से छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के यात्रियों को मिलेगी सीधी कनेक्टिविटी

# रेलवे के क्षेत्र में हुई ऐतिहासिक प्रगति : अश्विनी वैष्णव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जबलपुर।** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को पश्चिम रेलवे के भावनगर रेलवे स्टेशन से एक साथ तीन नई ट्रेनों की सौगात दी। भावनगर टर्मिनस से अयोध्या एक्सप्रेस, रीवा से पुणे (हड़पसर) साप्ताहिक सुपरफास्ट एवं जबलपुर से रायपुर इण्टरसिटी नई एक्सप्रेस रेल सेवाओं को रेल मंत्री द्वारा हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल सहित राज्यों के मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण, अन्य गणमान्य नागरिक तथा आमजन भी जुड़कर सहभागी बने। इस अवसर पर केंद्रीय रेल मंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति हुई है। रेलवे में इन्फ्रास्ट्रक्चर को गति प्रदान करते हुए तेजी से कार्य निष्पादित हो रहे है जिससे प्रदेशों में अभूतपूर्व विकास हो रहा है।



वर्तमान में रेलवे द्वारा यात्री सुविधाओं को विस्तारित करते हुए नई तकनिकी ट्रेनें जैसे वन्दे भारत, अमृत भारत, नमो भारत ट्रेनों को चलाया जा रहा है। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि आगामी सितम्बर माह से वन्दे भारत स्लीपर ट्रेन भी चलाई जाएंगी। साथ ही बहुत जल्द अहमदाबाद से मुंबई बुलेट ट्रेन की भी सौगात मिलेगी। श्री वैष्णव ने बताया कि मध्य प्रदेश में कई महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि रीवा पुणे ट्रेन रीवा, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नैनपुर, बालाघाट सहित मध्य प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों जहाँ से बड़ी संख्या में लोग पुणे महाराष्ट्र की ओर यात्रा करते हैं के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। इसी प्रकार जबलपुर- रायपुर ट्रेन भी जबलपुर, नैनपुर, बालाघाट, गोंदिया सहित मध्य प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के यात्रियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी, जहां से बड़ी संख्या में लोग रायपुर छत्तीसगढ़ की ओर यात्रा करते हैं। इस अवसर पर मध्य प्रदेश मुख्य मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश के विंध्य एवं महाकौशल की जनता को महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ के लिए सीधे कनेक्टिविटी हो जाने से आद्यौगिक, शैक्षणिक एवं पर्यटन को बढ़ावा तथा प्रदेश के विकास को गति मिलेगी।

---

मुख्यमंत्री ने पटेल भवन पहुंच गृह एवं आपदा प्रबंधन विभाग का किया निरीक्षण

# नदियों के बढ़ते जलस्तर को लेकर अलर्ट मोड में रहें संबंधित अधिकारी : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को पटेल भवन पहुंचकर गृह विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन विभाग तथा राज्य आपातकालीन संचालन केन्द्र का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं तथा कार्य पद्धतियों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य में वर्षापात की स्थिति, नदियों के जलस्तर तथा फसल आच्छादन की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान विकास आयुक्त सह आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने राज्य में वर्षापात की स्थिति की जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 24 घंटों मे राज्य में अच्छी बारिश हुई है। राज्य के 222 प्रखंडों में 25 मिमी अथवा इससे



अधिक बारिश दर्ज की गई है। गंगा, कोशी तथा बूढ़ी गंडक नदियों का जलस्तर बढ़ा है, पानी का स्तर खतरे के निशान के आसपास है लेकिन स्थिति अभी नियंत्रण में है। राज्य में धान की फसल का आच्छादन प्रतिशत 3 अगस्त तक 79.43 प्रतिशत है। गत वर्ष इस समय तक यह 67.38 प्रतिशत था। राज्य में अच्छी वर्षा हो रही है जिससे भू-जलस्तर भी बेहतर हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आपातकालीन संचालन केन्द्र बहुत उपयोगी केन्द्र है। आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा 24 घंटे संचालित यह केन्द्र बेहतर ढंग से कार्य कर रहा है जिसका लाभ राज्य के लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में अच्छी वर्षा होने से किसानों को रोपनी कार्य में फायदा हो रहा है। नदियों के बढ़ते जलस्तर को लेकर संबंधित अधिकारी अलर्ट मोड में रहें तथा एसओपी के अनुरूप सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण रखें। निरीक्षण के दौरान विकास आयुक्त सह आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, गृह विभाग के सचिव प्रणव कुमार, पटना के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम सहित गृह विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

---

# औरंगाबाद की महिला ने दो बच्चों संग की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। थाना क्षेत्र के लटमा स्थित एक घर से महिला और दो बच्चों का शव बरामद किया गया है। तीनों ने सामूहिक आत्महत्या की है। मामले की जानकारी मिलने के बाद जगन्नाथपुर पुलिस मौके पर पहुंच जांच शुरू कर दी है। लटमा निवासी ब्रजेश सिंह की पत्नी और दो बच्चों का शव उनके कमरे से बरामद किया गया है। तीनों ने एक साथ आत्महत्या की है। मृतकों में 34 वर्षीय संयुक्ता सिंह और उनके दो बच्चे आरव और आराध्या शामिल हैं। आत्महत्या का कारण आर्थिक तंगी और शादी के बाद उत्पन्न घरेलू कलह बताया जा रहा है। मामले की जानकारी मिलने के बाद जगन्नाथपुर पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और घटना की जांच की। हटिया डीएसपी पीके मिश्रा ने बताया कि महिला ने अपने दो बच्चों के साथ आत्महत्या कर ली है। मामले की जांच की जा रही है। मृतक संयुक्ता सिंह के पड़ोसियों ने बताया कि पति-पत्नी के बीच संबंध ठीक नहीं थे। संयुक्ता सिंह अपने पति बृजेश को प्रताड़ित करती थीं जिसके बाद मामला तलाक तक पहुंच गया था। जानकारी के अनुसार मामला अभी कोर्ट में है। कोर्ट में अटके रहने के कारण बृजेश सिंह के साथ-साथ संयुक्ता सिंह की आर्थिक स्थिति भी काफी खराब हो गई थी। पिछले तीन सालों से बृजेश सिंह औरंगाबाद स्थित अपने गांव में रहते थे जबकि संयुक्ता सिंह अपने दो बच्चों के साथ लटमा स्थित फ्लैट में रहती थीं। जिस फ्लैट में संयुक्ता सिंह अपने बच्चों के साथ रहती थीं, वह भी बैंक में गिरवी रखा हुआ था। वह दोनों बच्चों आरव और आराधना की स्कूल फीस भी नहीं भर पा रही थीं। रविवार सुबह जब संयुक्ता सिंह का दरवाजा नहीं खुला तो कुछ लोगों ने पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस टीम जब फ्लैट के अंदर पहुंची तो महिला और उसके दोनों बच्चों के शव ड्राइंग रूम में पड़े मिले। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। बृजेश सिंह को भी उनकी पत्नी और दोनों बच्चों की मौत की सूचना दी गई जिसके बाद वे रांची पहुंचे।

---

# नगर निगम के कर्मी की हत्या से हड़कंप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** शहर में नगर निगम के सफाई कर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। अपराधियों ने सिर में गोली मारकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया। घटना का कारण प्रेम प्रसंग में शादी को लेकर हुआ विवाद बताया जा रहा है। वारदात के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। मृत कर्मी की पहचान मनीष मांझी के रूप में हुई है। बताया जाता है रात्रि को पांच की संख्या में रहे अपराधियों ने रास्ते से उठा लिया और फिर एक स्थान पर ले जाकर सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। मिली जानकारी के अनुसार मनीष को तीन गोली लगी है। इससे उसकी मौत घटनास्थल पर हो गई। बताया जा रहा है कि शहर के अंदर बैरागी मोहल्ले के रहने वाले मनीष मांझी शनिवार की रात्रि को अपने किसी परिवार के घर पर बाइक लगाकर वापस लौट रहा था। इसी क्रम में पांच की संख्या में रहे अपराधियों ने उसे पकड़ लिया और फिर उसे अपने साथ ले जाकर एक स्थान पर ले गए जहां पर उसकी हत्या के वारदात को अंजाम दिया गया। मनीष मांझी की गोली मारकर हत्या की वारदात को अपराधियों ने अंजाम दिया है। मृतक गया जी नगर निगम में सफाई कर्मी के रूप में कार्यरत था। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

---

# स्पर्शाघात से दो लोगों की मौत, एक घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के बहादुरपुर गांव स्थित खेत में पानी पटाने के दौरान बिजली का तार टूटकरगिरने से 40 वर्षीय रफीक अंसारी एवं 50 वर्षीय अनीश कुरैशी की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। वहीं दोनों व्यक्ति को बचाने गए इसी गांव के संतोष ठाकुर करंट लगने से घायल हो गया। तीनों को पुलिस ने एंबुलेंस द्वारा आनन-फानन में रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां डॉ. लालजी प्रसाद यादव ने रफीक अंसारी एवं अनीस कुरैशी को मृत घोषित कर दिया जबकि संतोष ठाकुर का इलाज किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि रफीक अंसारी एवं अनीश कुरैशी अपने मोटर से खेत में पानी पटाने गए थे। उनकी खेत से 11 हजार तार गुजरा है जिसे अचानक टूटकर गिर जाने से दोनों व्यक्ति उसकी चपेट में आ गये जिससे



उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष शम्भू कुमार, एसआई आकाश कुमार, मिथिलेश कुमार ने कागजी प्रक्रिया पूर्ण कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। सूचना मिलने पर विधायक नेहलुद्दीन एवं अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह ने कागजी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा देने का आश्वासन दिया। मौके पर सगुफ्ता यास्मीन, प्रखंड जदयू अध्यक्ष सुनील कुमार बर्मा, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष संजय कुमार सैनिक, प्रखंड राजद अध्यक्ष विक्की यादव, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि माहिद खान, धर्मेंद्र कुमार कुशवाहा, सोनू कुमार आदि उपस्थित रहे।

---

# पूर्व मंत्री डॉ अशोक राम जदयू में शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार चुनाव से पहले नेताओं का पार्टी बदलने का सिलसिला जारी है। अब कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व मंत्री डॉ अशोक राम ने अपनी पार्टी का साथ छोड़ दिया है। वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी में शामिल हो चुके हैं। चुनाव से पहले पूर्व मंत्री का यह कदम सियासी गलियारे में चर्चा का विषय बना हुआ है। जदयू के प्रदेश कार्यालय में उन्हें कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता दिलाई। इसके बाद कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि महागठबंधन के कई और नेता भी हमारे संपर्क में हैं। वहां उन्हें उचित सम्मान नहीं मिल रहा है। दलित वोट बैंक पर काफी पकड़ रखने वाले डॉक्टर अशोक राम ने जदयू की सदस्यता ग्रहण करने के बाद कहा कि आज मैं अपने बेटे अतिरेक



के साथ जनता दल यूनाइटेड में शामिल हो चुका हूं। आज का दिन मेरे जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण है। बिहार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जरूरत है इसी को देखते हुए मैंने जदयू में शामिल होने का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही एक ऐसे शख्स हैं जिन्होंने गरीब, दलित, महादलित और पिछड़ों को पहचान दिलाई है। 2025 में फिर से नीतीश के नारे को हर हाल में पूरा करना है। वहीं सीएम नीतीश कुमार के करीबी और बिहार सरकार में मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि अशोक राम के आने से जदयू को काफी मजबूती मिलेगी। उन्हें कांग्रेस में जितनी इज्जत मिलनी चाहिए थी। वह नहीं मिला इसलिए उनके मान सम्मान का पूरा ख्याल पार्टी रखेगी। बता दें कि पूर्व मंत्री डॉ. अशोक राम पिछले कुछ दिनों से नाराज चल रहे थे। उनके समर्थक बता रहे हैं कि दलित नेता होने के बावजूद पार्टी उन्हें तवज्जो नहीं दे रही थी। खासकर बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्ण अल्लावरु और उनके बीच संबंध बहुत अच्छे नहीं थे। लोकसभा चुनाव के बाद से ही वह हाशिए पर चले गए थे। हालांकि डॉ अशोक राम ने कहा है कि मैं निजी कारण से कांग्रेस की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया।



# ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए सबसे उपयुक्त है सहकारिता : डॉ प्रेम

## राज्य सहकारी बैंक की 76वीं वार्षिक आमसभा संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** राजधानी के होटल सीपी पैलेस में रविवार को बिहार राज्य सहकारी बैंक की 76वीं वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा और सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने सहकारिता की ताकत को ग्रामीण विकास का सबसे मजबूत आधार बताया। बैठक की अध्यक्षता बैंक अध्यक्ष रमेश चंद्र चौबे ने की। आमसभा में विधायक जितेन्द्र कुमार, विनय कुमार, बिस्कोमान अध्यक्ष विशाल सिंह, निबंधक अंशुल अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में प्रतिनिधि शामिल हुए। सम्राट चौधरी ने कहा कि फिलहाल राज्य में सहकारिता के माध्यम से केवल 24 लाख लोग ही जुड़े हैं, इसे बढ़ाकर कम से कम एक करोड़ तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मत्स्य पालन के क्षेत्र में बिहार के पास अपार संभावनाएं हैं। झारखंड जैसे राज्य में अब भी मछली के मामले में 70 फीसदी घाटा है जिसे बिहार अवसर के रूप में देख सकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सहकारी बैंकों को मजबूत करने और सरकारी राशि उनके माध्यम से खर्च करवाने की दिशा में वित्त विभाग हरसंभव पहल करेगा। विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य की 76 प्रतिशत आबादी खेती पर निर्भर है और कृषि के समग्र विकास में सहकारी संस्थाओं की भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि कृषि, पशुपालन और सहकारिता- इन तीनों क्षेत्रों को एक साथ जोड़कर विकास की नई इबारत लिखी जा सकती है। सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि मधुमक्खी पालन, मत्स्य पालन और दुग्ध उत्पादन से जुड़ी समितियों को आय दो गुना करने की दिशा में ठोस कार्य योजना के तहत आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने सहकारिता को भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि इसका विकेन्द्रीकृत ढांचा और जमीनी जुड़ाव इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए सबसे उपयुक्त माध्यम बनाता है। बैंक के अध्यक्ष रमेश चौबे ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में बैंक ने 78 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। वहीं निबंधक अंशुल अग्रवाल ने जानकारी दी कि बैंक ने बैंकिपुर शाखा में गोल्ड लोन योजना और डिजिटल पेमेंट गेटवे की शुरुआत की है, जिससे लेन-देन और आसान होगा। बिस्कोमान अध्यक्ष विशाल सिंह ने मांग की कि मिट्टी जांच की प्रक्रिया में सहकारी बैंकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए और सरकारी योजनाओं की राशि सहकारी बैंकों के माध्यम से वितरित हो। विधायक जितेन्द्र कुमार और विनय कुमार ने केसीसी पर ब्याज दर घटाने, सीएमआर की तिथि बढ़ाने और ओटीएस मद में छूट का बजट प्रावधान सुनिश्चित करने की मांग की। कार्यक्रम में सहकारिता विभाग के अपर सचिव अभय कुमार सिंह, बैंक के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार सिंह, निदेशक मंडल और अंशधारक मौजूद थे।

# एनटीपीसी की कहलगांव ताप विद्युत परियोजना के नये प्रमुख बने रवीन्द्र पटेल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भागलपुर।** जिले के कहलगांव स्थित एनटीपीसी के ताप विद्युत परियोजना के नये प्रमुख के रुप में रवीन्द्र पटेल ने आज पदभार ग्रहण किया। वे इसी परियोजना में महाप्रबंधक (ऑपरेशन) के पद पर कार्यरत थे। कहलगांव एनटीपीसी के परियोजना प्रमुख के लिए प्रोन्नत श्री पटेल ने रविवार को निवर्तमान प्रमुख संदीप नायक से औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। उन्होंने एनटीपीसी में अपने कैरियर की शुरुआत कहलगांव विद्युत परियोजना से की और फिर यहां से प्रोन्नत होकर एनटीपीसी के विंध्याचल, फरक्का, पतरातु आदि जैसे प्रमुख विद्युत परियोजनाओं में विभिन्न पदों पर काम करते हुए पुनः महाप्रबंधक के रुप में कहलगांव परियोजना में आये। उनके लंबे अनुभव एवं कार्यकुशलता को देखते हुए एनटीपीसी प्रबंधन ने इसी परियोजना (कहलगांव) का प्रमुख बनाया है। पदभार ग्रहण करने के उपरांत नये परियोजना प्रमुख ने कहा कि समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से एक टीम भावना के साथ काम करेंगे। सुरक्षा, संरक्षा एवं श्रमिक हित का पूरा ख्याल रखा जाएगा। इधर कहलगांव एनटीपीसी के सभी यूनियन, एसोसियेशन एवं कर्मचारियों ने श्री पटेल को बधाईयां दी है।

# सहकारिता से जुड़ी योजनाओं की जानकारी सुगम कॉल सेंटर पर

## हेल्पलाइन नंबर पर किसान दर्ज करा सकते हैं अपनी शिकायतें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार का सहकारिता विभाग किसानों की सुविधा और उनके कल्याण के लिए लगातार काम कर रहा है। विभाग का आइवीआरएस (इंटरैक्टिव वॉयस रिस्पॉन्स सिस्टम) कॉल सेंटर (सुगम कॉल सेंटर) हर दिन किसानों की मदद कर रहा है। यह किसानों को सहकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देता है। सुगम कॉल सेंटर किसानों को योजनाओं की जानकारियां देने के साथ ही उनकी समस्याओं का समाधान भी कर रहा है। विभाग ने इस कॉल सेंटर के लिए मुफ्त टॉल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 18001800110 जारी किया है जिसके माध्य से सेवाएं प्रदान की जाती हैं। यह सेवा सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक उपलब्ध रहती हैं। इस आइवीआरएस कॉल सेंटर का मुख्य उद्देश्य किसानों को सहकारिता विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देना, उनके सवालों के जवाब देना और समस्याओं का समाधान करना है।

# बिहार का पांच वर्षों में 23,968 मेगावाट अक्षय ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य

## विभाग ने छह हजार 100 मेगावाट बिजली भंडारण का भी लक्ष्य निर्धारित किया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार ने आगामी पांच वर्ष यानी 2029-30 तक राज्य में 23 हजार 968 मेगावाट अक्षय ऊर्जा के उत्पादन का लक्ष्य रखा है। साथ ही 6 हजार 100 मेगावाट घंटा ऊर्जा के भंडारण का भी लक्ष्य निर्धारित किया है। इसका उद्देश्य राज्य को स्वच्छ ऊर्जा का हब बनाना है। वर्ष 2070 तक देश के शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य में अहम योगदान देना भी है। इसके लिए पिछले सप्ताह पटना में बिहार नई और अक्षय ऊर्जा स्रोत प्रोत्साहन नीति 2025 और बिहार पंप्ड स्टोरेज परियोजना प्रोत्साहन नीति 2025 के लिए एक विशेष समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया।

**सौर, वायु और बॉयोमास से बनेगी बिजली**

राज्य में सौर, वायु और बॉयोमास से अक्षय ऊर्जा बनाने की योजना है। इस योजना के तहत सबसे ज्यादा 18 हजार 448 मेगावाट बिजली जमीन पर स्थापित सौर परियोजनाओं से उत्पादित की जाएगी। इसके अलावा 900 मेगावाट बिजली सौर पार्कों (20 मेगावाट से बड़े), 495 मेगावाट फ्लोटिंग सौर संयंत्रों और 400 मेगावाट तालाबों पर ऊंचे सौर संयंत्रों को स्थापित कर बिजली पैदा होगी। साथ ही खेती के साथ एग्री वोल्टिक, वायु ऊर्जा, कचरे से बिजली और बायोमास परियोजनाएं भी शामिल हैं। इसके अलावा 1 हजार 975 मेगावाट ऑन ग्रिड अक्षय ऊर्जा, 340 मेगावाट ऑफ ग्रिड ऊर्जा, 500 मेगावाट छतों पर सौर पैनल और 250 मेगावाट छोटे जलविद्युत संयंत्रों से बिजली मिलेगी। ऊर्जा भंडारण के लिए 6 हजार 100 मेगावाट घंटा की क्षमता में 1 हजार 600 मेगावाट पंप्ड स्टोरेज और 4 हजार 500 मेगावाट बैट्री भंडारण शामिल हैं।

**चार बड़ी कंपनियों के साथ 5,337 करोड़ का निवेश**

इस दूरगामी लक्ष्य को पूरा करने के लिए सरकार ने चार बड़ी कंपनियों के साथ एमओयू किया है। इनमें एलएंडटी, एनटीपीसी, अवाडा ग्रुप और सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एसइसीआई) शामिल हैं जिनके साथ 2 हजार 357 मेगावाट बिजली उत्पादन के लिए 5 हजार 337 करोड़ रुपये का समझौता हुआ है। बिहार अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (ब्रेडा) को जलविद्युत और पंप्ड स्टोरेज को छोड़कर इस नीति को लागू करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**निवेशकों के लिए दी जा रही छूट**

ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि बिहार ने हाल के वर्षों में अच्छी प्रगति की है। यह नीति हमें अक्षय ऊर्जा में अग्रणी बनाएगी और निवेश व रोजगार के नए अवसर खोलेगी। वहीं, विभाग के सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि इस योजना में निवेशकों को लुभाने के लिए ढेरों प्रोत्साहन दिए गए हैं। इनमें औद्योगिक जमीन पर 100 प्रतिशत स्टांप शुल्क और पंजीकरण शुल्क में छूट, जमीन के उपयोग में बदलाव शुल्क माफ, ट्रांसमिशन और व्हीलिंग शुल्क में राहत, बिजली शुल्क से छूट, सिंगल-विंडो क्लीयरेंस, ऊर्जा बैंकिंग, फीड इन टैरिफ, ग्रीन टैरिफ, रूफटॉप सौर के लिए छूट और कार्बन क्रेडिट जैसे लाभ शामिल हैं।

# शिक्षण और प्रशिक्षण से रोजगार ही नहीं, जीवन संवरता है : प्रो अरुण कुमार सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** शिक्षण और प्रशिक्षण की उपयोगिता तभी है जब इसे अपने जीवन में समाज के उत्थान के लिए प्रयोग में लाया जा सके। ए एन कॉलेज के प्राचार्य प्रो अरुण कुमार सिंह ने ये विचार भारतीय प्रशिक्षण एवं विकास सोसायटी (आई एस टी डी) के पटना चैप्टर के उदघाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किया। ए एन कॉलेज सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर कर्नल कामेश कुमार, मुख्य वक्ता के तौर पर सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अतुल शाह और पटना चैप्टर के नवनियुक्त अध्यक्ष आनंद कुमार गिरि भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार में ट्रेनिंग से जुड़ी अच्छी संस्थाओं की बेहद कमी है और आई एस टी डी के पटना चैप्टर के गठन से छात्रों को रोजगार में भी काफी मदद मिलेगी। कर्नल कामेश कुमार ने कहा कि जीवन में प्रशिक्षण की आवश्यकता बनी रहती है और यह इंसान को हमेशा कुछ नया करने की प्रेरणा देता रहता है। अपने संबोधन में अतुल शाह ने संस्था के इतिहास के बारे में अवगत कराया और कहा कि 1970 में स्थापित इस संस्था का बिहार में आगमन सुखद संयोग है।

# आइकॉनिक क्लॉक टावर बनेगा डाकबंगला चौराहे की पहचान, मंत्री ने किया लोकार्पण

## रोटरी क्लब ऑफ पाटलिपुत्रा ने स्वर्ण जयंती वर्ष पर दी राजधानी को सौगात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** रोटरी क्लब ऑफ पाटलिपुत्रा ने अपनी स्वर्ण जयंती वर्ष में राजधानी पटना को एक अनमोल सौगात दी है। रविवार को शहर के हृदयस्थल डाकबंगला चौराहे पर आइकॉनिक रोटरी क्लॉक टावर का लोकार्पण नगर विकास एवं आवास मंत्री जीवेश कुमार ने किया। यह टावर न केवल समय की सटीक जानकारी देगा बल्कि रोटरी की सेवाभावना और सामाजिक प्रतिबद्धता का भी प्रतीक बनेगा। इंग्लैंड में निर्मित टॉवर की घड़ियां जीपीएस आधारित तकनीक से संचालित हैं और 24 घंटे सटीक समय बताएंगी। इस पहल से न सिर्फ डाकबंगला चौराहा और अधिक आकर्षक हो गया है बल्कि शहर को एक नई पहचान भी मिली है। इसकी परिकल्पना और संचालन क्लब के पास्ट प्रेसिडेंट एवं प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन नवीन गुप्ता के नेतृत्व में हुआ। उन्होंने स्वागत भाषण में इस आइडिया की उत्पत्ति से लेकर इसके मूर्त रूप तक की यात्रा को बताया। क्लब की इमिडिएट पास्ट प्रेसिडेंट स्वाति मोदी ने कहा कि यह क्लॉक टावर केवल स्थापत्य कला की एक कृति नहीं बल्कि रोटरी के मूल्यों, दृष्टिकोण और विचारधारा का सार्वजनिक प्रतिनिधित्व है। स्वाति मोदी ने बताया कि इस परियोजना को मूर्त रूप देने में पास्ट प्रेसिडेंट वीणा जैन, मुकेश जैन, रंजन मेरतिया, संदीप सराफ और अशोक अग्रवाल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। क्लब प्रेसिडेंट रोटेरियन संजय भरतिया ने बताया कि यह बिहार-झारखंड का पहला रोटरी क्लॉक टावर है जिसमें यातायात पुलिस के लिए स्थायी व्यवस्था भी की गई है। कार्यक्रम में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर बिपिन चाचन विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर उपस्थित थे। रोटरी जोन 6 की रीजनल चेयर बिंदु सिंह की उपस्थिति ने समारोह को विशेष गरिमा प्रदान की। सभी अतिथियों ने रोटरी की इस अभिनव पहल की मुक्तकंठ से सराहना की। क्लब प्रेसिडेंट संजय भरतिया ने समापन भाषण में सभी अतिथियों, रोटरी सदस्यों और सहयोगियों के प्रति आभार प्रकट किया। एमपी जैन ने बताया कि कार्यक्रम में पास्ट प्रेसिडेंट सुबोध जैन, बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सुभाष पटवारी, कुलदीप रोहतगी, सोमेश बाहरी, शंकरनाथ और विनोद चौधरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# प्रोजेक्ट चहचहाहट के गौरैया स्टीकर का लोकार्पण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** हमारी गौरैया तथा एनवायरनमेंट वॉरियर्स के संयुक्त तत्वावधान में गौरैया संरक्षण के लिए चलाए जा रहे प्रोजेक्ट चहचहाहट के अंतर्गत लोगों में गौरैया संरक्षण से संबंधित जानकारी को बढ़ावा देने के लिए गौरैया स्टीकर का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर गौरैयाविद संजय कुमार ने कहा कि यह स्टीकर गौरैया संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम है, यह आम लोगों को संरक्षण मुहिम में जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करेगी। एनवायरनमेंट वॉरियर्स के निशांत रंजन ने बताया कि गौरैया संरक्षण में आम लोगों की भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण है। हमारा प्रयास समाज के हर लोगों को इस मुहिम से जोड़ने का है। इस अवसर पर गौरैया संरक्षक आशा प्रसाद, डॉ अशोक प्रसाद, डॉ लीना, नीरज कुमार, विक्रम पाटिल, अभिरुद्ध सिन्हा, अंकित राज, दिग्विजय कुमार, देव कुमार, सभ्यता कुमारी, निश्चल कुमार, ऋषि कांत आर्य, आकाश राज, प्रियांशु रंजन आदि लोग मौजूद थे।

# रानीघाट से शक्तिधाम तक गूंजे जयकारे, फुलेश्वर महादेव का अभिषेक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बारिश के साथ ही शिवभक्तों की श्रद्धा से राजधानी पटना सराबोर रही। रविवार की सुबह रानीघाट से लेकर शक्तिधाम बैंक रोड तक बोल बम के जयकारों से गूंजता रहा। करीब 250 श्रद्धालुओं का कांवरिया दल गंगाजल लेकर पैदल यात्रा करते हुए फुलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचा। वहां श्रद्धा, सेवा और समर्पण का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह छह बजे रानीघाट पर कांवरियों ने गंगा मैया की विशेष आरती की। इसके बाद सभी ने अपने कांवर में पवित्र जल भरा और भक्ति भाव से ओतप्रोत बैंक रोड स्थित फुलेश्वर महादेव मंदिर की ओर चल पड़े। यात्रा के दौरान सावन का महीना आए, भोले तेरी याद सताए...जैसे भजन वातावरण को भक्ति रस से सराबोर करते रहे। करीब साढ़े नौ बजे यह पवित्र यात्रा शक्तिधाम पहुंची। फुलेश्वर महादेव मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया था। मंदिर परिसर में कांवरियों का गर्मजोशी से स्वागत हुआ। सभी श्रद्धालुओं ने विधिपूर्वक भगवान शिव पर जल अर्पित किया। इसके बाद शुरू हुआ भजन-कीर्तन। जलाभिषेक और भजन के बाद भंडारा प्रसाद का आयोजन हुआ। इसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# आइएसआइ मार्क हेलमेट का ही करें उपयोग : डीटीओ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सड़क हादसों में सिर की गंभीर चोटें और मौतें रोकने के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य है। राज्य में अभी भी कई दोपहिया चालक इस नियम की अनदेखी कर रहे हैं। दोहपिया चालकों और सवारी की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (मोर्थ) ने आइएसआइ मार्क वाले गुणवत्तापूर्ण हेलमेट को अनिवार्य किया है। यह नियम बिहार में भी लागू है। मोर्थ के अनुसार दोपहिया वाहनों के हादसों में सिर की चोटें सबसे बड़ा खतरा है। गुणवत्तापूर्ण हेलमेट इन जोखिमों को काफी हद तक कम कर देता है। प्रदेश में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों को पकड़ने के लिए ट्रैफिक पुलिस नियमित चेकिंग और जागरूकता अभियान चला रही है। परिवहन विभाग भी साथ मिलकर चौक-चौराहों पर पोस्टर, होर्डिंग्स, अनाउंसमेंट और सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए हेलमेट पहनने की अपील कर रही है। जिला परिवहन पदाधिकारी उपेंद्र कुमार पाल ने हेलमेट को जीवन रक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि हेलमेट केवल चालान से बचने के लिए नहीं है, बल्कि यह दुर्घटना में सिर में चोट लगने से काफी बचाव करता है।

# 'कथा कहे सरंग' का लोकार्पण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** अखिल भारतीय प्रगतिशील लघुकथा मंच के तत्वावधान में रविवार को चर्चित कथा लेखिका रूबी भूषण द्वारा संपादित कहानी संग्रह 'कथा कहे सरंग' का लोकार्पण डॉ भगवती प्रसाद द्विवेदी, डॉ शिवनारायण, शशिभूषण सिंह, डॉ ध्रुव कुमार, चितरंजन भारती, सिद्धेश्वर, राम यतन यादव, डॉ अशोक प्रजापति ने समवेत रूप से किया। इस अवसर पर 'समकालीन कहानियां और कथा कहे सरंग' विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ भगवती प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि संग्रह में शामिल कहानियों में मध्यवर्गीय जीवन की विभिन्न समस्याएं मुखरित हुई हैं। इन कहानियों में स्त्री विमर्श, नैतिकता, समानता और प्रतिरोध के स्वर मजबूती से उभरते हैं। अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार शिवनारायण ने कहा कि रूबी भूषण द्वारा संपादित कथा- संकलन 'कथा कहे सरंग' की कहानियां अपने समकालीन यथार्थ की पड़ताल करती हुईं युगीन संवेदना से रूबरू कराती हैं। ये ऐसी कहानियां हैं जो अपने समय एवं देश समाज की विरूपताओं पर अपना प्रतिरोध दर्ज करतीं हैं। इस संकलन के द्वारा रूबी भूषण एक बेहतर संपादक के रूप में उभरी हैं। संग्रह में शामिल उनकी उनकी कहानी 'मैं नरेश शुक्ला की बेटी नहीं हो सकती' स्त्री प्रतिरोध की अनूठी कहानी है।

# कैंसर से डरें नहीं, अब हर तरह के कैंसर का इलाज उपलब्ध : डॉ. संदीप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सीवान।** जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, पटना की ओर से सीवान में आयोजित हेल्थ टॉक में हॉस्पिटल के सर्जरी अन्कोलॉजी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. संदीप कुमार ने कैंसर पर अपने व्याख्यान में कहा कि अब कैंसर से डरने की जरूरत नहीं है, हर प्रकार के कैंसर का इलाज अब उपलब्ध है। एक बार कैंसर मुक्त हो जाने के बाद आदमी सामान्य जीवन जी सकता है। उन्होंने कहा कि शुरुआती दौर में कैंसर के पकड़ में आ जाने से यह बीमारी पूर्णरूप से ठीक हो सकती है। इसलिए हर महिला और पुरुष को उनके शरीर में हो रहे बदलाव पर ध्यान देने की जरूरत है। विभिन्न कैंसर के लक्षणों के बारे में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि अगर गर्दन में सूजन हो, निगलने में परेशानी हो, मुंह में छाला बार-बार पड़े और ठीक न हो तो ये मुंह और गले के कैंसर के लक्षण माने गये हैं। खाना ठीक से न पचे, काफी गैस होता हो, पेट फूले, भूख न लगे तथा वजन घटता चला जाए तो यह पेट के कैंसर के लक्षण मान गये हैं। निपल से पानी निकले या खून निकले या कोई गांठ हो तो ये स्तन कैंसर के लक्षण हो सकते हैं। मैनापोज के बाद अगर किसी महिला को रक्तस्राव हो, बी.पी. हो, मधुमेह हो तथा मोटापा हो तो ये बच्चेदानी के कैंसर के लक्षण हो सकते हैं। खून मिश्रित डिस्चार्ज अगर बार-बार हो तथा दर्द भी हो तो ये सर्वाइकल कैंसर के लक्षण हो सकते हैं।

भूख कम लगना, पेट फूलना, अरूचि होना, पेट में दर्द होना अंडाशय के कैंसर के लक्षण हो सकते हैं। डॉ. संदीप ने कहा कि उपरोक्त लक्षणों वाले मरीजों को तत्काल विशेषज्ञ डॉक्टर से दिखाकर इलाज कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि जयप्रभा मेदांता हॉस्पिटल, पटना में पीपी मोड पर गरीब कैंसर रोगियों का इलाज किया जाता है। रोगी बिहार का निवासी हो तथा उसकी आमदनी सलाना ढाई लाख रुपये से कम होना चाहिए।

# रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम का इंस्टॉलेशन समारोह एवं 'सावन बाय द सी' का भव्य आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** होटल चाणक्या, आर. ब्लॉक में रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम द्वारा आयोजित इंस्टॉलेशन समारोह में क्लब के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण किया। डॉ. अमिताभ बंका ने अध्यक्ष, अनुराधा सर्राफ ने सचिव तथा राजेश अग्रवाल ने कोषाध्यक्ष पद की शपथ ली। समारोह में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 के वरिष्ठ पदाधिकारी, शहर की प्रतिष्ठित हस्तियां एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बीते वर्ष की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया और आगामी सामाजिक प्रकल्पों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। विशेष रूप से इस वर्ष क्लब द्वारा एक सरकारी विद्यालय को गोद लेने की घोषणा की गई है जिसके अंतर्गत छात्रों को बेहतर शैक्षणिक संसाधन, डिजिटल लर्निंग, पुस्तकालय एवं स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इंस्टॉलेशन के उपरांत 'सावन बाय द सी' नामक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। मानसून थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में संगीत, नृत्य एवं रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी को मोहित किया।

# 25 अगस्त को प्रदेश के किसान जुटेंगे पटना, सरकार के खिलाफ करेंगे प्रदर्शन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वामी सहजानंद सरस्वती आश्रम पटना में संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार की रविवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत बनारस से कोलकाता सड़क निर्माण किया जा रहा है जिसमें औरंगाबाद, रोहतास एवं कैमूर के किसानों को सरकार द्वारा बिना मुआवजे की जमीन हथियाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं चौसा में सड़क निर्माण के नाम पर गांव को उजाड़ने की साजिश और अमौसी-दरभंगा सड़क निर्माण में किसानों की जमीन जबरन छीनने की कोशिश से अन्नदाता आक्रोशित हैं। वक्ताओं ने कहा कि 17 जुलाई को एडीजी कुंदन कृष्णन द्वारा किसानों को अपमानित किया गया है। इससे किसानों में आक्रोश है। एडीजी कुंदन कृष्णन के बयान के एक दिन बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान आंदोलन की तीर्थस्थली चंपारण की धरती मोतिहारी पहुंचे और वोट के लिए किसानों को बरगलाने का हर संभव प्रयास किया, लेकिन एक शब्द भी एडीजी के खिलाफ नहीं बोला गया। वहीं मंच पर मौजूद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी एक शब्द अपने लाडले पुलिस अफसर के खिलाफ नहीं बोल पाए। जो यह साबित करता है कि ये नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार का किसानों के प्रति कितना नफरत है। कृषि प्रधान राज्य में किसानों को सरकार द्वारा सम्मानित करने के बजाय अपराधी घोषित किया जा रहा है। उन्हें तो मंच से ही घोषणा करना चाहिए था कि वैसे बददिमाग अफसर को हम बर्खास्त करेंगे, लेकिन ऐसा आज तक नहीं हुआ, यह शर्म की बात है। खाद की कालाबाजारी और धान अधिप्राप्ति में हो रहे लूट डबल इंजन की सरकार को दिखाई नहीं दे रहा है।

CMYK

# तिलौथू थाना क्षेत्र के तीन लूट कांडों का उद्भेदन

## सरगना सहित छह अपराधकर्मी गिरफ्तार, लूटे गये रुपये, आग्नेयास्त्र एवं बाइक बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** तिलौथू थाना क्षेत्र में हुए लूट कांडों का सफल उद्भेदन करते हुए पुलिस ने 6 अपराधियों को आग्नेयास्त्र, लूटे गए सामान के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यह जानकारी देते हुए एसपी रौशन कुमार ने प्रेस वार्ता में पत्रकारों को बताया कि 14.11.24 की संध्या 16:15 बजे तिलौथू-डिहरी एन.एस.-02सी. सड़क पर गया के एक व्यवसायी विकास कुमार लोहानी उर्फ सिन्दु से पांच-छः की संख्या में आये अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा हथियार का भय दिखाकर उनके पास से नगद रूपया एवं उनका मोबाइल छीन लिया था। इस काण्ड की गंभीरता को देखते हुए अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी-02, डिहरी के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था जिसमें थानाध्यक्ष तिलौथू के अलावा जिला आसूचना इकाई, रोहतास की टीम को भी शामिल किया गया था। गठित टीम के द्वारा घटनास्थल के आसपास मौजूद सी0सी0टी0वी0 फुटेज, वादी से लूटा गया मोबाइल आदि के गहण तकनिकी विश्लेषण के उपरांत 01.08.25 को इस काण्ड में संदिग्ध अभिषेक कुमार पे. प्रमोद जयसवाल सा. न्यू डिलियां थाना-डिहरी नगर एवं गौतम कुमार पे.-सिंहासन यादव सा.-बाराडीह थाना-तिलौथू दोनों जिला-रोहतास को तिलौथू स्थित राधा सांता कॉलेज के पास से अभिरक्षा में लिया गया। अभिरक्षा में लिये गये अभिषेक कुमार एवं गौतम कुमार से पूछताछ की गई तो उनके द्वारा लूट के इस घटना के अलावा तिलौथू थाना में प्रतिवेदित दो अन्य लूट के घटनाओं का भी खुलासा किया गया। पूछताछ के क्रम में अभिषेक कुमार एवं गौतम कुमार ने बताया कि 14.11.24 को तिलौथू-डिहरी सड़क एन.एच.-02सी. पर गया के एक व्यापारी से नगद रूपया एवं मोबाइल लूटने की घटना इनलोगों के गिरोह के द्वारा ही किया गया था जिसमें इन दोनों के अलावा दरोगा कुमार पे.-मिथिलेश पासवान सा.-विशैनी खुर्द थाना-अगरेर, करण कुमार उर्फ छत्रपति कुमार पो. सिकन्दर शर्मा सा. न्यू डिलिया वार्ड नं.-20 थाना-डिहरी नगर, तिलौथू थाना क्षेत्र के ही ग्राम पथरा का अभिषेक कुमार जो वर्तमान में तिलौथू थाना के ही एक काण्ड में न्यायिक अभिरक्षा में बंद है तथा एक अन्य अपराधकर्मी भी इस घटना में शामिल है जिनकी पहचान कर ली गई है।

### पांच थाना क्षेत्र के चोरी के 15 कांडों का उद्भेदन

## चार गिरफ्तार, 40 लाख के जेवरात बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास व औरंगाबाद के बारून थाना क्षेत्र में चोरी गृह भेदन के पांच थाना क्षेत्र में प्रतिवेदित 15 कांडों का पुलिस ने उद्भेदन किया है। गिरोह के सरगना सहित चार अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। लाखों के चोरी गए सोने व चांदी के जेवरात बरामद किये गए। एसपी रौशन कुमार ने अपने कार्यकाल कक्ष में प्रेस वार्ता में बताया कि विगत 21 जून को नासरीगंज थाना क्षेत्र के इटवा बाजार स्थित एक ज्वेलर्स के दुकान का शटर काट कर अज्ञात चोरों ने दुकान में रखे गहना की चोरी कर लिया था। काराकाट, संझोली व आयरकोठा थाना क्षेत्र में भी इसी प्रकार कई घरों में चोरी की घटना प्रतिवेदन हुई थी। वही सीमावर्ती औरंगाबाद जिले के बारुन थाना क्षेत्र में भी इसी प्रकार चोरी की घटना घटी थी। चोरी और गृहभेदन के इन घटनाओं के उद्भेदन के लिए एससीडीपीओ बिक्रमगंज के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था जिसमें नासरीगंज, काराकाट, संझौली एवं आयरकोठा के थानाध्यक्ष और जिला सूचना इकाई की टीम को शामिल किया गया था। गठित टीम को सूचना प्राप्त हुई कि सीमावर्ती औरंगाबाद जिले के बारुन थाना क्षेत्र के बहुती गांव में भी अज्ञात चोरों द्वारा घर से गहना जेवर के साथ एक मोबाइल की भी चोरी कर ली गई थी। पुलिस टीम द्वारा सभी घटनास्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया जिसमें कुछ संदिग्ध व्यक्तियों का फोटो प्राप्त हुआ जिसकी पहचान की गई तथा उन पर निगरानी रखी गई।

## न्यू डीलिया शक्ति केंद्र की नगर अध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी विधानसभा अंतर्गत नगर डिहरी स्थित न्यू डीलिया शक्ति केंद्र की कार्यशाला बैठक नगर अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई। कार्यशाला का संचालनकर्ता जिला प्रवक्ता प्रकाश गोस्वामी ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि डिहरी के पूर्व विधायक इं. सत्यनारायण यादव, जिला महामंत्री प्यारेलाल ओझा व डिहरी विधानसभा के संयोजक डॉक्टर नवीन नटराज ने कार्यशाला की बैठक में भाग लेते हुए न्यू डीलिया में शक्ति केंद्र के अंतर्गत आने वाले सभी 265 से 273 बूथ अध्यक्षों को अपने बूथ पर प्रत्येक व्यक्ति से मिलकर उनका नाम उसी बूथ पर बने रहे इसकी चिंता करें। साथ ही किसी व्यक्ति का अगर नामांकन सूची से नाम कट गया है तो उसका उचित दस्तावेज के साथ जोड़ने का भी काम करें। साथ ही अपना बूथ सबसे मजबूत के तहत प्रत्येक बूथ पर पन्ना प्रमुख भी बनाना है। ताकि विधानसभा चुनाव में प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचा जा सके और यह भी स्पष्ट हो सकेगा कि इसका मतदान किया है या नहीं और जो व्यक्ति छूट गए हैं उनसे संपर्क कर मतदान करवाया जा सके। इसी के साथ कार्यशाला बैठक का धन्यवाद ज्ञापन डिहरी नगर उपाध्यक्ष व न्यू डिलिया शक्ति केंद्र के प्रभारी अरुण कुमार पप्पू ने किया।

## भाजपा नेता अखिलेश कुमार ने की पदयात्रा, हजारों की संख्या में कार्यकर्ता हुए शामिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**दिनारा (रोहतास)।** सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित 11 किलोमीटर की पदयात्रा में शनिवार को जनसैलाब उमड़ पड़ा। यह भव्य पदयात्रा भलूनी धाम से प्रारंभ होकर देवड़ीधाम तक निकाली गई जिसका नेतृत्व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अखिलेश कुमार ने किया। इस जनसंपर्क यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु, भाजपा कार्यकर्ता व स्थानीय नागरिक शामिल हुए। पदयात्रा के दौरान विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी लोगों को दी गई जिनमें मुफ्त राशन, किसान सम्मान निधि, महिलाओं को आरक्षण, आयुष्मान भारत योजना, मुद्रा योजना, मुफ्त बिजली और धार्मिक स्थलों का विकास शामिल है। पदयात्रा में मुख्य रूप से शामिल लोगों में रोहतास युवा भाजपा के जिलाध्यक्ष रितेश राज, बबलू सिंह, आशा सिंह, हरेराम ठाकुर, सोनू ठाकुर, महेंद्र पासवान, ढुनमुन सिंह, पंकज कुमार, मुकेश मिश्रा, दीपक चौरसिया, मनोज पासवान, भिखारी सिंह, शशि भूषण सिंह, राधा कृष्ण सिंह, मंटू सिंह, कुश सिंह और भाजपा दावथ मंडल अध्यक्ष कृष्ण मिश्रा सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता और स्थानीय नेता उपस्थित रहे। भक्तिभाव और जनउत्साह से भरी इस पदयात्रा का समापन देवड़ीधाम में मां सिद्धेश्वरी के दर्शन और आशीर्वाद के साथ हुआ जहां सभी ने देश, समाज और क्षेत्र के विकास हेतु संकल्प लिया। अखिलेश कुमार ने इस ऐतिहासिक आयोजन में भाग लेने वाले सभी श्रद्धालुओं व कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया और इसे जनता की भाजपा के प्रति आस्था का प्रमाण बताया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं की कोचस में विधान सभा स्तरीय बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोचस।** करगहर विधान स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक रविवार को कोचस में आयोजित की गयी जिसमें करगहर विधानसभा प्रभारी संतोष शर्मा एवं बिहार प्रदेश प्रभारी के सहयोगी अखिलेश मौर्य मौजूद रहे। बैठक में आगामी बिहार विधानसभा चुनाव पर गहन विचार विमर्श किया गया। साथ ही शक्ति केंद्र को मजबूत करने समेत चुनाव जीतने की टिप्स दी गयी। बैठक की अध्यक्षता पूर्वी मंडल के अध्यक्ष राजेश सिंह ने किया। बैठक में जिला मंत्री सत्येंद्र दूबे, जिला प्रवक्ता संतोष गुप्ता, विधानसभा विस्तारक मदन केसरी, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष संतोष तिवारी, नगर अध्यक्ष गोविन्द कुमार, करगहर तीनों मंडल अध्यक्ष क्रमशः अनूप पाठक, मनीष कुमार, नागेंद्र राय, महामंत्री गोपाल राय, अखिलेश कुमार सिंह, रजनीश राय समेत अन्य मौजूद थे।

## हाइवा में टकराई पर्यटकों की कार, पांच घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कुदरा।** कैमूर के कुदरा थाना क्षेत्र के कर्मा गांव के पास फोरलेन सड़क पर रविवार को पर्यटकों की अनियंत्रित लक्जरी कार हाइवा में जोरदार टक्कर मार दिया। घटना में पांच पर्यटक घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को इलाज के कुदरा पीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। घायलों में तीन की हालत गंभीर है। बताया जाता है कि लक्जरी कार में पांच पर्यटक सवार थे। घायलों में पश्चिमी बंगाल के वीरभूमि जिला के मैनपुर थाना के मधरी गांव निवासी माफिजुल शेख पिता हफीजुल शेख, बसन्त बादोगर पिता अमर बादोगर, नजरुल शेख पिता रेफजुदीन शेख, अलिफ शेख पिता नजमुदिन शेख शामिल हैं। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंचकर क्षतिग्रस्त कार को सड़क के किनारे कराया। पीड़ित परिवार को घटना की सूचना दे दी गई है। मौके पर पास में मौजूद देवराढ़ पंचायत के मुखिया चंद्रशेखर यादव ने घायलों को इलाज के लिए कुदरा सरकारी अस्पताल पहुंचाया। मुखिया ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही घटना की जानकारी कुदरा पुलिस व एनएचएआई को देने की बाद घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। हाइवा व लक्जरी कार की टक्कर में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद कुछ देर के लिए फोरलेन सड़क का एक लेन जाम हो गया। हालांकि घटना की सूचना पर पहुंची कुदरा पुलिस व एनएचएआई की टीम ने क्षतिग्रस्त कार को सड़क से हटाकर वाहनों का परिचालन प्रारम्भ कराया। घटना के बाद हाइवा के चालक हाइवा लेकर भाग गया।

## 54 फीट की भव्य कांवर लेकर पटना से गुप्ताधाम पहुंचे कांवरिया



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेनारी (रोहतास)।** सावन की चौथी सोमवारी के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध बाबा गुप्तेश्वर नाथ धाम में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी। इसी क्रम में पटना के मालसलामी स्थित माधव मील के मनोकामना नाथ मंदिर से श्री श्री मनोकामना कांवरिया संघ द्वारा 54 फीट लंबी भव्य कांवर लेकर श्रद्धालु जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के लिए गुप्ता धाम पहुंचे। रविवार को संघ के सैकड़ों श्रद्धालु चेनारी पहुंचे जहां संघ के अध्यक्ष सोनू जायसवाल, उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता, कोषाध्यक्ष सोनू गुप्ता और पिंटू शाह ने बताया कि हर वर्ष उनकी टोली बाबा गुप्तेश्वर नाथ की पवित्र भूमि पर 54 फीट की कांवर लेकर जल चढ़ाने आती है। गुप्ता धाम में कांवर यात्रा के दौरान भक्तों का जोश देखते ही बन रहा था। बाबा के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। चेनारी में श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए भक्ति लाइन कमेटी द्वारा भव्य तैयारी की गई थी। कमेटी के अध्यक्ष डुगरू शर्मा के नेतृत्व में श्रद्धालुओं को फलाहार, भोजन और चाय-पानी की उत्तम व्यवस्था दी गई।

## अहरांव गांव से देशी शराब जब्त, कारोबारी फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** आयरकोठा पुलिस ने थाना क्षेत्र के अहरांव गांव से शुक्रवार की रात छापेमारी कर शराब जब्त कर धंधेबाज पर प्राथमिकी दर्ज किया। इस संबंध में थानाध्यक्ष कुसुम कुमार केशरी ने बताया कि गुप्त सूचना पर अहरांव गांव में छापेमारी की गई जहां आलोक पासवान के घर के दरवाजे से 10 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। इस दौरान आरोपित आलोक मौके से फरार हो गया।

## शहीद के आश्रितों को सहायता राशि देना स्वागत योग्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** कांग्रेस सहकारिता विभाग के प्रदेश महासचिव राजेंद्र पासवान ने पुलवामा में शहीद इम्तियाज अली और रामबाबू सिंह के आश्रितों को एक-एक लाख रुपए का चेक देना स्वागत योग्य कदम।

## अस्मिता योगासना सिटी लीग का आयोजन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** राधा शांता महाविद्यालय, तिलौथू परिसर रविवार को उस समय योग एवं खेल भावना से ओतप्रोत हो उठा जब अस्मिता योगासना सिटी लीग 2025-26 का भव्य आयोजन 'खेलो इंडिया' योजना के अंतर्गत संपन्न हुआ। 'खेल से ही है पहचान' जैसे प्रेरक संदेश को आत्मसात करते हुए यह एक दिवसीय आयोजन युवाओं और जनमानस के बीच स्वास्थ्य, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण के संदेश का वाहक बन गया। इस ऐतिहासिक आयोजन के मुख्य अतिथि डिहरी के अनुमंडल पदाधिकारी रहे जिनकी प्रेरणादायी उपस्थिति ने कार्यक्रम को गौरवपूर्ण बना दिया। विशिष्ट अतिथियों में बीडीओ अंकिता जैन, बीईओ रजनीश तथा सीओ की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। मंच पर राधा शांता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक सिंह, डालमिया सीमेंट से जुड़े एचआर अधिकारी संजय झा, आयोजन समिति की अध्यक्ष बबिता देवी, सचिव सांवली सिन्हा, दीपक चौधरी एवं अन्य गणमान्य लोगों की सक्रिय सहभागिता ने कार्यक्रम की भव्यता को और निखारा। कार्यक्रम का अत्यंत कुशल संचालन शिक्षक संघ के जिला सचिव प्रियेश श्रीवास्तव ने किया जिन्होंने अपने शालीन और ऊर्जावान शैली से उपस्थितजनों को पूरे आयोजन से जोड़े रखा। निर्णायक की भूमिका में सुधाकर मिश्र उर्फ रितेश मिश्रा ने अपना योगदान दिया।

## सात को प्रखंड क्रियावन्यन समिति कार्यालय का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड परिसर में बीस सूत्री अध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रखंड कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के कार्यालय का उद्घाटन एवं बीस सूत्री की द्वितीय बैठक को लेकर आहूत की गई। बैठक में सभी सदस्यों के द्वारा विचार-विमर्श कर आगामी 07 अगस्त को कार्यालय उद्घाटन का समय निर्धारित किया गया एवं साथ ही 20 सूत्री की द्वितीय बैठक 11 बजे पूर्वाहन में 11 अगस्त को समयानुसार निर्धारित तिथि तय किया गया। बैठक में आगामी दो माह पहले किए गए बैठक में प्रत्येक विभाग पर किए गए चर्चाओं का निष्पादन के विषय में भी चर्चा किया गया। अध्यक्ष द्वारा यह आश्वासन देते हुए कहा गया कि आगामी बैठक में पूर्व के बिंदुओं पर पदाधिकारी से चर्चा कर उसकी जानकारी आप लोगों को उपलब्ध करा दिया जाएगा एवं इसका निष्पादन कराया जाएगा।

## अमित कुमार पटेल बने भाजपा युवा मोर्चा के सह संयोजक, बधाइयों का तांता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा जनता युवा मोर्चा द्वारा आयोजित बैठक में डिहरी निवासी अमित कुमार पटेल को युवा मोर्चा के स्वच्छता एवं रचनात्मक प्रकोष्ठ के सह संयोजक मनोनीत की घोषणा किया गया। इसकी घोषणा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भारतेन्दु मिश्रा ने किया। अपने मनोनयन पर अमित कुमार पटेल ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जसवाल, मंत्री मंगल पाण्डेय, नितिन नवीन, जनक राम तथा प्रदेश महासचिव राजेश कुमार वर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी के द्वारा जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसको मैं पूरी जिम्मेदारी से निवर्हन करुंगा। एनडीए नेताओं ने बधाई दी है जिसमें पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव, संजय गुप्ता, कुंवर सिंह, गुड्डू पटेल, प्रकाश गोस्वामी, बसंत प्रसाद, राज पटेल, विनोद कुमार, युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष अभिषेक तिवारी, अरुण कुमार, अरुण पांडे, अशोक साह पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील चंद्रवंशी, पूर्व जिला के उपाध्यक्ष प्रमोद कुशवाहा, राजकुमार गुप्ता, संजय पटेल, गनी पटेल, मिट्ठू पटेल, जदयू के नगर अध्यक्ष हरिमोहन मुन्ना कुशवाहा, आरएलएम के बनारसी कुशवाहा, लोजपा के गोविंद कुमार गुप्ता, बजरंग दल के अमन चौधरी, अमर सिंह, चंदन गुप्ता, गोपी कुमार, ऋषि राज, पिंटू सोनी आदि शामिल हैं।

## सासाराम में फरोग-ए-उर्दू सेमिनार सह मुशायरा कार्यक्रम का होगा आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** निदेशक उर्दू निदेशालय मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के निदेश के आलोक में जिलाधिकारी के आदेशानुसार जिला उर्दू भाषा कोषांग रोहतास की ओर से आगामी 06 अगस्त को पूर्वाहन 10 बजे से अपराह्न 5 बजे तक मल्टी परपस हॉल फैजलगंज सासाराम में फरोग-ए-उर्दू सेमिनार-सह-मुशायरा एवं कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा जिसका उद्घाटन जिलाधिकारी उदिता सिंह द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त तथा अपर समाहर्ता सह अपर जिला दंडाधिकारी रोहतास होंगे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सह अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम और कार्यपालक दण्डाधिकारी सहित जिले के कई गणमान्य अतिथि शामिल होंगे।

## शहादत दिवस में भाग लेंगे सैकड़ों कार्यकर्ता

### राष्ट्रीय लोक मोर्चा की कुदरा इकाई की बैठक में लिया गया निर्णय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कुदरा।** प्रखंड मुख्यालय में स्थित मौर्या पैलेस में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रखंड इकाई की बैठक हुई। बैठक में पटना के मिलरगंज के हाई स्कूल के प्रांगण में पांच सितंबर को आयोजित जगदेव प्रसाद के शहादत दिवस में सैकड़ों कार्यकर्ताओं को भाग लेने का निर्णय लिया गया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि शहादत दिवस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह कुशवाहा भाग लेंगे। उपेन्द्र कुशवाहा संवैधानिक अधिकार सुधार रैली को लेकर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करेंगे। कार्यकर्ताओं ने बताया कि कार्यक्रम के लिए प्रखंड मुख्यालय से 25 बसें खुलेंगी। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी की भूमिका पर चर्चा किया गया। अध्यक्षता राजू कुमार व संचालन जैनेंद्र कुमार ने किया। बैठक में रिंकू सोनी, उमाशंकर सिंह, राजकुमार सिंह, रामयश कुशवाहा, रामनगीना सिंह, अशोक पासवान समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अहरांव गांव से देशी शराब जब्त, कारोबारी फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** आयरकोठा पुलिस ने थाना क्षेत्र के अहरांव गांव से शुक्रवार की रात छापेमारी कर शराब जब्त कर धंधेबाज पर प्राथमिकी दर्ज किया। इस संबंध में थानाध्यक्ष कुसुम कुमार केशरी ने बताया कि गुप्त सूचना पर अहरांव गांव में छापेमारी की गई जहां आलोक पासवान के घर से 10 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। इस दौरान आरोपित आलोक मौके से फरार हो गया। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

## फुटबॉल खिलाड़ियों की 36 सदस्यीय टीम बेगूसराय के लिए रवाना



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामपुर (कैमूर)।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल अंडर 15 बालक, अंडर 17 बालक/ बालिका प्रतियोगिता 2025 का आयोजन अलग-अलग जिलों में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु कैमूर के 36 सदस्यीय फुटबॉल खिलाड़ियों के दल को आज उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा कैमूर ओम प्रकाश कुमार ने हरि झंडी दिखा कर रवाना किया जिसमें अंडर 15 बालिका, यमुना भगत स्टेडियम खेल मैदान तेघड़ा, बेगूसराय के लिए टीम प्रबंधक पप्पू कुमार, कोच, रक्षा सिंह के नेतृत्व में 4 अगस्त से 6 अगस्त तक आयोजित खेल में भाग लेगे वहीं अंडर 15 बालक राजगीर खेल मैदान नालंदा के लिए टीम प्रबंधक इम्तियाज अली, कोच असरफ अली के नेतृत्व में 4 अगस्त से 8 अगस्त 2025 तक खेल में भाग लेंगे। इस मौके पर उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा ओम प्रकाश कुमार, शारीरिक शिक्षक डॉ तुलसी प्रसाद सिंह, दिलीप कुमार पटेल, शौकत अली गद्दी, प्रधानाचार्य, ददन राम, विनय श्रीवास्तव, रिंकू अंसारी ने खिलाड़ियों, टीम प्रबंधक, कोच को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ ही जीत की अग्रिम बधाई के साथ ही शुभ कामनाएं दी गई। साथ ही उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा ओम प्रकाश कुमार ने बताया कि राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल 2025 के विजेता टीम 64 वां सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 अंडर 17 बालक/ बालिका नई दिल्ली एवं फुटबॉल अंडर 15 बालक बेंगलुरु में 19 अगस्त से 28, अगस्त 2025 तक आयोजित राष्ट्रीय खेल में भाग लेंगे। इस आशय की जानकारी जिला खेल मिडिया प्रभारी डॉ तुलसी प्रसाद ने दी।

## कांवरिया का जत्था नौहट्टा से बक्सर के लिए रवाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड क्षेत्र के कैलाश गिरी धाम बड़वा पहाड़ी नौहट्टा गांव से 7 बस, 2 पिकअप, 10 ऑटो, 20 बाइक से लगभग 500 का कांवरियों का जत्था बक्सर गंगा जल लेने के लिए रविवार को रवाना हुआ। कांवरियों में महिला, पुरुष, बच्चे भगवा कपड़ा पहने भोलेनाथ के रंग में रंगे हुए दिखाई दिए। बोल बम, हर हर महादेव के नारे लगाते हुए सभी कांवरिया बस और अन्य वाहन से बक्सर के लिए रवाना हुए जहां बक्सर में पहुंचकर स्नान कर रात्रि में गंगा जल लेकर सभी कांवरिया और श्रद्धालु गाड़ी से ही सबार गढ़ दुर्गावती नदी सोमवार की अहले सुबह पहुंचेंगे जहां से फिर स्नान कर सभी कांवरिया और श्रद्धालु पैदल 7 किमी चलकर नौहट्टा गांव पहुंचेंगे जहां 500 फीट ऊंचाई पर स्थित कैलाश गिरी बडवा पहाड़ी शिव मंदिर में सावन का अंतिम सोमवारी को भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक और दर्शन पूजन करेंगे।

## भोजपुरी गायक रितेश पांडेय ने शाहाबाद सीट जीतने का किया दावा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोचस।** शाहाबाद प्रक्षेत्र में अपनी पूरे दम खम के साथ जन सुराज पार्टी उतरेंगी। उक्त बातें भोजपुरी लोक गायक सह जन सुराज नेता रितेश पांडेय ने रविवार को कोचस में कहीं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से शाहाबाद के 22 सीटें जीतने के लिए कार्यकर्ताओं का आह्वान किया। श्री पाण्डेय ने कहा कि बिहार की जनता नीतीश व लालू परिवार के राज से ऊब चुकी है। वे बिहार में बदलाव चाहती है। चूंकि बिहार में तीसरे विकल्प के रूप में जनसुराज एवं संस्थापक प्रशांत किशोर के तरफ देख रही है। इसलिए इस बदलाव में शाहाबाद प्रक्षेत्र का महत्व बढ़ जाता है। उसमें मेरी जिम्मेदारी अधिक हो जाता है क्योंकि मैं करगहर विधानसभा का निवासी हूं। मौके पर रोहतास जिला चुनाव प्रभारी आशुतोष तिवारी, राजीव रंजन सिंह, सतीश सिंह, संतबेलास सिंह, विनीत पाण्डेय, श्रीकांत पाण्डेय, डब्लू सिंह, बबलू सिंह, डीका लालू समेत अन्य मौजूद थे।

# सावन महोत्सव में रोटरी क्लब ने बिखेरा जलवा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** रोटरी क्लब नालंदा द्वारा सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. अवधेश कुमार ने की। संचालन एवं व्यवस्था की जिम्मेदारी क्लब की महिला रोटेरियन सदस्यों-सह इस कार्यक्रम के परियोजना निदेशक रो रीता कुमारी, विनीता देवी, पूजा कुमारी एवं सुनीता सिन्हा ने की। परियोजना निदेशक रो रीता कुमारी ने बताया कि यह एक पारिवारिक कार्यक्रम उत्साह, रंग और संगीत से भरपूर रहा, जिसमें क्लब के सभी सदस्यों ने अपने परिवार के साथ मिलकर उत्सव का आनंद उठाया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत गीत से की गई। इस मौके पर टीम वॉक, म्यूजिकल चेयर, रिबन डांस, पेपर फोल्ड डांस महिलाओं द्वारा रैंप वॉक बच्चों द्वारा गुब्बारा डांस और सेव योर बलून्स गेम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में युगल नृत्य और सुरों की महफिल ने समा बांध दिया। खेलों के संजोयक रो पवन किशोर ने सारे खेलों का आयोजन कराया। कार्यक्रम को अंजाम तक पहुंचाने में रो दिग्विजय नारायण सिंह, रो देवेंद्र प्रियदर्शी, रो आदित्य का भी योगदान सराहनीय रहा। तीन चरणों में लकी ड्रॉ ने लोगो का जोश बढ़ाने का काम किया। बच्चों, महिलाओं और सदस्यों ने खुलकर भाग लिया और सावन के इस सांस्कृतिक रंग को पूरे जोश से मनाया। रोटेरियन



कार्यक्रम में भाग लेते रोटेरियन



आयोजन में शामिल छात्र-छात्राएं

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय दौलाचक में सावन महोत्सव का आयोजन

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गिरियक प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय दौलाचक में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय में वृक्षारोपण, मेहंदी प्रतियोगिता, रैंप वॉक एवं फैंसी ड्रेस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। महोत्सव के मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने अलग अंदाज में छात्र छात्राओं ने भाग लिया और सभी ने एक से बढ़कर गजब की छटा बिखेरी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिशिर कुमार सिन्हा ने बताया कि इस तरह का आयोजन से छात्रा छात्राओं के आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होती है और अपनी बहुमुखी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का एक मंच मिलता है साथ ही कुछ नई सोच और नया सीखने का अवसर प्रदान करता है। इस तरह के आयोजन से शिक्षा के साथ-साथ अन्य विधाओं में भी सक्षम और योग्य बनाने में सहायता प्रदान करता है।

# तलाक के बाद पत्नी को गुजारा भत्ता न देने के आरोप में पति गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** तलाक के बाद न्यायालय द्वारा पत्नी को गुजरा भत्ता के लिए तय राशि नहीं दिये जाने के आरोप में पति गिरफ्तार कर लिया गया। कानूनी प्रक्रिया पूरा करते हुए जेल भेजा गया। उक्त जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने बताया विगत पांच वर्ष पूर्व हवीपुर गांव निवासी संतोष कुमार अपनी पत्नी से न्यायालय द्वारा तलाक लिया था। जहां पत्नी के गुजरा भत्ता के लिए प्रति महीने एक निश्चित राशि देने को भी कहा गया था। परन्तु पति संतोष कुमार आज तक यह राशि अपनी पत्नी को नहीं दे सका पा रहा था। हार कर पत्नी पुनः न्यायालय में इसकी शिकायत की। इसके बाद न्यायालय ने संतोष कुमार को गिरफ्तारी का वारंट जारी किया। इसके बाद पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# गायत्री शक्तिपीठ सोहसराय में रुद्राभिषेक व यज्ञ का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** सावन मास के अंतिम रविवार को गायत्री शक्तिपीठ, सोहसराय 17 नंबर, लघु सिंचाई विभाग, नालंदा में रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें लगभग 100 श्रद्धालुओं ने भाग लिया। हर वर्ष की भांति इस बार भी सावन के रविवार और सोमवार को रुद्राभिषेक व यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु वंदना व शिव वंदना से हुई। मुख्य याजक के रूप में दिव्या कुमारी एवं संगीता देवी ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन गोपाल कृष्ण खत्री ने किया। मिथिलेश कुमार विद्यार्थी ने कहा कि रुद्राभिषेक प्राणी मात्र के कल्याण के लिए किया जाता है। उन्होंने विभिन्न सामग्रियों के उपयोग से अभिषेक का महत्व भी बताया। एक कैंसर पीड़ित श्रद्धालु ने बताया कि यहां यज्ञ में शहद, घी, शक्कर व धान की आहुति देने से लाभ मिला है और वे निरंतर यज्ञ में भाग ले रहे हैं। विद्यार्थी ने कहा कि भारतीय संस्कारों में हर कर्मकांड वैज्ञानिक आधार पर आधारित है। रुद्राष्टाध्यायी में शिव से प्रकृति, प्राणी और चरित्र की पवित्रता के लिए प्रार्थना की जाती है। शिव आराधना के माध्यम से शांति, दीर्घायु और सत्कर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम में रवींद्र वर्मा, संजय, रेणु देवी, कमला देवी, सुमित्रा देवी समेत अनेक श्रद्धालुओं ने सहयोग किया।

# सामाजिक न्याय अधिकार सम्मेलन का कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला के गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र के रोह प्रखंड के मडरा गांव के मैदान में सामाजिक न्याय अधिकार सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांग्रेस के बिहार के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम थे। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर केपी सिंह चंद्रवंशी के साथ हजारों के संख्या में लोग पहुंचे। कार्यक्रम के संयोजक कांग्रेस के नेता डॉ केपी सिंह चंद्रवंशी प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम को बुके और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरुआत की गई। मंच संचालन आजाद पासवान द्वारा किया गया। वही इस न्याय अधिकार सम्मेलन में हजारों हजारों की भीड़ देखी गई। महिलाओं में भी उत्साह देखी गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश राम



ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी समाज के न्याय अधिकार दिलाने को लेकर जनता को जागरूक कर रहे हैं। कांग्रेस की सरकार अगर बनती है तो समाज के अंतिम पायदान तक लोगों को लाभ दिया जाएगा। माई बहन सम्मान योजना में 2500 एवं 200 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी। स्वास्थ्य बीमा में 25 लाख जनता को दिया जाएगा। 10 लाख दुर्घटना बीमा दिया जाएगा। बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कांग्रेस के आला कमान राहुल गांधी जी जो कर रहे हैं समाज के न्याय एवं अधिकार को लेकर हमेशा तत्पर रहते हैं। वहीं कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर केपी सिंह चंद्रवंशी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि गोविंदपुर की जनता अगर हमें मौका देती है तो मैं गोविंदपुर में विकास की गंगा बहाउंगा। जो काम आजादी के 78 साल तक नहीं हुआ है, वह काम में एक साल में गोविंदपुर को जनता को दिखा दूंगा। मौके पर डॉ परमानंद सिंह चंद्रवंशी, लक्ष्मण चौहान, बंटी केवट, अश्वनी चौहान, उपेंद्र शर्मा, सरगम सम्राट, दिनेश सिंह, रंजीत कुमार, अवध शर्मा, इकबाल सिंह, मुन्ना रावत, मुखिया अनुज सिंह चंद्रवंशी, मनोज सिंह चंद्रवंशी, जितेंद्र पासवान, ओमकार सिंह चंद्रवंशी, मिथिलेश चौहान, मुकेश मालाकार, मीना कुमारी तथा विनोद पासवान मौजूद थे।

# आहर में डूबकर बच्चे की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के मंझिला पंचायत अंतर्गत भलुआही गांव अवस्थित अम्बा आहर में डूबकर एक सात वर्षीय बालक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को भलुआही गांव निवासी इंद्रल मांझी के पुत्र रौशन कुमार अपने घर से कुछ दूरी पर अवस्थित आहर में खेलने के दरम्यान चला गया। गहरे पानी में चले जाने से उसकी डूबकर मौत हो गई। स्थानीय लोगों को किसी तरह शव को आहर से बाहर निकालकर इसकी सूचना पुलिस को दी गई है। घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया एवं स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा है।

# जातीय जनगणना में सभी जातियों की संख्या बढ़ी, नसबंदी केवल राजपूतों की हुई : आनंद मोहन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** बिहार की राजनीति में शेरे बिहार के नाम से मशहूर पूर्व सांसद आनंद मोहन ने कहा कि आज विषम परिस्थिति है। हमें आत्म चिंतन, आत्म मंथन और आत्म आलोचना करने की जरूरत है। जातीय जनगणना में हमारी संख्या कम बताई गई है। जबकि वे लोग पहले 7 प्रतिशत से ज्यादा थे और जातीय जनगणना में उन्हें केवल पौने 4 प्रतिशत बताया गया है। जनगणना में सभी जातियों की संख्या बढ़ी है। नसबंदी सिर्फ राजपूतों का हुआ है। लेकिन हम पराक्रम वाले लोग हैं। अगर राजपूतों को समाज और कुल के हित में आत्म मंथन करना है तो पार्टियों का पट्टा किनारे रखकर सम्मेलन में आएं तभी उन्हें उनका हक और अधिकार मिलेगा। वे रविवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के बैनर तले रजौली प्रखंड के अमावां संगत में



आयोजित क्षत्रिय शौर्य स्वाभिमान सम्मेलन सह केसरिया महापंचायत में उपस्थित राजपूत समाज के लोगों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। केसरिया महापंचायत में अमावां पहुंचे पूर्व सांसद आनंद मोहन को राजपूत परिवार के लोगों ने गुलदस्ता और तलवार भेंट कर एवं फूलों का माला पहनकर उनका जोरदार स्वागत किया। स्वागत के बाद पूर्व सांसद आनंद मोहन ने कहा कि हम राजतंत्र के लिए बदनाम हैं। लेकिन इसी वंश के लोगों ने देश को लोकतंत्र दिया है। राजपूत समाज के लोगों ने ही देश की लड़ाई में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। भारत से लेकर विदेशों की धरती अफगानिस्तान, वर्मा, नेपाल, श्रीलंका समेत कई अन्य देशों में हमारी हुकूमत हुआ करती थी। लेकिन आज हम सिमट कर रह गए हैं। इसका नतीजा यह है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल में राजपूत समाज के लोग राज्य मंत्री तक भी नहीं दिखते। सारा नकारा मंत्रिमंडल राजपूतों के लिए है जबकि ताकतवर और मालदार मंत्रिमंडल अन्य दूसरे लोगों के पास मौजूद है। इसीलिए केसरिया महापंचायत में लोग संकल्प लें कि जो हमारा सम्मान करेगा उसको हमारा समर्थन मिलेगा। उन्होंने कहा कि जहां भी राजपूत बाहुल्य विधानसभा और लोकसभा है। वहां की सभी की सभी सीटें आरक्षित कर दी गई है। इसीलिए संपत्ति की हकबंदी हो या सीलिंग एक्ट खत्म हो। बाबू वीर कुंवर सिंह बिहार की पहचान है। बिहटा एयरपोर्ट के निर्माण में राजपूतों ने अपनी जमीन दी है। इसलिए बिहटा एयरपोर्ट का नाम बाबू वीर कुंवर सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट होने का प्रस्ताव लाया जाए। क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सेंगर की अध्यक्षता में आयोजित केसरिया महापंचायत में बेगूसराय के डिप्टी चेयरमैन अनिता राय ने कहा कि हमारा राजपूत समाज जो क्षत्रिय कुल में जन्म लिया है। उसे कुछ कर के जाना है। क्षत्रिय कुल में जन्म लेने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ता है। लोगों को कदम से कदम मिलाकर चलना होगा। तभी उन्हें आजादी मिलेगी। करणी सेवा बिहार के अध्यक्ष बीके सिंह ने कहा कि राजपूत के लोग जो जहां हैं अपने काम में लग रहें। लेकिन जब कुल की अस्मिता की बात हो तो सब कुछ न्योछावर करने को तैयार रहें।

# घायल प्राध्यापक को टीएस कॉलेज हिसुआ ने की आर्थिक मदद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** हिसुआ नगर परिषद स्थित महाविद्यालय टीएस कॉलेज हिसुआ के प्राचार्य डॉ. पवन कुमार शर्मा के सकारात्मक प्रयास से टीएस कॉलेज हिसुआ के शिक्षक तथा शिक्षकेतर कर्मचारियों द्वारा केएलएस कॉलेज नवादा के रसायन विज्ञान विभाग के घायल शिक्षक डॉ शिवचंद्र कुमार के इलाज हेतु आर्थिक मदद के रूप में 63100 /- का सहयोग राशि सीएनएस हॉस्पिटल जाकर दिया गया, इससे पूर्व प्राचार्य डॉ पवन कुमार शर्मा, डॉ स्वर्गेश कुमार, तथा मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार 26 जुलाई को सीएनएस हॉस्पिटल पटना जाकर डॉ शिवचंद्र कुमार से मिले थे तथा टीएस कॉलेज, हिसुआ



से मदद का आश्वासन दिए थे। डॉ शिवचंद्र कुमार जिन पर कुछ दिन पहले कॉलेज से निकलते वक्त कुछ असामाजिक तत्व ने हमला कर दिया था, इलाज हेतु पटना स्थित सीएनएस हॉस्पिटल में भर्ती हैं। डॉ. शिवचंद्र कुमार जिनका कुछ दिन पहले ही मगध विश्वविद्यालय, बोधगया द्वारा केएलएस कॉलेज,नवादा में रसायन विज्ञान विभाग में असिस्टेंट प्रोफ़ेसर के रूप में नियुक्ति हुई है अभी इनका वेतन आदि मिलना शुरू नहीं हुआ है, जिससे इलाज में दिक्कत आ रही थी, शिक्षक संघ के अध्यक्ष तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.पवन कुमार शर्मा शिक्षक संघ सचिव डॉ. सुंदर शर्मा द्वारा महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के साथ संयुक्त बैठक कर डॉ.शिवचंद्र कुमार को आर्थिक मदद करने का फैसला लिया गया था। महाविद्यालय के लेखपाल डॉ शेखर द्वारा सीएनएस हॉस्पिटल जाकर आर्थिक मदद के रूप में जमा राशि डॉ शिवचंद्र कुमार को सौंपा गया।

# पीएम सूर्य घर योजना के कार्यालय का उदघाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** व्यापार मंडल परिसर में रविवार को पीएम सूर्य घर योजना के लिए प्रखंड आवेदन कार्यालय का उदघाटन किया गया। नवादा सेंट्रल कॉपरेटिव बैंक के निदेशक डॉ. प्रेमजीत कुमार बिपिन ने कार्यालय का उदघाटन किया। निदेशक ने कहा कि सौर ऊर्जा आज के समय की आवश्यकता है। इससे न केवल पर्यावरण को लाभ मिलता है बल्कि आम नागरिकों को बिजली के खर्च में भी भारी राहत मिलती है। यह देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है इस कार्यकम में डॉ. बीके भारती जोनल इंचार्ज ने कहा कि इस प्रखंड कार्यालय के द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का सौर पैनल सभी लाभुक को रूफ टॉप लगाकर उन्हें लाभ तो दिया ही जाएगा और इसके अलावा केंद्र सरकार की पीएम विश्वकर्मा योजना, कन्या स्मृद्धि योजना, जेड योजना, एमएसएम ई, सभी 15 योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य किया जाएगा। योजना के बारे में लोगों को विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला इंचार्ज सोफिल कुमार, जिला कार्य इंचार्ज रामाश्रय दास, ब्लॉक इंचार्ज विकास कुमार, जय प्रकाशदास, सतीश कुमार, राकेश रंजन, सब्जी उत्पादक सहकारी समिति लिमिटेड पकरीबरावां के अध्यक्ष मनोज मांझी, बीजेपी के मीडिया प्रभारी गोपाल कुमार, किसान सलाहकार अनिल सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# नवादा सदर विधायक का जनसंवाद कार्यक्रम शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** सदर विधायक नवादा विभा देवी का जनसंवाद सह विकास यात्रा सोमवार को सोनसिहारी पंचायत से प्रारंभ हो गया। सोनसिहारी पंचायत के पंचायत सरकार भवन में आयोजित जनसभा की अध्यक्षता वर्तमान मुखिया चंदन कुमार ने की जबकि संचालन का दायित्व प्रखर समाजसेवी अरुण कुमार ने किया। सावन के रिमझिम फुहारों के बीच विधायक विभा देवी ने उपस्थित जनसमुदाय का अभिवादन करते हुए व्यस्ततम कृषि कार्य छोड़ कर आये हुए तमाम किसानों के प्रति आभार व्यक्त किया और अपने कार्यकाल के महत्वपूर्ण उपलब्धियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि केवल सोनसिहारी पंचायत में 76 चापाकल लगाये गए हैं जो पेयजल संकट से निपटने का अभियान है। इसके अलावे सामुदायिक भवन, नाली गली, सड़क आदि का कार्य भी हो चूका है अथवा लंबित है। उन्होंने बताया कि लगभग एक करोड़ रूपये की विकास राशि सोनसिहारी पंचायत में व्यय किये गए हैं। सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, दिव्यांगों के लिए बैटरी चालित रिक्शा समेत अन्य लाभकारी योजनाओं को वास्तविक लाभुकों तक पहुंचाने के लिए दर्जनों नवयुवकों की टीम गांव गांव तक भेज कर निशुल्क ऑनलाइन आवेदन की सुविधा दी जा रही है। जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा राजवंशी ने कहा कि विभा देवी न केवल विधायक मद् की राशि बल्कि पारिवारिक आमदनी की राशि भी जनता की भलाई में लगाती रही हैं। पूर्व जिला परिषद सदस्य मथुरा यादव ने विभा देवी की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए इसे बिहार के तमाम विधायकों के लिए अनुकरणीय बताया। जनसंवाद यात्रा से पूर्व विधायक विभा देवी ने भदौनी और तकिया पर मुहल्ले में जाकर उन पीड़ित परिवार से मुलाकात की जिनके बच्चे पिछले दिनों नदी के तेज बहाव में डूबकर जान गवां बैठे थे। इस दौरान पीड़ित परिवार को आंशिक रूप से आर्थिक मदद की गई और भविष्य में हर तरह के सहयोग का भरोसा दिया गया। विधायक ने लोगों की मांग को देखते हुए नवादा में गोताखोर टीम की स्थाई तैनाती के लिए आवश्यक विभागीय पत्राचार और वार्ता करने का आश्वासन दिया।

# ढ़ाढर नदी से बरामद अज्ञात शव की हुई पहचान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** थाना क्षेत्र के ईचुआ करना पंचायत के सुल्तान पुर गांव के निकट ढ़ाढर नदी से बरामद अज्ञात शव की पहचान की गई है। समाचार पत्रों व इंटरनेट मीडिया पर रविवार को प्रकाशित खबर के बाद मृतक के स्वजन ने शव की पहचान की। मृतक की पहचान नारदीगंज थाना क्षेत्र के नंदपुर टोला कारु बिगहा निवासी स्व.लखन मांझी का 45 वर्षीय पुत्र रंजीत मांझी के रुप मे किया गया। बताया जाता है कि खबर मिलने के बाद रविवार को मृतक की पत्नी व स्वजन सदर अस्पताल नवादा पहुंचे और वहां में सुरक्षित रखा हुआ शव की पहचान की। मृतक की पत्नी ने कहा तीन चार दिन पहले धान का मोरी उखाड़ने के लिए कहकर घर से निकले थे, लेकिन वे वापस नहीं लौट कर आये। हम सभी परिवार इस बीच में काफी खोजबीन किया। लेकिन कहीं भी अता पता नहीं चल पाया। मीडिया में आई खबर के बाद शव की पहचान के लिए सदर अस्पताल नवादा गए । पहचान के बाद शव स्वजन को सुपर्द कर दिया गया है। इधर, घटना की खबर मिलते ही स्वजन व शुभचिंतकों में मातम छा गया। मृतक मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था।

# राजीवनगर में जनसुराज पार्टी द्वारा जनसभा आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज, नवादा।** बिहार विधानसभा के लिए होनेवाले चुनाव को लेकर नारदीगंज भी चुनावी माहौल में रंगता जा रहा है। लगभग सभी राजनीतिक दल अपनी-अपनी तरह से मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की हर संभव कोशिश करते देखे जा रहे हैं। राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी भी पीछे नहीं है। गांव स्तर पर जनसम्पर्क अभियान के बाद अब जनसभा भी कर रही है। शुक्रवार को हड़िया पंचायत के राजीवनगर में जनसुराज पार्टी द्वारा आयोजित जनसभा ने




अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं के लिए चिंता की लकीर खींच दी है। नवादा विधानसभा क्षेत्र से संभावित प्रत्याशी सरला कर्ण द्वारा आयोजित इस जनसभा में वक्ताओं ने स्थानीय जनसमस्याओं पर व्यापक संवाद, जनसुराज के विचारों का प्रचार-प्रसार और जनभागीदारी के माध्यम से वैकल्पिक राजनीति के माडल को मजबूत करने पर चर्चा की और लोगों से विचार आमंत्रित किये। बिहार बदलाव नाम से आयोजित इस जनसभा की शुरुआत महिला मंडली द्वारा सरस्वती वंदना से की गयी। जनसभा को डा.रवीन्द्र प्रसाद सिंह, इन्द्रदेव कुशवाहा, पार्टी के जिला मुख्य प्रवक्ता गुलाम मुस्तफा उर्फ महताब आलम, उमेश सिंह चन्द्रवंशी, अजय पंडित, विजय कुमार सिंह, गायत्री देवी और सामाजिक कार्यकर्ता एवं कलाकार कल्याण सिन्हा ने इस कार्यक्रम को जनसुराज की समावेशी और जनकेन्द्रित राजनीति की दिशा में एक सशक्त कदम बताया। इस तरह की व्यवस्था वाम दलों में हुआ करती थी। चर्चित वाममंथ नेता गणेश शंकर विद्यार्थी भी चंदा के ही पैसे से चुनाव लड़ा करते थे।

# स्वतंत्रता दिवस से पूर्व 14 अगस्त को होगी भाषण एवं पेंटिंग प्रतियोगिता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 14 अगस्त को प्रखंड सभागार रजौली में छात्र-छात्राओं की भाषण एवं पेंटिंग प्रतियोगिता होगी। बीसीओ सह प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राकेश कुमार व इंटर विद्यालय खनपुरा के सेवानिवृत प्राचार्य अनिल कुमार ने बताया कि 14 अगस्त को सुबह 11 बजे से प्रखंड सभागार रजौली में कक्षा 6 से 10 के बच्चों के बीच भाषण एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें पर्यावरण संरक्षण पर वर्ग 6 से 8 के छात्र-छात्राओं का भाषण प्रतियोगिता एवं मतदाता जागरुकता पर वर्ग 9 से 10 तक के छात्र-छात्राओं की भाषण प्रतियोगिता होगी। इसके अलावा पर्यावरण एवं मतदाता जागरूकता पर केवल बालिकाओं के लिए वर्ग 6 से 10 के बच्चों की पेंटिंग प्रतियोगिता होगी। प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में प्रत्येक विद्यालय से दो-दो प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। पेंटिंग के लिए रंग एवं चार्ट पेपर विद्यार्थी को स्वयं लेकर आना होगा।

# सिपाही भर्ती परीक्षा का अंतिम चरण शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** रविवार को केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा के अंतिम चरण का सफल आयोजन नवादा जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर किया गया। यह परीक्षा एकल पाली में दोपहर 12:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक आयोजित की गई। परीक्षा के अवसर पर प्रभारी जिलाधिकारी-सह-उप विकास आयुक्त,नवादा द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में गर्ल्स मिडिल स्कूल, प्रोजेक्ट कन्या इंटर स्कूल,अभ्यास मध्य विद्यालय, सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, केंद्राधीक्षक एवं वीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीटिंग प्लान, फ्रिस्किंग स्थल, सीसीटीवी कैमरे, जैमर, वीडियोग्राफी तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था का जायजा लिया गया। प्रभारी जिलाधिकारी ने परीक्षा कार्य में संलग्न सभी केंद्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों, पुलिस बल आदि को केन्द्रीय चयन पर्षद द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया। जिले के 23 परीक्षा केंद्रों पर कुल 7675 परीक्षार्थियों को सम्मिलित होना था, जिनमें से 6019 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 1656 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# डूबने से अधेड़ की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** करायपरशुराय थाना क्षेत्र के डियावां गांव में शनिवार की शाम डूबने से अधेड़ की मौत हो गयी। मृतक 50 वर्षीय कमलेश राम हैं। परिजनों ने बताया कि शनिवार की शाम वे गांव के पास तालाब किनारे शौच के लिए गये थे। इसी दौरान बारिश के कारण फिसलकर तालाब में गिर गये। काफी देर बाद भी घर नहीं लौटे तो उनकी खोजबीन होने लगी। इसी दौरान ग्रामीणों ने तालाब से उन्हें बाहर निकाला। इलाज के लिए उन्हें अस्पताल लाया गया। यहां से चिकित्सक ने उन्हें पटना रेफर कर दिया। पटना जाने के बाद चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## नदी में डूबने से बालक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** खुदागंज पावर ग्रिड के समीप नदी में डूबने से एक 14 वर्षीय बच्चों की मौत हो गई। मृतक बच्चा खुदागंज बाजार निवासी संतोष यादव का पुत्र रौशन कुमार बताया जाता है। घटना के सूचना मिलते ही खुदागंज थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर नदी में डूबे बच्चे का शव को निकालने का प्रयास किया। लेकिन नदी गहरा होने के कारण पुलिस एवं ग्रामीण हिम्मत नहीं जुटा सके। खुदागंज थानाध्यक्ष रवि कुमार गुप्ता ने बताया कि एनडीआरएफ टीम सूचना दिया गया है। उनके आने के बाद ही नदी में से शव को निकाला जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक रौशन कुमार खुदागंज पावर ग्रिड के समीप नदी मे मवेशी को धो रहा था। इस दौरान नदी में नहाने लगा और नहाते हुए गहरे पानी में चला गया। जिसमें डूबने से उसकी मौत हो गई।

# करंट लगने से एक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** हरनौत थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पचैरा में बिजली का करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक व्यक्ति पचैरा गांव के निवासी स्वर्गीय गरीबन रविदास के 48 वर्षीय पुत्र दौना रविदास हैं। मृतक के भाई ने बताया कि शनिवार की रात्रि में चापाकल पर पैर धोने के लिए गली में जा रहे थे। उसी दौरान 440 वोल्ट बिजली की नग्न तार उन पर गिर गया। जिससे वह बुरी तरह से झुलस गए। और उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना की सूचना पर थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची स्थानीय थाना के पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने के बाद शव को परिवार वालों को सौंप दिया।

# कुंडी तोड़ विद्यालय में चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** कतरीसराय थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कतरडीह में अज्ञात चोरों द्वारा विद्यालय के कुंडी तोड़ कर चोरी किए जाने कि लिखित सुचना थाना में दिया गया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनिता कुमारी ने अपने आवेदन में लिखा है कि एक बोरा चावल तथा पांच लिटर फिनाइल तथा दो लिटर हार्पिक चार कुर्सी एवं विद्यालय का कुछ अभिलेख गायब पाया गया है। उन्होंने अपने आवेदन में लिखा है कि बगल के गांव में रहने वाले शिक्षक मनोज कुमार को सुबह सुबह कुछ बच्चों द्वारा उनके घर में आकर विद्यालय कि कुंडी टुटे होने कि सुचना दिया गया। सुचना के



आधार पर उन्होंने मुझे तथा स्थानीय मुखिया रामजी पासवान को भी सुचित कर विद्यालय में बुलाया तथा मुखिया व ग्रामीण के साथ जा कर जायजा लिया था जो कि चोरी होने कि घटना साफ नजर आ रहा था। शिकायत पर थानाध्यक्ष सत्यम तिवारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला सत्य प्रतीत होता है। एक बोरा चावल तथा पांच लिटर फिनाइल तथा दो लिटर हार्पिक तथा चार कुर्सी कि चोरी हुई है।

# हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचेगा योजनाओं का लाभ : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 38 स्थित टीलहा धर्मशाला में शनिवार को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत पात्र लाभुकों के बीच राशन कार्ड वितरित किए गए। कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री और गया नगर विधायक डॉ. प्रेम कुमार ने लोगों को राशन कार्ड सौंपे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। राशन कार्ड मिलने पर लाभार्थियों ने खुशी जताई और कहा कि अब उन्हें सस्ते दर पर समय पर अनाज मिलेगा जिससे घर की रोजमर्रा की जरूरतें आसानी से पूरी होंगी। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार गरीबों को खाद्य सुरक्षा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि कोरोना काल से अब तक देश में 80 करोड़ लोगों और बिहार में लगभग 8 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना का मकसद यह है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सम्मानपूर्वक जीवनयापन का अवसर पहुंचे। सरकार की कोशिश है कि कोई भी पात्र व्यक्ति राशन कार्ड से वंचित न रहे। डॉ. कुमार ने कहा कि पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचे यही सरकार की प्राथमिकता है। इसी सोच के तहत वार्ड संख्या 38 में राशन कार्ड वितरण का यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।




## वांछित नक्सली गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** एसएसबी 29 वीं बटालियन गया जी के कमांडेंट मधुकर को विश्वनीय सूत्रों की आसूचना के आधार पर और निर्देशन में एवं सौरभ रंजन, सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में सी समवाय, डुमरिया एवं स्थानीय पुलिस थाना छकरबंधा के साथ संयुक्त/तलाशी अभियान के दौरान एक वांछित नक्सली रविन्द्र सिंह, पुत्र रघुनन्दन सिंह, ग्राम-मोनोबार, पोस्ट-गोटीबांध, थाना-डुमरिया, जिला- गया जी को ग्राम मोनोबार से गिरफ्तारी की गयी। गिरफ्तार नक्सली थाना छकरबंधा के कांड संख्या-03/18 21.04.18 धारा 147, 148,149, 307, 353, 26, 27, आर्म्स एक्ट और 17 सीएलए के तहत वांछित था।

## एक नजर

### 10 हजार रुपये और सोने की चेन छीनी, तीन पर मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच थाना क्षेत्र के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई जब ट्रैक्टर का डाला बनवाने नासरीगंज जा रहे तीन लोगों के साथ लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया। बाइक सवार अपराधियों ने उनके पास से 10 हजार रुपये नकद और एक सोने की चेन लूट ली। पीड़ितों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई जिसके आधार पर पुलिस ने तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज रविवार को कर लिया है। बताया जा रहा है कि पीड़ित इंद्रजीत कुमार पिता अशोक यादव ग्राम गुलरियाचक थाना मगध मेडिकल अपने दोस्त जितेंद्र कुमार के साथ बीते दिनों सुबह 11 बजे ट्रैक्टर की मरम्मत कराने नासरीगंज जा रहे थे, तभी कोंच थाना के समीप घटना घटी।

### दो पक्षों में मारपीट, 9 पर मामला दर्ज, 4 गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के कैथी गांव के बधार में खेत जोतने को लेकर विवाद हुआ। इस दौरान दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना में दोनों पक्षों की ओर से कुल 9 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। आंती थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों पक्ष इटवां गांव के रहने वाले हैं। घटना के संबंध में दो अलग-अलग कांड 88/25 और 89/25 दर्ज किए गए हैं जिसमें प्रथम पक्ष के संजय यादव, मनोज कुमार, रोहित कुमार, मित्रंजन कुमार, धर्मनाथ यादव एवं धनंजय यादव को अभियुक्त बनाया गया है। वहीं दूसरे पक्ष में ललेंद्र कुमार, शंकर कुमार एवं सत्येंद्र यादव को अभियुक्त बनाया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर रविवार दोपहर डेढ़ बजे जेल भेज दिया जिसमें संजय यादव, धर्मनाथ यादव, शंकर कुमार एवं ललेंद्र कुमार सभी के ग्राम इटवां का नाम शामिल है।

### किसान संघर्ष समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** किसान संघर्ष समिति के सदस्यों द्वारा खिजरसराय दांगी भवन में एक दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष मनन कुमार ने की। बैठक में राजस्व कर्मचारियों द्वारा किसानों को एलसी बनाने, डिमांड अलग करने और दाखिल खारिज करने में राजस्व कर्मचारी द्वारा किसानों से पैसों का डिमांड किया जा रहा है जिसका सुधि लेने वाला कोई नहीं है। किसानों ने सामान्य निधि पेंशन योजना नहीं बढ़ने का भी विरोध किया। किसान लगातार कह रहे हैं कि सामान्य निधि योजना की राशि को दुगना किया जाए, लेकिन सरकार पूरी तरह से लापरवाही और किसानों को नजरअंदाज कर रहा है जिससे नराज किसान महापंचायत रखे हैं, किसान एमएसपी गारंटी कानून नहीं बनने से किसानों को मेहनत का सही मजदूरी नहीं मिल पा रहा है। उनकी अनाज की कीमत नहीं मिल पाता है और अनाजों को औने-पौने दामों में बेचा जा रहा है। इन सभी मांगों को लेकर 21 अगस्त को विरोध प्रदर्शन रखा गया है। किसान नेताओं ने कहा है कि उसी तरह बिजली कर्मचारी भी बिजली चोरी के नाम पर लाखों रूपया वसूल रहे हैं। बैठक में श्यामदेव प्रसाद प्रदेश अध्यक्ष, सिद्धनाथ कुमार जिलाध्यक्ष, पंकज कुमार, प्रखंड अध्यक्ष, कृष्ण प्रसाद, सचिव, राहुल कुमार, जगलाल दास सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### सर्पदंश से तीन वर्षीय बच्चे की मौत, परिवार में कोहराम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** प्रखंड के मंडा पंचायत अंतर्गत गम्हरिया गांव निवासी रवि कुमार मांझी के तीन वर्षीय पुत्र अमन कुमार की सर्पदंश से दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात अमन घर में सो रहा था, तभी एक विषैले सांप ने उसे डंस लिया जब तक परिजन कुछ समझ पाते और बच्चे को इलाज के लिए ले जाते, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया है। परिवार के सदस्यों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही बहुजन समाज पार्टी के जिला प्रभारी नागेन्द्र नारायण यादव, मंडा पंचायत समिति के प्रतिनिधि राजेश पासवान तथा समाजसेवी रमेश कुमार ने पीड़ित परिवार से मिलकर गहरा दुःख व्यक्त किया है और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

### पतेड़ मंगरावां मुखिया डब्लू यादव हुए सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गयाजी)।** प्रखंड के पतेड़ मंगरावां पंचायत के मुखिया सह गया जिला मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार उर्फ डब्लू यादव को गांधी मैदान में नीति आयोग जिला प्रसाशन के द्वारा आयोजित आकांक्षी डोमेंस हेल्थ न्यूट्रीशन पर बेहतर कार्य करने के उपलक्ष में रविवार को आयोजित ब्लॉक कार्यक्रम समापन सम्मान समारोह में केंद्रीय लघु उद्योग मंत्री सह पूर्व मुख्यमंत्री माननीय जीतन राम मांझी के द्वारा मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनके सम्मानित होने पर प्रखंड एवं जिला के प्रबुद्धजनों ने बधाई दी है।

### जविप्र दुकानदारों की बहाली: 6 गांवों में वेकेंसी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** जन वितरण प्रणाली (पी डी एस) के तहत दुकानदारों की बहाली की प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह बहाली टिकारी अनुमंडल के अंतर्गत आने वाले 6 गांवों में की जा रही है। इच्छुक अभ्यर्थी 4 अगस्त से लेकर 19 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण कुंदन ने जानकारी देते हुए शनिवार को बताया कि चयन पूरी तरह पारदर्शी तरीके से किया जाएगा। जिन छह गांवों (कठौतिया, दौलतपुर, सिमरहुआ, भाम, अंगरा और लाव) में जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों के पद खाली हैं, वहां के योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक आवेदन देकर इस प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।उन्होंने यह भी बताया कि आवेदन की जांच, मेरिट सूची और चयन प्रक्रिया सभी नियमानुसार पूर्ण की जाएगी। स्थानीय ग्रामीणों से भी अपील की गई है कि वे समय पर आवेदन कर इस अवसर का लाभ उठाएं।

### पीएम का उद्बोधन सुनने को बढ़-चढ़ कर लिया हिस्सा

**गयाजी।** उत्तर प्रदेश राज्य के वाराणसी से भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का 20वीं किस्त का स्तांतरण लाभुक कृषकों के बचत खातें में किया गया।जिसमें गया जिले के कुल 281531 कृषकों के खातें में कुल 57.99 करोड़ रूपये का हस्तानांतरण हुआ है। विदित हो यह राशि कृषकों के खातें में कृषि कार्य हेतु प्रत्येक वर्ष चार-चार महीने के अन्तराल पर कुल 6000/- तीन किस्तों में हस्तांतरित होता है।

## रवींद्र प्रसाद को सरकारी वकील नियुक्त किए जाने पर गया जिला में हर्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** गया बार एसोसिएशन के सचिव रवींद्र प्रसाद को बिहार सरकार द्वारा सरकारी वकील नियुक्त किए जाने पर पूरे गया जिला में हर्ष की लहर है। इस महत्वपूर्ण पद पर उनकी नियुक्ति गया की अधिवक्ता के लिए गौरव का विषय है। इसी उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा एवं अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने उनके आवास पर जाकर उन्हें अंगवस्त्र, विष्णु चरण चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। सम्मान समारोह के दौरान डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि रवींद्र प्रसाद गया के वरिष्ठ अधिवक्ताओं में से एक हैं जिनकी साख न्यायिक क्षेत्र में सुदृढ़ एवं ईमानदारीपूर्ण रही है। खासकर सिविल मामलों में उनकी गहरी समझ और न्यायिक दृष्टिकोण ने उन्हें अलग पहचान दी है। वे न केवल एक कुशल अधिवक्ता हैं, बल्कि अधिवक्ताओं के संगठनात्मक हितों की रक्षा में भी सदैव अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं। डॉ. मिश्रा ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा उनकी योग्यता और अनुभव को पहचानते हुए उन्हें सरकारी वकील के रूप में नियुक्त किया जाना उनके दीर्घकालिक संघर्ष और समर्पण का प्रतिफल है।

## नगर निगम के निजी सफाईकर्मी की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** शहर में हत्या का मामला सामने आया है। बाइक सवार अपराधियों ने नगर निगम के निजी सफाईकर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना 2 जुलाई की रात शहर के डेल्हा थाना क्षेत्र की है। जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घटना की छानबीन में जुट गयी है। मृतक की पहचान बैरागी मोहल्ला निवासी मनीष मांझी के रूप में हुई है। मृतक की पत्नी सुनैना देवी ने कहा कि मनीष शनिवार की रात परिवार के ही सदस्य के घर में बाइक लगाकर अपने घर वापस आ रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार पांच की संख्या में अपराधियों ने पकड़ लिया। घर से थोड़ी दूर ले जाकर सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। पत्नी के अनुसार मनीष के सिर में तीन गोली मारी गयी है जिस कारण घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पत्नी ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। मृतक की पत्नी सुनैना देवी ने बताया कि मेरे पति मनीष मांझी की गोली मारकर हत्या की गई है। इस घटना के बाद अपराधी फरार है। 24 घंटे के अंदर अपराधियों की गिरफ्तारी की जाए। घटना में शामिल सभी अपराधी आसपास के ही रहने वाले हैं। इस घटना की पुष्टि डेल्हा थाने की पुलिस ने सोशल मीडिया के माध्यम से की है। पुलिस ने घटना को लेकर बताया कि प्रारंभिक अनुसंधान में यह बात सामने आई है कि घटना को अंजाम देने वाला बबलू मांझी एवं मृतक के परिवार के बीच पूर्व से आपसी विवाद चला आ रहा था। बताया जा रहा है कि तीन साल पहले मनीष मांझी के भाई ने प्रेम विवाह किया था। लड़की के परिवार के लोगों ने इसका विरोध किया था। हालांकि आपसी समझौते के बाद मामला सुलह हो गया था, लेकिन दो परिवार के बीच विवाद चल रहा रहा था। पुलिस ने बताया कि पूर्व के विवाद में मृतक के परिजन के आवेदन पर दर्ज किया गया था, जिसमें अभियुक्त बबलू मांझी को गिरफ्तार किया गया था।

**क्या कहते हैं थानाध्यक्ष**

हत्या मामले में एसएसपी के द्वारा इस कांड में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए सिटी एसपी के मार्गदर्शन में एसआईटी का गठन किया गया है। घटनास्थल से साक्ष्य लेने के लिए एफएसएल एवं तकनीकी टीम को बुलाया गया है। अबतक 03 अपराधियों की पहचान की गयी है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

## भाजपा की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** भारतीय जनता पार्टी, जिला-गया जी पूर्वी के अतरी विधानसभा अंतर्गत खिजरसराय दक्षिणी मंडल की ओर से आज होरमा पंचायत क्षेत्र के ग्राम बिन्दौल में मंडल अध्यक्ष दया शंकर की अध्यक्षता में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधानसभा विस्तारक अजीत वर्मा ने सभी पंचायत अध्यक्षों का सत्यापन करते हुए पन्ना प्रमुख नियुक्ति को संगठन की मजबूती का आधार बताया और इस दिशा में सक्रिय पहल करने का आह्वान किया। वहीं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक सिंह ने सभी आठ पंचायतों में संगठन को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आगामी बैठकें आयोजित करने हेतु संबंधित पंचायत प्रभारियों की नियुक्ति की घोषणा की। जिला मंत्री धर्मेन्द्र प्रसाद यादव ने कार्यशाला में उपस्थित सभी पंचायत अध्यक्षों एवं बूथ अध्यक्षों को संगठन द्वारा करणीय कार्यों को पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। अतरी विधानसभा संयोजक विजय कुमार सिंह ने सभी के बीच नये मतदाता सूची का वितरण करते हुए तत्संबंधी आवश्यक निर्देश दिया। बैठक का संचालन महामंत्री पंकज दांगी एवं धन्यवाद ज्ञापन अतिपिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष पवन कुमार चंदेल ने किया। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार, सहजानन्द दांगी, उपाध्यक्ष बलवंत सिंह, मनोज महतो, शशिकांत पांडेय, मंत्री संतोष जयंत, अनुराग मोहन, जिला आइ.टी.सेल के धीरज पाण्डेय, महिला मोर्चा अध्यक्ष बिरंज कुमारी, अति पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष संजीत मांझी सहित सभी पंचायतों के अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष एवं अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूर्व अध्यक्ष मनोज कुमार ने होरमा पंचायत में संगठन के उत्कृष्ट कार्य को सफलतापूर्वक करने हेतु पंचायत प्रमुख विकास कुमार विक्की एवं सह प्रमुख अंकित कुमार को सम्मानित किया। यह कार्यशाला संगठनात्मक मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रणनीति एवं जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई।



## विवाद का निपटारा आपसी सुलह समझौते से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** नेशनल लीगल सर्विस अथॉरिटी नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के द्वारा चलाए जा रहे हैं। 90 दिवसीय मध्यस्थता अभियान के तहत प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट कृति न्यायालय में लंबित कम्प्लेन वाद संख्या 163/17 विजय कुमार बनाम रवीन्द्र नाथ के बीच चल रहे विवाद का निपटारा रविवार को मध्यस्थता केंद्र गया में आपसी सुलह समझौते के द्वारा किया गया। मध्यस्थ शिशिर कुमार कौण्डिल्य ने बताया कि एक लाख रुपये के समझौते के तहत इस विवाद का निपटारा विशेष मध्यस्थता में किया गया।प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष मदन किशोर कौशिक के निर्देशानुसार 90 दिवसीय विशेष अभियान पूरे गया जिले में चल रहा है।

## तैलिक समाज ने किया वन भोज सह मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** ब्रह्मयोनी पर्वत के गणिनाथ धर्मशाला में तैलिक समाज द्वारा वन भोज सह मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लक्ष्मी देवी, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष अनीता देवी, पिंकी कुमारी, सरोज कुमारी, अनु देवी, सरिता देवी ने मिलकर सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया है। इसके साथ ही कार्यक्रम का आयोजन गया जिला दैनिक साहू सभा के गया जिला का अध्यक्ष संजू लाल के अध्यक्षता में किया गया। इस क्रम में प्रमुख रूप से सहयोग में हमारे समाज के जनवरी प्रसाद, मोहन प्रसाद गुप्ता, सुनील प्रसाद, सुरेश प्रसाद, अजय कुमार, किस कुमार गुप्ता, लक्ष्मण एवं समस्त गया जिला की तैलिक समाज के लोगों ने भाग लिया और साथ ही समाज के लोगों ने भारी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कर कर समाज में जो हो रहा है वन महोत्सव और मेहंदी कार्यक्रम का आनंद उठाया।

## इनर व्हील क्लब बोधगया ने किया सावन मिलन समारोह का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** इनर व्हील कल्ब ऑफ बोधगया में धूमधाम से मना सावन मिलन। इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रेसिडेंट डॉ वीणा पाठक ने सावन के महत्व पर प्रकाश डाला। महिलाएं हरी, हरी सारी में सजी हुई थीं। आई, एस. वो. रीना प्रसाद ने मोमबत्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बाद में विजेता को उपहार देकर सम्मानित किया गया। सभी सदस्य सावन के गीत पर झूम उठे। बाद में सभी सदस्य स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। इस अवसर पर प्रेसिडेंट डॉ वीणा पाठक तथा गोपा सिंहा ने सभी महिलाओं को उपहार देकर सम्मानित किया है। कार्यक्रम में क्लब की फाउंडर सरिता शरण, सेक्रेटरी अर्चना कुमारी, सरिता वर्मा, पूनम गुप्ता रीना प्रसाद, सुषमा प्रसाद हर्षा सिंहा, खुशबू वीणा सिंहा, आशा, अंजू आदि मौजूद थीं।

## ऐरू स्टील प्रोसेसिंग प्लांट का निर्माण कार्य शुरू कराने को लेकर चरणबद्ध संघर्ष का ऐलान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गया जिला अंतर्गत वजीरगंज प्रखंड के ऐरू ग्राम में 17 वर्षों से शिलान्यास किया हुआ स्टील प्रोसेसिंग प्लांट के निर्माण कार्य शुरू कराने हेतु अधिग्रहित जमीन पर जनजागरण एवं चरणबद्ध संघर्ष कार्यक्रम का ऐलान संघर्ष समिति के नेताओं, कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर किया। इस अवसर पर उपस्थित ऐरू स्टील प्रोसेसिंग प्लांट निर्माण कराओ संघर्ष समिति के संयोजक प्रो. विजय कुमार मिट्ठू, सह संयोजक चंद्रिका किशोर सिंह, रामाश्रय सिंह, टिंकू गिरी, सुरेश कुमार सिंह, राहुल कुमार सिंह, नवीन कुमार सिंह, प्रकाश कुमार, परशुराम सिंह, गोलू कुमार, राजा बाबू, काली मांझी, नगीना मांझी, गीता देवी, समफूल देवी, मुनि देवी, बसंती देवी, अरविंद सिंह, श्याम कन्हैया आदि ने कहा कि उद्योग विहीन गया जिला में सन 2008 में केंद्र की यूपीए सरकार के तत्कालीन केंद्रीय इस्पात मंत्री स्व. रामविलास पासवान द्वारा ऐरू स्टील प्रोसेसिंग प्लांट का शिलान्यास किया गया था। शिलान्यास के उपरांत अधिग्रहित 31 एकड़ जमीन का किसानों को मुआवजा मिलने, मिट्टी जांच में उपयुक्त पाए जाने के बाद जब सेल बोकारो द्वारा बिहार सरकार को निर्माण कार्य शुरू कराने के पहले एन ओ सी के लिए आवेदन दिया गया तो राज्य सरकार एवं स्थानीय अंचल अधिकारी तथा अनुमंडल पदाधिकारी ने एनओसी देने में पांच वर्षों की देरी कर दी जिसके बाद केंद्र में यूपीए की जगह 2014 से एनडीए की सरकार बन गई।



## वजीरगंज में भाजपा नेता के निधन पर शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गयाजी)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एरू गांव निवासी भाजपा नेता 65 वर्षीय युगल किशोर सिंह का निधन रविवार को उनके पैतृक आवास पर हो गई। उनके पुत्र मुकेश कुमार बताया कि वे लम्बी बीमारी से ग्रसित थे जिनकी रविवार की सुबह अचानक तबियत बिगड़ गई और उनका देहान्त हो गया। वे विगत 25 वर्ष पूर्व से भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता रहे हैं। भाजपा नेता के निधन की सूचना पर विधायक वीरेन्द्र सिंह, भाजपा नेता जितेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ फन्नू बाबू, राजेश कुमार, रविन्द्र कुमार रवि एवं अन्य ने उनके घर जाकर अंतिम दर्शन किया। वहीं जिप सदस्य छोटू दास, पैक्स अध्यक्ष धीरेन्द्र वर्मा, संजय सिंह, मनीष कुमार सहित बबलू सिंह, सुबोध सिंह, सतीश सिंह, अभय सिंह, आलोक कुमार, मांगो सिंह, प्रभाकर कुमार, रंजीत पांडेय, मिथलेश शर्मा, अरविन्द लोहानी एवं अन्य ने गहरी संवेदना प्रकट की है

## जिले के शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए अलग-अलग फ्यूज कॉल सेंटर को किया गया फंक्शनल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के डीएम शशांक द्वारा विद्युत विभाग की समीक्षा अधीक्षण अभियंता बिजली विभाग, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण, कार्यपालक अभियंता शहरी /मानपुर/ शेरघाटी /टिकरी इत्यादि के साथ की गई। समीक्षा के क्रम में डीएम ने अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिया है कि प्राय आम जनता की शिकायत प्राप्त होते रहती है कि बिजली काटने पर उसकी जानकारी नहीं मिल पाती है या बिजली काटने के पूर्व ही सूचना लोगों को मिलनी चाहिए इसके अलावा यदि बिजली किसी क्षेत्र में कटी रहती है तो उसकी जानकारी किन को देने से उस क्षेत्र में बिजली आपूर्ति प्रारंभ होने लगेगी इत्यादि समस्याओं की बिंदुओं पर डीएम गंभीरता से लेते हुए यह निर्णय लिया है कि क्षेत्र की उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु उपभोक्ताओं के द्वारा विद्युत संबंधित शिकायतों को दर्ज कराने और उनके ससमय निराकरण हेतु उपलब्ध सभी माध्यमों का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाय। क्षेत्र में विद्युत उपभोक्ताओं के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किये जाए। उपभोक्ताओं को अपने क्षेत्र के फ्यूज कॉल सेंटर और नियंत्रण कक्ष की जानकारी हो। उनके द्वारा शिकायत दर्ज कराने के उपरांत अधिकत्तम 04 घंटे में शिकायतों का निष्पादन किया जाना है। यह सभी फ्यूज कॉल सेंटर और नियंत्रण कक्ष 24गुणे 7 कार्यरत होंगे जहां पर्याप्त फ्यूज कॉल गैंग उपलब्ध होगी। ससमय शिकायतों के निष्पादन नहीं होने की स्थिति में वे अपने क्षेत्र में विद्युत कार्यपालक अभियंता से सम्पर्क कर सकते है। संदीप प्रकाश, विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत आपूर्ति अंचल, गया ने बताया कि क्षेत्र में तार-पोल-ट्रॉसफार्मर लगाने के कार्य किये जा रहे है। क्षेत्र में कई नए विद्युत शक्ति उपकेन्द्रों का निर्माण हो रहा है। इससे उपभोक्ताओं को निर्वाध एवं बेहतर विद्युत आपूर्ति की जा सकेगी। गया शहरी क्षेत्र के चंदौती, ए0पी0कॉलोनी, मगध कॉलोनी, कटारी, इस्लामगंज, गाँधी मैदान, स्वराजपुरी, करीमगंज, सिविल लाईन, पीरमंगुर रोड, रमना रोड, जी0बी0रोड क्षेत्र के आम जनों के लिए फ्यूज कॉल सेंटर पावर हाउस है, जिसका कंट्रोल रूम नंबर 9262595905 है।

## बागेश्वरी रेलवे गुमटी के समीप शव को रख किया प्रदर्शन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बिहार के गया जी शहर के डेल्हा थाना क्षेत्र के अंदर बैरागी में बीते देर रात एक युवक की चार की संख्या में रहे अपराधियों ने गोली मार कर हत्या कर देने के घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने रविवार को दोपहर 3:00 बजे बागेश्वरी रेलवे गुमटी के समीप शव को रखकर सड़क मार्ग को जाम कर दिया। आक्रोशित लोग टायर जलाकर प्रदर्शन कर रहे थे। सड़क जाम कर रहे लोगों की मांग थी कि मृतक मनीष मांझी की हत्या करने वाले अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने की मांग कर रहे थे और आक्रोशित परिजन मुआवजा की मांग कर रहे थे। आक्रोशित लोगों ने तकरीबन 1 घंटे तक सड़क को जाम रखा जिसके बाद दोनों तरफ से गाड़ियों की लंबी लाइन लग गई और आवागवन ठप हो गया। सड़क जाम होने की सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।

## दांगी कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री डॉ.संतोष सुमन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बांकेबाजार।** रविवार को प्रखंड के मोनेया पंचायत के ग्राम मोनेया में बिहार सरकार के लघु सिंचाई एवं आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ.संतोष सुमन प्रखंड स्तरीय दांगी कार्यक्रम में शामिल होकर आयोजित सभा का शोभा बढ़ाया। कार्यक्रम में दांगी भाइयों ने मंत्री डॉ.संतोष सुमन को फूल माला एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। सभा को संबोधित करते हुये अखिल भारतीय दांगी क्षत्रिय संघ शाखा बांकेबाजार के अध्यक्ष महेश्वर प्रसाद सिंह ने बताया कि हमारे विधायिका और मंत्री का आज देन है कि बांकेबाजार नवाडीह मोरहर नदी पर पुल की शिलान्यास हो पाया है और जल्द ही लगने वाला है। इस



अवसर पर रणविजय सिंह वस्त्र, दिनेश प्रसाद बुके तथा कौशल किशोर ने माला देकर मंत्री संतोष सुमन का स्वागत किया। इस पर मंत्री ने लोगों को आश्वस्त किया कि पुल का शिलान्यास हो गया है और एक माह के अंदर काम भी चालू हो जायेगा। मौके पर जेडीयू प्रखंड अध्यक्ष रामबरन कुमार दांगी, रंजय कुमार दांगी, हरिवंश प्रसाद दांगी, शैलेश कुमार दांगी, डॉ.विजय कुमार दांगी, अनिल कुमार दांगी, विजय शंकर दांगी, उप मुखिया पति संदीप कुमार सहित सैकड़ों दांगी संघ के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे।

संपादकीय

# भगवा आतंक का नरेटिव खारिज

महाराष्ट्र के माले गांव ब्लास्ट केस मे 17 साल बाद आए विशेष एनआईए अदालत के फैसले ने जहां भगवा आतंकवाद' के सुनियोजित नरेटिव को खारिज कर दिया है, वहीं इस सवाल को जिंदा रखा है कि इस आंतकी हमले में 6 लोगों को आखिर किसने मारा? पूरी जांच इस मामले में मौन लगती है। हालांकि इस मामले में बरी आरोपी और भाजपा इसलिए खुश हैं कि तत्कालीन संप्रग सरकार ने परोक्ष रूप में देश में जारी आतंकवाद का बचाव करने के लिए 'भगवा आतंकवाद' जैसा नरेटिव गढ़ा, इससे यूपीए और खासकर कांग्रेस को राजनीतिक फायदा मिलने की बजाए भारी नुकसान ही हुआ, जिसकी भरपाई अभी भी नहीं हो पा रही है। अदालत ने अपने फैसले में साफ कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। यह ठीक भी है कि अगर मालेगांव ब्लास्ट में कथित भगवा आतंकवाद था तो एक पखवाड़े जिस मुंबई बम ब्लास्ट कांड में सभी आरोपी बरी हुए, वो क्या था? मालेगांव बम ब्लास्ट की जांच पहले महाराष्ट्र एटीएस कर रही थी, जिसके तत्कालीन मुखिया हेमंत करकरे को मालेगांव ब्लास्ट के कुछ महीने बाद ही हुए मुबंई आतंकी हमले में मार दिया गया था। 2011 में इसकी जांच एनआईए को सौंपी गई। मालेगांव की एक मस्जिद के बाहर हुए आतंकी हमले में 6 लोगों की मौत और सौ से ज्यादा लोग घायल हुए थे। इस कांड के सबसे चर्चित आरोपी साध्वी प्रज्ञा सिंह और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित थे, जिन पर आरोप था कि वो संघ से जुड़े हैं और उन्होंने 'अभिनव भारत' नामक संस्था बनाकर हिंदू युवाओं को आतंकी हमले की ट्रेनिंग दी थी। इस मामले में चार एजेंसियां बदलीं। 2014 में दिल्ली में मोदी सरकार के सत्तासीन होने के बाद इस बात का अंदाजा हो गया था कि इस मामले में दोष सिद्ध करना कठिन होगा। इस प्रकरण के 323 गवाहों में से 37 अदालत में बयान से मुकर गए। अपना फैसला सुनाते हुए विशेष एनआईए जज ने कहा कि सरकारी पक्ष यह तो साबित कर सका कि बम विस्फोट हुआ था, लेकिन यह साबित नहीं कर पाया कि बम मोटरसाइकिल पर ही लगाया गया था।

दावा किया गया था कि लेफ्टिनेंट कर्नल पुरोहित कश्मीर से आरडीएक्स लेकर आए थे, लेकिन इसका कोई ठोस सबूत नहीं मिला। यह भी साबित नहीं हो सका कि पुरोहित ने अपने घर पर बम तैयार किया था। रमज़ान की वजह से उस समय इलाक़ा बंद था, और यह स्पष्ट नहीं हो सका कि मोटरसाइकिल वहाँ कैसे पहुँची। ऐसा कहा गया कि इंदौर, उज्जैन और नासिक जैसे स्थानों पर साज़िश रचने के लिए बैठकें हुई थीं, लेकिन ऐसी बैठकों का कोई विश्वसनीय प्रमाण अदालत में पेश नहीं किया जा सका। अदालत ने यह भी पाया कि जाँच अधिकारियों ने फ़ोन रिकॉर्ड की जांच के लिए अनुमति नहीं ली थी। अभिनव भारत मामले में पुरोहित, राहिरकर और उपाध्याय के बीच कुछ वित्तीय लेनदेन के प्रमाण तो मिले, लेकिन यह साबित नहीं हो सका कि उस धन का उपयोग आतंकवादी गतिविधियों में किया गया था। कोर्ट ने कहा कि यह यह एक गंभीर अपराध था, लेकिन फैसला सुनाने के लिए ठोस और निर्विवाद प्रमाण की आवश्यकता होती है। केवल नैतिक आधार पर किसी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। इस फैसले के खिलाफ एनआईए बड़ी अदालत में जाएगी, इसकी संभावना नहीं है, लेकिन पीड़ित पक्ष जा सकता है। अलबत्ता इस फैसले के बाद कांग्रेस नेताओं के सुर जरूर बदल गए हैं। जिस भगवा आंतकवाद की बात उन दिनों जोर-शोर से कही जा रही थी, उस पर ये नेता अब दाएं बाएं हो रहे हैं। क्योंकि भगवा आतंकवाद के लपेटे में सभी हिंदुओं को लेना बहुत बड़ी राजनीतिक चूक थी।

# अमेरिकी हस्तक्षेप से मुक्ति की दिशा

**वास्तव में शांतिप्रिय मध्य एशिया में तबाही,बर्बादी व अशांति की इबारत लिखने वाला अमेरिकी संरक्षित इस्राईल ही है। 7 अक्टूबर 2023 को जब से दक्षिणी इस्राइल पर हमास द्वारा हमले किये गये और 251 लोगों को बंधक बनाया गया उसके बाद इस्राईली सेना (आईडीएफ़) ने हमास की आतंकी कार्रवाई के जवाब में जिस तरह ग़ाज़ा पट्टी में बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई शुरू की और आज तक जारी है उसने इस्राईल व अमेरिका के अमानवीय चेहरे को पूरी तरह उजागर कर दिया है। ग़ाज़ा में बर्बरता और अत्याचार की हर सीमाओं को इस्राईल पार कर चुका है। रिहाइशी बस्तियों अस्पतालों स्कूलों शरणार्थी कैंपों धर्मस्थलों आदि को खंडहर बनाने के बाद अब भूखे निहत्थों को मार रहा है।**

तनवीर जाफ़री

इस्राईल को लंबे समय से मिल रहे अमेरिकी संरक्षण से वैसे तो पूरी दुनिया भली भांति वाक़िफ़ है। परन्तु अब इस अमेरिकी संरक्षण के चलते इस्राईल ख़ासतौर से ग़ज़ा में जिस तरह मानवता की लगातार बर्बर हत्या करता जा रहा है उसे देखकर दुनिया के अधिकांश देश न केवल इस्राईल के ख़िलाफ़ होते जा रहे हैं बल्कि उन्हें इस्राईल को दिया जाने वाला अमेरिकी संरक्षण भी अब रास नहीं आ रहा है। वास्तव में शांतिप्रिय मध्य एशिया में तबाही,बर्बादी व अशांति की इबारत लिखने वाला अमेरिकी संरक्षित इस्राईल ही है। 7 अक्टूबर 2023 को जब से दक्षिणी इस्राइल पर हमास द्वारा हमले किये गये और 251 लोगों को बंधक बनाया गया उसके बाद इस्राईली सेना (आईडीएफ़) ने हमास की आतंकी कार्रवाई के जवाब में जिस तरह ग़ाज़ा पट्टी में बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई शुरू की और आज तक जारी है उसने इस्राईल व अमेरिका के अमानवीय चेहरे को पूरी तरह उजागर कर दिया है। ग़ाज़ा में बर्बरता और अत्याचार की हर सीमाओं को इस्राईल पार कर चुका है। रिहाइशी बस्तियों अस्पतालों स्कूलों शरणार्थी कैंपों धर्मस्थलों आदि को खंडहर बनाने के बाद अब भूखे निहत्थों को मार रहा है।



ख़बर है कि ग़ाज़ा में ग़ाज़ा ह्यूमनटेरियन फ़ाउंडेशन (जीएचएफ़) की ओर से बांटा जा रहा खाना बहुत कम लोगों तक पहुंचने के कारण वहां भुखमरी की स्थिति पैदा हो गई है। कई बार ऐसी अमानवीय घटना भी घटी कि जब जीएचएफ़ के भोजन वितरण केंद्र पर मदद लेने के लिए भूख से तड़पते बच्चे व महिलायें भोजन की ख़ातिर आकर लाइन में लगे उसी समय उन पर इसराइली सुरक्षा बलों ने गोलियां चला दीं जिससे दर्जनों लोग मरे गये। कई बार इस्राईली सुरक्षा बलों द्वारा भूखे शरणार्थियों को खाना देने के लिये बुलाया गया,बाद में लाइन में खड़े होने के बाद उनपर गोलीबारी कर अनेक लोगों की हत्या कर दी गई। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय के अनुसार पिछले दो महीनों में भोजन हासिल करने की कोशिश कर रहे एक हज़ार से अधिक फ़िलस्तीनी, इस्राईली हमलों में मारे जा चुके हैं। इनमें से कम से कम 766 लोगों की मौत उन चार वितरण केंद्रों के आसपास हुई है, जिन्हें जीएचएफ़ संचालित करता है। इसके अलावा 288 लोगों की मौत संयुक्त राष्ट्र और अन्य सहायता केंद्रों के पास हुई है। सौ से अधिक सहायता संगठनों और मानवाधिकार समूहों का कहना है कि ग़ाज़ा में बड़े पैमाने पर मानव जनित भुखमरी फैल रही है। अंतरराष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा विशेषज्ञों ने इन हालात के लिए इस्राईल को ज़िम्मेदार ठहराया है क्योंकि वही फ़िलस्तीनी क्षेत्रों में भेजी जाने वाली सप्लाई को नियंत्रित करता है।

आम लोग ही नहीं बल्कि ग़ाज़ा में युद्ध की रिपोर्टिंग करने वाले अनेक स्थानीय व विदेशी पत्रकार व उनका परिवार भी भुखमरी का सामना करने को मजबूर है। कुछ पत्रकार तो इस हद तक असहाय हो चुके हैं कि वे अपने मासूम असहाय बच्चों व परिवार के लिए भोजन तक नहीं जुटा पा रहे हैं। ग़ाज़ा में काम करने वाले कुछ पत्रकार तो अपनी जान की बाज़ी लगाकर लाइनों में लगकर चैरिटी किचन से खाना ले रहे हैं। उनके बच्चे दिन में सिर्फ़ एक बार दाल, चावल या पास्ता खा कर गुज़ारा करने को मजबूर हैं। कुछ पत्रकारों ने तो यहाँ तक बताया कि उन्होंने भूख दबाने के लिए नमक मिला पानी पीना शुरू कर दिया है। ज़रा सोचिये जिन पत्रकारों की बदौलत दुनिया को इस्राईली सेना के ज़ुल्म और ग़ाज़ा के लोगों की बेबसी व बर्बादी की ख़बर सुनाई व दिखाई देती थी अगर वही पत्रकार व उनका परिवार सुरक्षित नहीं रहेगा तो अमेरिकी संरक्षित इस्राईल के काले करतूत दुनिया तक कैसे पहुंचेंगे ? इन्हीं हालात में अनेक अंतर्राष्ट्रीय राहत संगठन और मानवाधिकार समूह बड़े पैमाने पर भुखमरी फैलने की चेतावनी दे रहे हैं।

एक ओर तो इस्राईल-अमेरिका फ़िलिस्तीनियों के अधिकारों की लड़ाई लड़ने वाले हमास को आतंकी संगठन बताकर उसकी आड़ में पूरे फ़िलिस्तीन पर नियंत्रण हासिल करने की फ़िराक़ में है तो दूसरी ओर यही इस्राईल-अमेरिका अहमद हुसैन अल-शरा, जिसे अबू मोहम्मद अल-जुलानी के नाम से भी जाना जाता है,को सीरिया में बशर अल असद का तख्ता पलटकर उसे अंतरिम राष्ट्रपति बना देता है। यह वही जुलानी है जिस पर कुछ समय पहले तक अमेरिका ने दस मिलियन डॉलर का ईनाम घोषित कर रखा था। क्योंकि वह अलक़ायदा से जुड़ा था। 2017 में उसने अन्य कई आतंकी संगठनों के साथ मिलाकर हयात तहरीर अल-शाम ॥ज्ञस् नामक संगठन बना लिया था। अमेरिका ने ॥ज्ञस् को आतंकी लिस्ट में भी रखा था। अब अमेरिका ने उसके संगठन ॥ज्ञस् को आतंकी लिस्ट से भी हटा दिया है । गोया जो व्यक्ति अमेरिका के हर विभाजनकारी इरादों में साथ रहे वह उसके लिए आतंकवादी नहीं और जो उसके और इज़रायल के ख़िलाफ़ हो या अपनी स्वतंत्र नीति रखता हो वह आतंकवादी घोषित हो जाता है चाहे वह ईरान जैसा संप्रभुता संपन्न राष्ट्र ही क्यों न हो ?

बहरहाल, अमेरिका को सर्वशक्तिमान मानने वाले व अमेरिकी रहमो करम पर जीने वाले कुछ अमेरिकी पिट्ठू देशों की शासकों व तानाशाहों की बात छोड़ दें तो पूरा विश्व ख़ासकर मध्य एशियाई देश इस बात को समझ चुके हैं कि अब समय आ गया है कि किसी भी तरह इस्राईल को सबक़ सिखाया जाये और मध्य एशियाई क्षेत्रों को अमेरिकी हस्तक्षेप से मुक्ति दिलाई जाये। ईरान का भय दिखाकर सुन्नी शिया मतभेदों को बढ़ावा देना दरअसल अमेरिका की सुन्नी देशों के प्रति हमदर्दी नहीं बल्कि एक बड़ी चाल है जिसे मुस्लिम जगत अब बख़ूबी समझ चुका है। मुस्लिम जगत जुलानी की आड़ में सीरिया को बर्बाद करने की साज़िश को भी समझ रहा है। परन्तु ख़बर यह भी है कि सीरियाई जनता भी अमेरिका इस्राईल के सीरिया के प्रति नापाक इरादों को भांप कर एकजुट होने लगी है। मध्य एशियाई क्षेत्रों को अमेरिका से मुक्त कराने के शुरुआत संकेत मिलने लगे हैं। ईरान ने गत 23 जून को क़तर की राजधानी दोहा स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे अल-उदीद एयरबेस पर मिसाइलें दाग़ कर तथा इराक़ और सीरिया में भी अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बना कर यह चेतावनी दे दी है कि अमेरिकी सैन्य अड्डे मध्य एशियाई क्षेत्रों में सुरक्षित नहीं हैं। साथ ही इराक़ी प्रतिरोध समूहों, विशेष रूप से कताइब हिज़्बुल्लाह, ने इराक़ी सरकार को यह चेतावनी जारी कर दी है कि वह अमेरिकी सेना को दो महीने के भीतर बगदाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा और ऐन अल-असद बेस जैसे इराक़ी सैन्य ठिकानों, से पूरी तरह से हटने के लिए कहे। इराक़ी प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी को इस संबंध में पहले से सहमति के आधार पर कार्रवाई करने के लिए 'पर्याप्त समय' दिया गया था, और अब केवल दो महीने बचे हैं। यानी सितंबर 2025 के अंत तक अमेरिका को इराक़ छोड़ने की चेतावनी दे दी गयी है। इस चेतावनी में यह भी कहा गया है कि अगर यह कार्रवाई समय सीमा में पूरी नहीं हुई, तो उनकी 'अलग राय' होगी, हालांकि उन्होंने 'अलग राय' को स्पष्ट नहीं किया।इस तरह की अनेक छोटी बड़ी घटनाओं व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हो रही गोलबंदी को देखते हुये इस निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है कि मध्य एशिया अमेरिकी हस्तक्षेप से मुक्ति के प्रयास की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

अध्यात्म

## ईमानदारी और दया की जीत

राम, कृष्ण और मोहन तीन भाई थे, जो एक छोटे से गाँव में रहते थे। इनकी आर्थिक हालत बहुत कमजोर थी, और वे दिन-रात एक फैक्ट्री में मेहनत-मशक्कत करते थे ताकि अपने परिवार का पेट पाल सकें। एक दिन, थकान से भरे ये भाई अपने गाँव के प्राचीन मंदिर में गए। उन्होंने भगवान से प्रार्थना की कि उनकी गरीबी दूर हो और वे अमीर बनें। अचानक, एक चमत्कार हुआ—भगवान की मधुर आवाज़ गूंजी। उन्होंने कहा, हे मेरे भक्तों, तुम सभी सुनहरी नदी की ओर जाओ और वहाँ मंदिर के पवित्र गंगाजल की तीन बूँदें डालो। ऐसा करते ही नदी सोने में बदल जाएगी, और तुम अमीर हो जाओगे। लेकिन याद रखो, तुम्हें अकेले-अकेले जाना होगा। अगर पानी शुद्ध नहीं रहा, तो तुम पत्थर में बदल जाओगे।

अगले दिन राम ने मंदिर से गंगाजल का एक घड़ा लिया और सुनहरी नदी की ओर चल पड़ा। नदी बहुत दूर थी, और रास्ते में कोई सड़क नहीं थी, सिर्फ जंगल और पथरीले रास्ते थे। थोड़ी देर बाद उसे प्यास लगी, और उसने गंगाजल में से थोड़ा पानी पी लिया। तभी एक प्यासा कुत्ता दौड़ता हुआ आया और बोला, रामू, मुझे बहुत प्यास लगी है। अगर तुम मुझे पानी नहीं दोगे, तो मैं मर जाऊंगा। राम हंसा और बोला, मुझे इससे कोई मतलब नहीं। सुनहरी नदी दूर है, और अगर मैं तुम्हें पानी दूंगा, तो मेरा घड़ा खाली हो जाएगा। वह आगे बढ़ गया। अगले दिन एक गरीब बूढ़ा आदमी रोता हुआ आया और पानी माँगा, लेकिन राम ने उसे भी मना कर दिया। तीसरे दिन एक छोटा बच्चा सड़क पर प्यास से तड़प रहा था, पर राम का दिल नहीं पसीजा। आखिरकार नदी के पास पहुँचकर उसने घड़े से पानी डालने की कोशिश की। नदी ने कहा, राम, तुमने गंदा पानी लाया है। तुमने प्यासों की मदद नहीं की, इसलिए तुम पत्थर बन जाओ। राम की चीखें गूंजी, और वह पत्थर में बदल गया। राम की वापसी न होने पर कृष्ण और मोहन चिंतित हुए। कुछ दिनों तक इंतजार करने के बाद कृष्ण ने कहा, मुझे लगता है राम को कुछ हो गया। मैं जाऊंगा। वह भी गंगाजल लेकर निकला। रास्ते में उसे वही कुत्ता, बूढ़ा आदमी और बच्चा मिले। लेकिन उसने भी उनकी मदद नहीं की और खुद पानी पी लिया। नदी के पास पहुँचकर जब उसने पानी डाला, तो नदी ने कहा, कृष्ण, तुम्हारा मन स्वार्थी है। तुम भी पत्थर बन जाओ। और वह भी पत्थर का हो गया। मोहन, जो सबसे छोटा और दयालु था, कुछ दिनों बाद निकला। उसने एक छोटा घड़ा लिया, क्योंकि वह कमजोर था। रास्ते में प्यास लगने पर कुत्ता आया और पानी माँगा। मोहन ने कहा, लो, लेकिन ज्यादा मत पीना, मुझे नदी के लिए कुछ बूँदें चाहिए। घड़ा आधा खाली हो गया। फिर बूढ़ा आदमी रोता हुआ आया, और मोहन ने उसे भी थोड़ा पानी दिया, कहते हुए, दादाजी, सिर्फ तीन बूँदें मुझे चाहिए। बूढ़े ने सारा पानी पी लिया, और घड़े में सिर्फ 20 बूँदें बचीं। अगले दिन बच्चा रो रहा था, और मोहन ने उसे भी पानी पिलाया, बिना गुस्सा किए। पानी खत्म हो गया। नदी के पास पहुँचकर वह उदास होकर बैठ गया और बोला, मेरे पास गंगाजल नहीं है, लेकिन मैं फिर आऊंगा। उसकी आँखों से तीन आँसू नदी में गिरे। अचानक भगवान की आवाज आई, मोहन, तुम बहुत नेक इंसान हो। तेरे आँसू, जो तेरे भाइयों के लिए और प्यासों की मदद के लिए हैं, असली गंगाजल से भी पवित्र हैं। नदी सोने में बदल गई, और भगवान ने राम और कृष्ण को भी पत्थर से मुक्त कर दिया। उन्होंने मोहन से कहा, तुम्हारी दया और ईमानदारी ने सब बदल दिया। अपने भाइयों को भी सिखाओ कि दूसरों की मदद करना ही असली धन है।

# बिहार में बाहरी वोटर, माजरा क्या है?

**वर्ष 2024 में बिहार की प्रति व्यक्ति मासिक आय सिर्फ़ 5,570 रुपए थी। सीमांचल के जिलों में उससे भी कम रही होगी। उसी वर्ष बांग्लादेश की प्रति व्यक्ति मासिक आय 19,200 भारतीय रुपए के बराबर थी, यानी बिहार से कोई चार गुना ज्यादा। दुनिया भर में लोग बदहाली से बचने के लिए खुशहाल इलाक़ों में जाते हैं। आप जरा सोचिए किसी बांग्लादेशी की मत मारी होगी कि वो अपना घर और देश छोड़कर, जोखिम उठाकर अपने यहाँ से बदहाली की स्थिति में जीने के लिए बिहार आए?**

योगेन्द्र यादव

यूं तो हमारे देश में शिगूफ़ों की कोई कमी नहीं रही है, लेकिन पिछले दस साल में तो जैसे शिगूफ़े खिलाना एक राष्ट्रीय शगल हो गया है। आपको कोविड का दौर याद है? लॉकडाउन की शुरुआत में ही दिल्ली की 'निजामुद्दीन मरकज़' में 'तबलीग़ी जमात' के एक सम्मेलन से कोविड फैलाने की अफ़वाह चली थी। सरकारी और दरबारी हर स्रोत से खूब शिगूफ़े उछाले गए थे। अच्छे-अच्छे इस ख़बर का शिकार हो गए थे। फिर पाँच साल बाद इस महीने अदालत का फ़ैसला आया कि सारी बात कोरी गप्प थी। पुलिस की चार्जशीट में कोविड का जिक्र भी नहीं था, लेकिन तब तक किसे परवाह थी। खेल ख़त्म हो चुका था, 'टीआरपी' (टार्गेट रेटिंग प्वाइंट) हज़्म हो चुकी थी।

ठीक इसी तर्ज़ पर अब बांग्लादेशी वोटरों का शिगूफ़ा उछाला जा रहा है। झारखंड के चुनाव में भाजपा के प्रभारी हेमंत बिस्वा सरमा ने खूब खुलकर बांग्लादेशी वोटर का कार्ड खेल। चला नहीं। किसी को ढूँढने पर भी झारखंड में बांग्लादेशी नहीं मिलता था। यही खेल रोहिंग्या के नाम पर दिल्ली विधानसभा चुनाव में हुआ। पिछले हफ़्ते यही खेल हरियाणा के गुड़गांव में खेला गया। पता लगा कि पुलिस की इस मुहिम के शिकार हुए लगभग सभी लोग बांग्लाभाषी भारतीय नागरिक थे, गरीब थे, मजदूरी कर अपना पेट पालते थे। अब यही खेल बड़े पैमाने पर बिहार में खेला जा रहा है। जबसे बिहार में मतदाता सूची के 'विशेष गहन पुनरीक्षण' (एसआईआर) की शुरुआत हुई है, तबसे मीडिया में यह अभियान चल रहा है कि इस पुनरीक्षण का असली उद्देश्य बिहार में विदेशी नागरिकों की पहचान कर वहाँ की वोटर लिस्ट में घुसे बांग्लादेशी और म्यांमार के नागरिकों को बाहर निकालना है।

बिहार के पूर्वोत्तर की पूर्णिया कमिश्नरी में चार जिले हैं – पूर्णिया, कटिहार, अररिया और किशनगंज। एक तरफ़ नेपाल और दूसरी तरफ़ बंगाल से सटे इस क्षेत्र को 'सीमांचल' कहा जाता है। यहाँ मुस्लिम जनसंख्या बाक़ी बिहार से बहुत ज़्यादा है। कुछ इलाक़ों में मुस्लिम बहुमत भी है। पिछले कई हफ़्तों से 'चुनाव आयोग' के 'सूत्रों' के हवाले से यह दावा किया जा रहा है कि वोटर लिस्ट के पुनरीक्षण का काम दरअसल 'सीमांचल' में बड़े पैमाने पर बांग्लादेशी घुसपैठियों को निकालना है। वैसे यह पूछा जाना चाहिए था कि सिर्फ चार जिलों के कुछ घुसपैठियों को खोज निकालने के लिए पूरे बिहार के आठ करोड़ मतदाताओं को परेशान करने की क्या जरूरत थी? 'चुनाव आयोग' के पास अधिकार है कि वो चंद जिलों या तहसीलों की वोटर लिस्ट का पुनरीक्षण कर सकता है। वो क्यों नहीं किया? पूछा यह भी जाना चाहिए था कि पिछले 11 वर्षों से इस देश की सरकार कौन चला रहा है? अगर अब भी वोटर लिस्ट में धांधली है तो जिम्मेदारी किसकी है?

खैर, इस सब तर्क-कुतर्क को छोड़कर ठंडे दिमाग़ से इस सवाल पर विचार करें, ताकि दिन-रात उछाले जाने वाले शिगूफ़ों से बच सकें। सबसे पहले तो बिहार का नक्शा देखिए और पूछिए कि बिहार में अगर अवैध विदेशी घुसेंगे तो कहाँ से आयेंगे? पलक झपकते ही आप जान जाएँगे कि बिहार की सीमा बांग्लादेश से नहीं, नेपाल से मिलती है। बेशक 'सीमांचल' से बांग्लादेश बहुत दूर नहीं है और वहाँ से आवाजाही भी असंभव नहीं है, लेकिन नेपाल से तो कोई तुलना ही नहीं हो सकती। बिहार के सात जिलों की 726 किमी सीमा नेपाल से लगती है जो अभी भी खुली है और नेपाल के नागरिकों को भारत में बिना वीजा के घुसने और रहने का अधिकार है। दोनों तरफ़ रोटी-बेटी के संबंध हैं। नेपाल की लाखों बेटियां भारतीय बहू हैं और बरसों से वोट दे रही हैं। जरा सोचिए, अवैध विदेशियों की सारी चर्चा बांग्लादेश की क्यों है, नेपाल की क्यों नहीं? चिंता विदेशी की है या मुसलमान की?



नक्शे को छोड़िये, आर्थिक स्थिति देख लीजिए। पिछले दो दशकों में बांग्लादेश की स्थिति बदल गई है। वर्ष 2024 में बिहार की प्रति व्यक्ति मासिक आय सिर्फ़ 5,570 रुपए थी। सीमांचल के जिलों में उससे भी कम रही होगी। उसी वर्ष बांग्लादेश की प्रति व्यक्ति मासिक आय 19,200 भारतीय रुपए के बराबर थी, यानी बिहार से कोई चार गुना ज़्यादा। दुनिया भर में लोग बदहाली से बचने के लिए खुशहाल इलाक़ों में जाते हैं। आप जरा सोचिए किसी बांग्लादेशी की मत मारी होगी कि वो अपना घर और देश छोड़कर, जोखिम उठाकर अपने यहाँ से बदहाली की स्थिति में जीने के लिए बिहार आए? अब आइए 'ह्वाट्सऐप यूनिवर्सिटी' पर। आपने सुना होगा कि बिहार के इन चार मुस्लिम बहुल जिलों में आबादी से भी अधिक 'आधार कार्ड' बने हैं, यानी कुछ विदेशी घुसपैठियों ने बनवाये हैं। इसकी सचाई जांचने के लिए आप 'आधार अथॉरिटी' की वेबसाइट देख लीजिए। चार जिलों में नहीं, बिहार के 38 में से 37 जिलों में कुल जारी हुए 'आधार कार्डों' की संख्या अनुमानित आबादी से ज़्यादा है। यहीं नहीं, पूरे देश में अनुमानित आबादी 141 करोड़ है और 'आधार कार्ड' 142 करोड़ और इसका किसी घुसपैठिये या विदेशी से कुछ लेना-देना नहीं है। इसका कारण है कि इन 'आधार कार्डों' में से कोई एक दहाई मृत लोगों के नाम हैं। यानी यह शुद्ध शिगूफा है।

अब सीधे वोटर लिस्ट की बात कर लें। संसद में एक प्रश्न का जवाब देते हुए 10 जुलाई 2019 को सरकार ने बताया था कि पिछले तीन वर्ष में 'चुनाव आयोग' को पूरे देश में वोटर लिस्ट पर सिर्फ तीन विदेशी नागरिक मिले थे – एक गुजरात, एक बंगाल और एक तेलंगाना में। इस वर्ष जनवरी के महीने में बिहार की वोटर लिस्ट का जो परीक्षण पूरा हुआ, उसके बाद 'चुनाव आयोग' ने बिहार के जिलेवार वोटर और जनसंख्या के आंकड़े जारी किए। 'सीमांचल' के चार जिलों की स्थिति बाक़ी बिहार से बिल्कुल भी अलग नहीं थी। छह महीना पहले हुए उस परीक्षण में चुनाव आयोग को बिहार में एक भी विदेशी नागरिक होने का प्रमाण नहीं मिला। एक नाम भी नहीं कटा।

और हाँ, चार हफ़्ते तक बिहार में बांग्लादेशी घुसपैठियों की भरमार का प्रचार होने के बाद 'चुनाव आयोग' ने सुप्रीम कोर्ट में 'विशेष गहन पुनरीक्षण' के बारे में 789 पेज का हलफनामा दायर किया है। आप जानना चाहेंगे, उसमें विदेशी घुसपैठियों के बारे में क्या लिखा गया है? एक शब्द भी नहीं। एक महीने की कवायद पूरी होने के बाद 'चुनाव आयोग' ने 7 करोड़ 89 लाख लोगों के आंकड़े जारी किए हैं – जिनके फॉर्म भरे गए, जो मर गए, जो अन्य राज्य में चले गए, जो डुप्लीकेट हैं, जिनका अता-पता नहीं है। आप जानना चाहेंगे, इनमें विदेशी घुसपैठियों की संख्या कितनी है? शून्य ! इसे कहते हैं शिगूफ़ा ! (सप्रेस)

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
दूसरों से अधिक सलाह न लें। चलते हुये कार्य अटक सकते हैं। छोटी-छोटी समस्याओं की उपेक्षा इस समय न करें वरना ये बाद में बड़ी बन सकती हैं।

**वृषभ**
कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का काफी दबाव रहेगा। इस दबाव के कारण घर में झगड़ा हो सकता है। बातचीत करते हुये शब्द चयन सही तरह से करें।

**मिथुन**
वाहन में खराबी आ सकती है। दोपहर के बाद आपका मन कुछ अप्रसन्न हो सकता है। जल्दबाजी के कार्यों के कारण आपको परेशानी हो सकती है।

**कर्क**
अपनी प्रतिभा का बखूबी प्रयोग करेंगे। विद्यार्थियों को आशा के अनुरूप परिणाम मिलेंगे। उच्चाधिकारियों के साथ आपके सम्बन्ध मधुर रहने वाले हैं।

**सिंह**
पैतृक सम्पत्ति को लेकर कुछ निर्णय हो सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ मिलकर घर के कार्यों में हाथ बटायेंगे।

**कन्या**
धर्म-कर्म के प्रति आस्था बढ़ेगी। अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। अविवाहित लोगों को विवाह के प्रस्ताव मिल सकते हैं।

**तुला**
नकारात्मक विचारों का प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। शाम के समय आप काफी अच्छा महसूस करेंगे। इसीलिये सकारात्मक बने रहें।

**वृश्चिक**
नये विचारों को अपनाने में आप संकोच नहीं करेंगे। वैवाहिक सम्बन्ध काफी मधुर रहने वाले हैं। प्रेम सम्बन्धों को लेकर भावनात्मक रहेंगे।

**धनु**
किसी पुराने मामले का निपटारा हो सकता है। आप में प्रतिस्पर्धा की भावना रहेगी। विदेश में जॉब कर रहे लोगों की आय बढ़ सकती है। धन और करियर के मामले में दिन बहुत शुभ रहने वाला है।

**मकर**
अधूरे कार्यों को समय पर पूरा करेंगे। परिस्थितियों का समझदारी से मुकाबला करेंगे। आर्थिक मामलों के लिये दिन बहुत ही शुभ रहने वाला है। अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह से निभायेंगे।

**कुंभ**
आज का दिन उठापटक से भरा हुआ रहेगा। आलस्य और प्रमाद में समय व्यर्थ न करें। आज आपको अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिये।

**मीन**
विदेश में व्यापार कर रहे लोगों के लिये दिन बहुत ही अच्छा है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की कुछ चिन्ता रहेगी। नौकरीपेशा जातकों को आज सम्मान मिल सकता है।

# डीएवी क्लस्टर मीट लेवल-4 का आगाज

## गुब्बारा उड़ाकर कार्यक्रम का किया जाएगा शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बीहट।** डीएवी बरौनी परिसर में शनिवार को दो दिवसीय क्लस्टर मीट लेवल-4 का शुभारंभ हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मुख्य अतिथि हर्ल परियोजना प्रमुख संजय गुप्ता के साथ बरौनी डेयरी के महा प्रबंधक रविंद्र प्रसाद, बरौनी डेयरी के प्रबंधक विशाल कुमार, बरौनी डीएवी प्राचार्य सर्वेश्वर भुजबल सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर एचएफसीएल बरौनी के एक्टिंग जीएम कौशलेंद्र कुमार, बरौनी फर्टिलाइजर टाउनशिप एसबीआई के चीफ मैनेजर मुकुन्द कुमार सिंह, केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य रजनीश कुमार त्रिपाठी, बरौनी थानाध्यक्ष रंजन कुमार ठाकुर, डीएवी लखीसराय प्राचार्य निरंजन कुमार, जमुई के मृणाल कांत, मोकामा की प्राचार्या सुधा झा, बखरी के प्रशांत कुमार, मथुरापुर के आदित्य सरस्वती मौजूद थे। इस अवसर पर हर्ल प्रमुख संजय गुप्ता ने कहा कि डीएवी ही ऐसा संस्थान है जो की अनवरत रूप से विद्यार्थियों में पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक एवं मानसिक स्वस्थता को ध्यान में रखते हुए क्लस्टर लेवल, जोनल लेवल एवं नेशनल लेवल तक तक बच्चों को खेल खेलने का अवसर प्राप्त करता है। यही खिलाड़ी भविष्य में कोई नीरज चोपड़ा के जैसा बनकर उभरता है। वही डीएवी जोन-डी के क्षेत्रीय निदेशक कहा कि खेल सिर्फ खेल नहीं हैं।ये हमें टीम वर्क, अनुशासन और आत्मविश्वास सिखाते हैं। चाहे हम जीतें या हारें, हम हमेशा कुछ न कुछ मूल्यवान सीखते हैं। वहीं डीएवी पब्लिक के प्राचार्य सर्वेश्वर भुजबल ने अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि खेल द्वारा शिक्षा पद्धति का उद्देश्य शिक्षा को खेल के माध्यम से प्रदान करना है। इस पद्धति में बच्चे खेल-खेल में विभिन्न अवधारणाओं, कौशलों और ज्ञान को सीखते हैं। यह एक सक्रिय और आकर्षक शिक्षण पद्धति है जो बच्चों को सीखने के लिए प्रेरित करती है। इस अवसर पर शिक्षक सुप्रिया कुमारी, नरेंद्र कुमार, प्रशांत कुमार, मीडिया प्रभारी हेमंत कुमार, अभिषेक कुमार, अंबुज कुमार, प्रीति कुमारी एवं बबीता कुमारी उपस्थित थे। बताते चलें कि इस आयोजन में डीएवी जोन सी, डी एवं आई के लगभग 13 डीएवी विद्यालय के लगभग 450 प्रतिभागी दो खेल हैंडबल एवं वलीबल में बालिका एवं बालक के अलग-अलग आयु वर्ग के अंडर-14 अंडर-17 एवं अंडर-19 के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इसमें डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी कहलगांव, लखीसराय, मथुरापुर भागलपुर, जमुई, मुंगेर, मोकामा, जमालपुर, पूर्णिया, महेशखूंट, खगड़िया, इटवा नगर, डीएवी पब्लिक स्कूल रिफाइनरी टाउनशिप और डीएवी पब्लिक स्कूल बरौनी के खिलाड़ी भाग लिए।

## सोनू बने युवा मोर्चा के जिला प्रभारी

**बेगूसराय (नबिता संवाददाता)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रांत प्रशिक्षण वर्ग में भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष भारतेन्दु मिश्रा के द्वारा बेगूसराय के सोनू कुमार को युवा मोर्चा नवगछिया का जिला प्रभारी बनाया गया। सोनू कुमार पूर्व में जीडी कलेज छात्र संघ महासचिव और विद्यार्थी परिषद में प्रदेश कार्यकारणी सदस्य ,जिला संयोजक, विभाग संयोजक जैसे दायित्वों का निर्वाह कर चुके हैं। दायित्व प्राप्त के उपरांत सोनू कुमार ने बताया कि जिस प्रकार से विपक्ष हर मामले, मुद्दे पर जनता में भ्रम की स्थिति पैदा कर रहा है, अफवाह फैला रहा है ऐसे में युवाओं की भागीदारी अहम हो जाती है। आज युवाओं को बिहार के भविष्य और खुद के भविष्य निर्माण के लिए बढ़ चढ़ के हिस्सा लेने का समय है। जिला प्रभारी बनते ही बेगूसराय विधायक कुंदन सिंह, भाजयुमो नीरज नवीन, आयुष ईश्वर, विवेक, सनातन मिश्रा आदि ने बधाई दी।

# मेधावी छात्रों को मंत्री ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वीरपुर।** भगवानपुर प्रखंड क्षेत्र के सरस्वती कोचिंग सेंटर सूर्यपुरा भगवानपुर में बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए आयोजित प्रतिभा खोज सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में सफल मेधावी छात्र- छात्राओं को समारोह पूर्वक बिहार सरकार के खेल मंत्री सह बछवाड़ा विधानसभा के विधायक सुरेंद्र मेहता ने सम्मानित किया साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने कहा कि इस ऐसे प्रतियोगिता के आयोजन से क्षेत्र के बच्चों में उनकी छिपी प्रतिभा को निखारने और उन्हें प्रतियोगी प्रतिस्पर्धा के लिए एक साथ तैयार किया जा सकता है। आयोजक समिति के सदस्य ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 1050 बच्चों ने भाग लिया. प्रतियोगिता में तीन ग्रुप बनाए गए थे। तीनों ग्रुप से मेधा सूची के आधार पर चयनित बच्चों को सम्मानपूर्वक पुरस्कृत किया गया। सम्मान समारोह के अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता शिक्षक संत सहनी, पीटीसी विष्णुपुर बेगुसराय के प्रो. गौतम कुमार, जिला पार्षद शिल्पी चौरसिया, रामप्रवेश सिंह, रौशन चौरसिया, गौरव पाठक, ओपी सर, अविनाश कुमार, बंटी कुमार, पल्लवी भारती आदि ने बच्चों को संबोधित कर उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# अग्रवाल समाज की महिलाओं ने आयोजित किया सावन मेला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** शनिवार को अग्रवाल महिला मंच के सदस्यों द्वारा सावन मेला का आयोजन अग्रसेन विवाह भवन बेगूसराय में किया। इस मेले में विभिन्न प्रकार के फूड स्टल, गेम स्टल एवं कई कामर्शियल स्टॉल लगाए गए थे। जहां अग्रवाल समाज के पुरूष, महिला और बच्चे की भारी भीड़ रही। महिलाओं और बच्चों ने बहुत उत्साह से इस मेले में अपनी सहभागिता दी। मेले में विभिन्न प्रकार के बुटीक एवं हस्तकला के स्टॉल पर लोगों की भारी भीड़ देखी गई। मेले में आये दर्शकों ने मेले की व्यवस्था, खानपान के स्टाल की गुणवत्ता एवं बुटीक स्टॉल के आकर्षण एवं सभी



समानों की उचित मूल्य पर संतोष व्यक्त किया। अग्रवाल महिला मंच की अध्यक्ष शीतल रानी अग्रवाल ने सावन मेला की सफलता में मंच कि सभी महिलाओं के योगदान पर आभार व्यक्त किया। महिला मंच की सचिव नैसी अग्रवाल ने बताया कि इस तरह के सामजिक मेला का आयोजन हर वर्ष किया जाता है। मंच की कोषाध्यक्ष रोली अग्रवाल ने कहा कि यह आयोजन बिना किसी लाभ हानि के आधार पर होता है। मंच की सह सचिव शालिनी अग्रवाल ने इस मेला की सुव्यस्था पर विशेष योगदान किया। अग्रवाल समाज के संरक्षक व पूर्व मेयर और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आलोक अग्रवाल ने महिला मंच के उत्साह और सहभागिता की सराहना करते हुए कहा की ऐसे आयोजन से पुरे समाज का विकास होता है। इससे आपसी भाईचारा और एक सोहार्द का वातावरण बनता है। वहीं निगम कि उपमेयर अनीता राय ने मेले कि भव्यता और सफलता के लिए महिला मंच के सदस्यों को शुभकामाना दी। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया की हर वर्ष इस तरह का आयोजन किया जाएगा और भविष्य में इसे और बेहतर बनाया जाएगा ताकि समाज के ज्यादा से ज्यादा लोग इसमें अपनी सहभागिता दे सके। मौके पर रौनक अग्रवाल, टिंकू अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल सहित काफी संख्या में अग्रवाल समाज के लोग उपस्थित थे।

# अंतिम सोमवारी के लिए हरिगिरि धाम सजकर तैयार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गढ़पुरा।** मिथिलांचल के मिनी बाबा धाम बाबा हरी गिरी धाम स्थल पर श्रावण के चौथे व अन्तिम सोमवारी पर जलार्पन को ले प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिसको ले व्यापक का स्तर पर विधि व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्था दुरूस्त किए गए हैं। जिसको ले अनुमंडल पदाधिकारी बखरी सह धाम विकास समिति अध्यक्ष सन्नी कुमार सौरव सभी विधि व्यवस्था का मानेटरिंग कर रहे हैं।हरिगिरी धाम में श्रावणी मेला का उत्साह चरम पर पहुंच गया है।एक माह तक चलने बाले इस मेले में अबतक लगभग 7-8 लाख से अधिक श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ पर जलाभिषेक कर चुके हैं।बताते चले कि सोमवारी को छोड़कर प्रत्येक दिन लगभग 5 से 10 हजार श्रद्धालु



पूजा-अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं। मंदिर प्रांगण में सजी दुकानें, मीना बाजार, झूला आदि मुख्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ हैं।पूरा वातावरण इन दिनों भक्तिमय बना हुआ है। बोल बम और हर हर महादेव के जयकारों तथा मंदिर के घंटे की आवाज से पूरे क्षेत्र के वातावरण में गूंजायमान हो रहा है। सुबह और शाम प्रत्येक दिन मंदिर में शिवलिंग का रुद्राभिषेक और शिव श्रृंगार का आयोजन किया जाता है। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं।गढ़पुरा निवासी पंडित दिनेश झा इंदू ने इस प्राचीन मंदिर के बारे में जानकारी देते हुए कहते हैं कि मिथिला के हरि संन्यासी के आश्रम में यहां एक विशाल यज्ञ का आयोजन किया गया था। हरि संन्यासी प्रसिद्ध विद्वानों में से एक थे। चंद्रभागा नदी के तट पर तपस्या करने के बाद उन्हें दिव्य ज्ञान की प्राप्ति हुई। उन्हीं के नाम पर इस स्थान का नाम हरिगिरि मठ पड़ा जो बाद में श्री हरिगिरी धाम के नाम से प्रसिद्ध हुआ। सिमरिया घाट एवं झमटीया से श्रद्धालु गंगा स्नान कर श्रावण के प्रत्येक सोमवारी पर हजारों की संख्या में लोग कांवर में जल भरकर बाबा हरिगिरी धाम पैदल लगभग 60 किलोमीटर की दूरी यात्रा कर पहुंचते हैं ।इस अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ले मेला प्राधिकार की ओर से जिला प्रशासन की देखरेख में सुरक्षा व्यवस्था एवं हरि गिरि धाम स्थल पर आने वाले कांवरिया बंधुओं के हर एक सुख सुविधाओं का ख्याल करते हुए सभी समुचित सुविधाओं का प्रबंध कराया गया है।

# भाजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष ने कोटवा थानाध्यक्ष पर लगाया दुर्व्यवहार का आरोप

## एसपी ने दिया जांच का आदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर प्रसाद यादव दीपऊ गांव निवासी ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर कोटवा थाना अध्यक्ष पर दुर्व्यवहार व गाली गलौज करने का गंभीर आरोप लगाया है। अपने आवेदन में कहा है कि मैं 25 जुलाई को कोटवा मुखिया के प्रतिनिधि विजय साह से मिलने गया। विजय साह थाना परिसर के गेट पर खड़े मिले। मैं उनसे बात करने लगा। इतना ही में कोटवा थानाध्यक्ष प्रत्युष कुमार विक्की ने मुझे भद्दी भद्दी गालियां देने लेगे। साथ ही कहने लगे की कोटवा में डीजल चोरी मामले में तुम डीजल चोर का पैरवी करने के लिए आया है। इस घटना की जिम्मेदार तुम हो। मैं उनसे कहा कि मैं कभी किसी चोरी की घटना का पैरवी किए हैं। फिर भी वह नहीं माने। घटना को लेकर मै 26 जुलाई को एसपी को आवेदन दिया। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने पुलिस पदाधिकारी सदर 2 जितेश पांडे को जांच का आदेश दिया है। इधर पीड़ित ने बताया कि एक सप्ताह से अधिक समय बीतने के बाद भी अब तक ना तो जांच हुई और नहीं कार्रवाई हुई है। इस बाबत डीएसपी सदर 2 जीतेश पांडे ने कहा कि मामले को देखा जा रहा है।

# गंगा नदी खतरे के निशान से 56 सेंटीमीटर उपर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा में गंगा नदी का जलस्तर 28 जुलाई से लगातार बढ़ रहा है। जिससे क्षेत्र में सड़को पर बाढ़ का चढने लगा है। रविवार को गंगा नदी खतरे के निशान 53.08 मीटर से 56 सेंटीमीटर उपर बह रही है। केंद्रीय जल बोर्ड के अनुसार रविवार शाम 53.64 मीटर पर बह रही है। शनिवार शाम 6 बजे 53.25 मीटर पर था। 24 घंटे में 39 सेंटी मीटर बढा है। नदी प्रतिघंटे 1.62 सेंटी मीटर बढने लगा है। पानी बढने से क्षेत्र में बाढ़ का पानी समुद्र जैसा नजारा दिखने लगा है। केंद्रीय जल बोर्ड के अनुसार बक्सर में गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। चुकिं उपरी इलाके में ज्यादा बारिस होने से नदिया लबालभ भरने लगी है। बाढ़ के पानी से सरैया-केशोपुर पथ के केशोपुर, नेकनामटोला पहुच पथ, लौहर बखोरापुर पथ, इंग्लिशपुर पहुच पथ, एकवना पहुच पथ, हाजीपुर दूबेछपरा पथ, दुर्गटोला फरहदा पथ, दुर्गटोला गजियापुर पथ, गजियापुर नथमलपुर पथ के ज्ञानपुर के समीप समेत अन्य सड़कों पर बाढ़ का पानी चढ गया है। बाढ़ के पानी से नेकनामटोला, शालीग्राम सिंह के टोला से महुदही की ओर पानी बढ़ने से सड़क पर चढने लगा है।इसके पूर्व आई बाढ़ के पानी से पैगा, हाजीपुर, शिवपुर के बधार में खड़ी फसल व सब्जी फसल का नुकशान हो चुका है। जल नियंत्रण विभाग के एसडीओ दीपक कुमार ने बताया कि उतराखंड राज्य में ज्यादा बारिस से नदी में जल वृद्धि का अनुमान लगाया जा रहा है।

# 7,65,448 विद्युत उपभोक्ताओं को लाभ दिया जाना है 125 फ्री यूनिट का

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले के अंतर्गत कुल 7,65,448 विद्युत उपभोक्ताओं को मुख्यमंत्री उपभोक्ता सहायता योजना के अंतर्गत 125 यूनिट की विद्युत बिल राहत राशि का लाभ प्रदान किया जाना है। इस कार्य के लिए कुल 514 टीमों को विद्युत बिल वितरण / स्पॉट बिलिंग के लिए तैनात किया गया है। यह अनुदान 1 अगस्त 2025 से प्रभावी हो चुका है। जैसे-जैसे बिजली बिल (बिप्रा) जनरेट होते जाएंगे, उपभोक्ताओं को इसका लाभ प्राप्त होता जाएगा। चूंकि अगस्त माह में जुलाई माह की विद्युत खपत के आधार पर बिल तैयार होता है,



इसलिए यह लाभ जुलाई माह से प्रभावी माना जा रहा है। इसी प्रकार, विद्युत आपूर्ति सर्किल के अंतर्गत पश्चिमी चंपारण जिले के कुल 6,38,900 उपभोक्ताओं को लाभ दिलाने हेतु 391 टीमें कार्यरत हैं। साथ ही विभाग द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि किसी भी प्रकार के फोन कॉल, मैसेज, लिंक आदि के माध्यम से यदि किसी अनाधिकृत लाभ के नाम पर ठगने का प्रयास किया जाए, तो इसकी सूचना तुरंत नजदीकी साइबर थाना को दें। विभाग इस प्रकार की कोई भी गतिविधि नहीं करता है। मुख्यमंत्री की इस योजना का लाभ हर उपभोक्ता तक पहुंचाने हेतु प्रत्येक विद्युत आपूर्ति सेक्शन में विशेष कैंप आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें प्रधानमंत्री सूर्य गृह योजना की जानकारी भी दी जा रही है। इस अवसर पर यह भी बताया गया कि प्रधानमंत्री सूर्य गृह योजना के तहत यदि कोई उपभोक्ता 1.1 खड का ऑन-ग्रिड सोलर रूफटॉप प्लांट लगवाता है, तो उससे उत्पन्न होने वाले यूनिट्स पर अतिरिक्त लाभ प्रदान किया जाएगा। इसी क्रम में मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत दिनेश चौधरी, पवन कुमार मोतिहारी से, तथा मो. सफी अंसारी, मंटू कुमार पकड़ीदयाल से, सहित जिले के हजारों उपभोक्ताओं ने 125 यूनिट बिजली बिल माफ किए जाने पर लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दिल से धन्यवाद दिया। लोगों ने कहा कि यह योजना उनके लिए बड़ी राहत लेकर आई है और इससे उन्हें आर्थिक सहयोग मिला है। उपभोक्ताओं ने सरकार और बिजली विभाग के इस प्रयास की सराहना की। उक्त बातें प्रेस विज्ञप्ति जारी कर विद्युत अधीक्षण अभियंता, मोतिहारी ने दी है।

# स्वास्थ्य केंद्र में निःशक्तता जांच शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरचक।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंसूरचक में बिहार शिक्षा परियोजना बेगूसराय के सौजन्य से निःशक्तता यूडीआईडी प्रमाणीकरण का जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का विधिवत उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर विनय कुमार, तेघड़ा अनुमंडल अस्पताल के आंर्थो डाक्टर गौरव कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक सौरभ सुमन, बीआरपी सोनम कुमारी ने सम्मलित रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में करीब 100 सौ से ऊपर निःशक्तता की जांच, शिविर में प्रतिनियुक्त प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर विनय कुमार, आर्थो डाक्टर गौरव कुमार ने किया। जांचोपरांत मेडिकल जांच टीम ने आर्थो से संबंधित मरीजों की जांच कर यूडीआईडी कार्ड निर्माण हेतु अनुशंशा किया। शेष कान, नाक, आंख से संबंधित निःशक्त मरीजों को सदर अस्पताल बेगूसराय विभागीय डाक्टर के पास रेफर कर दिया गया।शिविर में 11 बजे से 04 बजे शाम तक मेडिकल टीम काफी गंभीरता के साथ बारी-बारी से जांच कार्य में तटस्थ देखे गयें। निःशक्त मरीजों ने कहा कि बीआरपी सोनम कुमारी, संजीव कुमार शिविर में उपस्थिति के लिए निःशक्त मरीजों को प्रेरित कर बुलवाने का काम किया हैं। जिसके कारण ही शिविर में बड़ी भीड़ देखने को मिल रहा हैं।शिविर में आंडियोलाजी अंकिता कुमारी, पंकज कुमार, अभिभावक के रूप में सेवानिवृत संस्कृत के व्याख्याता पंडित रामचन्द्र झा सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी अपने -अपने कर्म कर्तव्य पर डटे हुए थें।

# 31 को होगा शिक्षक सम्मान समारोह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** ऑल इंडिया प्राइवेट कोचिंग एसोसिएशन की एक बैठक रुंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट फारबिसगंज के मीटिंग हॉल में आइपका के अध्यक्ष राशिद जुनैद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें आगामी 31 अगस्त 2025 को प्रतिभा सम्मान सह शिक्षक सम्मान समारोह के आयोजन पर सहमति बनी। बैठक में विभिन्न जिले व प्रखंडों के कोचिंग संचालक सम्मिलित होकर कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम आयोजन के संदर्भ में संगठन की महासचिव सविता ठाकुर ने बताया कि आइपका के माध्यम से आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में लगभग डेढ़ सौ कोचिंग संस्थानों के लगभग 500 बच्चे मैट्रिक, इंटरमीडिएट, स्नातक, खेल, कला, नृत्य, कराटे आदि से संबंधित संस्थान के टॉप-03 छात्र- छात्राए एसोसिएशन द्वारा सम्मानित किये जाएंगे। अररिया जिला अध्यक्ष एल0के0 बॉस ने बताया कि कार्यक्रम हेतु आज से कोचिंग संस्थान व मेधावी छात्रों का रजिस्ट्रेशन प्रारंभ कर दिया गया है। उक्त कार्यक्रम में प्रतिभागी के तौर पर अररिया, पूर्णिया सुपौल, पूर्णिया, किशनगंज, दरभंगा, मधेपुरा, सहरसा के अलावे विभिन्न जिलों के कोचिंग संस्थान सम्मिलित होंगे। वही इस मौके पर मुख्य रूप से संगठन के अधिकारियों में राशिद जुनैद, सविता ठाकुर, एल0के0 बॉस, रंजीत यादव, पिंटू झा, एतेशाम अंसारी, हिकमत शाह, मिकाइल अंसारी, राहुल कुमार राय, निर्मल झा, मनीष कुमार, अभिषेक आनंद, चंद्रकांत कुमार, दीपेश कुमार, शमी अहमद आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### करंट से महिला की मौत

**चिरैया (पूर्वी चंपारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के भदहर गांव में घास काटने गई एक महिला की मौत करंट लगने से हो गई। घटना रविवार को घटित हुई है। मृतका की पहचान उक्त गांव निवासी रामलाल राय की 58 वर्षीय पत्नी कांति देवी के रूप में हुई है। घटना के समय वह सरेह से मवेशियों के लिए घास काट कर अपने घर लौट रही थी। इसी क्रम में वह बिजली के तार से स्पर्श हो गई। जिसके कारण घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के समय झमाझम बारिश हो रही थी। जिसके कारण लोग अपने घरों में दुबके हुए थे। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया है। घटना में बिजली विभाग की घोर लापरवाही सामने आई है। जिसके कारण ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

### दो बाइक चोर धराए

**चिरैया (पूर्वी चंपारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के शिकारगंज चौक पर चोरी की दो बाइक बेचने आए दो चोर को पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। जबकि एक चोर भागने में सफल रहा है। जिसकी पहचान कर ली गई है। गिरफ्तारी सिकरहना डीएसपी उदय शंकर प्रसाद के निर्देश पर शनिवार की शाम हुई है। पकड़े गए चोरों की पहचान शिकारगंज थाना क्षेत्र के परेई गांव निवासी विकास कुमार व दीपक कुमार के रूप में हुई है। वही फरार चोर पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र के हथीओल गांव का दीपक कुमार है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। डीएसपी उदय शंकर प्रसाद ने बताया कि पकड़े गए चोरों के पास से अपाची और स्प्लेंडर बाइक बरामद किया गया है। अपाची का नंबर प्लेट बदला हुआ है। जबकि स्प्लेंडर बाइक का चेचिस नंबर घिस कर पेंट किया गया है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए चोरों ने बाइक लूट की कई कांडों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। आवश्यक पूछताछ के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### शराब तस्कर गिरफ्तार

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** 71 वीं वाहिनी एसएसबी बरहरवा के जवानों ने गुप्त सूचना के आधार पर गस्त के दौरान रविवार की अगले सुबह देनुखी बलुआ गांव के पास से बिना नंबर प्लेट अपाची बाइक पर लेकर जा रहे 178 बोतल नेपाली कस्तूरी शराब के साथ एक तस्कर को दबोच लिया गया उक्त तस्कर की पहचान घोड़ासहन थाना क्षेत्र के धूमनगर गांव निवासी वरुण कुमार पिता भागवत राय के रूप में किया गया जिसे आवश्यक कागजी कार्रवाई कर जितना पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। जानकारी जितना थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने दी।

### कार्यकर्ता स्वागत समारोह का आयोजन

**चिरैया (पूर्वी चंपारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड अंतर्गत कठमलिया गांव में जनसुराज पार्टी की ओर से कार्यकर्ता स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से चिरैया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी ई. संजय कुमार, नरकटिया विधानसभा क्षेत्र के डॉ मंजर नसीम, ढाका विधानसभा क्षेत्र से डॉ एलबी प्रसाद आदि थे। समारोह में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं उपस्थित थे। जो काफी उत्साहित नजर आ रहे थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ई. संजय कुमार ने कहा कि इस बार बदलाव के लिए चिरैया विधानसभा की जनता तैयार बैठी है। इस क्षेत्र की जनता जिस तरह से जनसुराज के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को अपने से जोड़ रही हैं, उससे लगता है कि चिरैया विधानसभा ही नहीं पूरे बिहार में जनसुराज पार्टी की आंधी चल रही है। मौके पर वीर प्रसाद महतो, मुन्ना सिंह, लिटिल गुरु, छोटेजी, ए रहमान चंपारणी, संतोष राउत, तमन्ने, आफताब, रामाज्ञा, कपिलदेव साह सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

### बारिश के कारण मतदाता सत्यापन कार्य धीमा

**मंसूरचक (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र में मतदाता पुनरीक्षण के उपरांत रविवार से मतदाता सत्यापन का कार्य प्रखंड के प्रत्येक बूथों पर बीएलओ द्वारा किया जाना था। बारिश के मौसम होने के कारण इक्का दुक्का बूथ पर मतदाता आये बाकी सभी बीएलओ बूथ पर बैठकर लोगों का इंतजार ही करते रह गये। प्रखंड के बूथ संख्या 49 पर ष्णा चौधरी 50 पर धीरज कुमार 33 पर अजय आनंत 34 पर अशर्फी पासवान 35 पर सरोज कुमार 24 पर राकेश ईश्वर 25 पर गणेश महतो एवं 62 पर मोहम्मद शाहिद मौजूद थे। राकेश ईश्वर अजय आनंत आदि ने बताया कि हम लोग समय से बैठे हुए हैं अब तक एक भी मतदाता बुथ पर नहीं पहुंचे वहीं मो शाहिद ने बताया कि चार-पांच लोग आये हैं।उन्हें जरूरी कागजातो को जमा करने के संबंध में बताया गया है और शीघ्र जमा करने की भी बात भी कही गयी ।वही बीएलओ धीरज कुमार ने बताया कि बूथ पर बैठने से अच्छा था हम लोग घूम-घूम कर ही काम करते थे तो कुछ काम हो ही जाता था यहां तो बस बैठे ही है।

### फाइनांस कंपनी के एजेंट से छिनतई

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड के सबलपुर बखोरापुर के बीच फाईनांस कंपनी के एजेंट से रविवार दोपहर 25 हजार की छिनतई की घटना घटित हुआ है। एजेंट एलएनडी फाईनांस कंपनी कुशवाहा मार्केट पकड़िया बर चंदवा का है। नेकनामटोला कुटिया से समूह का कलेक्शन कर जा रहा था। तभी सबलपुर के पूरब एक बाइक पर तीन सवार उसको रोका। उसके बैग में रखे कलेक्शन का रुपये छिन लिया। एजेंट बक्सर जिला के छोटका राजपुर गांव निवासी विकास यादव है। वह लक्ष्मण यादव का पुत्र है। विकास ने बताया कि स्प्लेंडर बाइक पर सवार तीनकी संख्या में बदमाश थे। जबरन 25-30 हजार रुपये छिन लिया।

### दावा आपत्ति हेतु सेन्टर की शुरूआत

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड कार्यालय में मतदाताओं से दावा आपत्ति लेने हेतु सेन्टर का विधिवत शुरुआत सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ चिरंजीव पांडेय व सीओ सूरज कुमार ने किया। श्री पांडेय ने कहा कि मतदाता सूची प्रारूप का प्रकाशन कर दिया गया है। मतदाता सूची बीएलओ को उपलब्ध करा दी गई है। मतदाता अपने अपने मतदान केंद्र की मतदाता सूची का अवलोकन करेगें। किसी कारणवश यदि उनका नाम मतदाता सूची में नहीं है तो वेसे मतदाता 30 सितंबर तक दावा कर सकते हैं। उपयुक्त प्रपत्र भरकर जमा करेंगे। दावा आपत्ति का निराकरण कर उन मतदाताओं के नाम सूची में जोड़ा जाएगा। किसी भी परिस्थिति में वैध मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटा या विलोपित नहीं किया जा सकता है। मतदाताओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर मेघा वर्मा, अनिल कुमार चौधरी, विभाकर कुमार, रबिन्द्र कुमार, बीएलओ अनिल कुमार महतो, पंकज कुमार, राजकुमार, मुकेश सहित कई मतदाता मौजूद थे।

### बाढ़ पीड़ित गांवों का किया दौरा

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बड़हरा बाढ़ग्रस्त इलाके में समाजसेवी रघुपति यादव ने रविवार को प्रखंड के नेकनामटोला, संबलपुर, बखोरापुर, हाजीपुर, पैगा, अलेखीटोला सहित अन्य जगहों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। जहां चारों ओर पानी फैला है, रास्ते कट चुके हैं, वहां पहुँचकर रघुपति यादव ने पिड़ित परिवारों का कुशलक्षेम जाना, उन्हें ढाढ़स बंधाया और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। बताया कि यह सिर्फ पानी नहीं है, यह हमारे लोगों का दर्द है, उनकी तकलीफ है, जिसे मैं महसूस कर रहा हूं। जनसेवा को सर्वोपरि मानने वाले रघुपति ने तत्काल भोजपुर जिला पदाधिकारी से दूरभाष पर संपर्क कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को आपदा क्षेत्र घोषित करने की मांग रखी।

## संक्षिप्त समाचार

### मित्रता दिवस पर पौधारोपण कर राहुल ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नेवारी गांव निवासी और प्राथमिक चिकित्सक सहयोग समिति के कोषाध्यक्ष डॉ. रामप्रवेश राय के पुत्र राहुल कुमार ने मित्रता दिवस के अवसर पर सड़क किनारे और खेतों में आम, जामुन, अर्जुन, नीम और सिरिस के एक दर्जन पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। राहुल ने बताया कि बचपन से ही उन्हें पेड़-पौधों से लगाव रहा है। फल खाने के बाद बीजों को खाली जमीन में डालना उनकी आदत रही है, जिससे पौधे निकलने पर वे उन्हें सुरक्षित स्थान पर लगा देते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष जन्मदिन के अवसर पर उन्होंने आम के 30 पौधे लगाए थे। इस बार भी उन्होंने पौधों को समय पर खाद-पानी देकर संरक्षण का संकल्प लिया है। उनके इस कार्य की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

### पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का हुआ भव्य स्वागत

**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रविवार को तरैया बाजार और आसपास के इलाकों में कार्यकताओं ने पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का भव्य स्वागत किया। राजद कार्यालय शाहनेवाजपुर के समीप पूर्व विधायक मुंद्रिका प्रसाद राय और पूर्व प्रत्याशी सिपाही लाल महतो के नेतृत्व में तेजस्वी यादव का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। तरैया-मसरख मोड़ के समीप भी महागठबंधन के कार्यकताओं ने अमरनाथ सिंह के नेतृत्व में उनका स्वागत किया। तेजस्वी यादव पटना से गोपालगंज के बैकुंठपुर स्थित एक कार्यक्रम में जा रहे थे। इस दौरान सैकड़ों कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए मौजूद रहे। मौके पर महागठबंधन के कई प्रमुख नेता उपस्थित थे।

### निर्वाचन आयोग के विशेष प्रेक्षक ने की एसआईआर की समीक्षा

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत निर्वाचन आयोग के विशेष प्रेक्षक नजमुल होदा ने सारण में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले के सभी अधिकारी और फील्ड टीम बेहतरीन कार्य कर रहे हैं। उन्होंने दावा-आपत्ति कार्यक्रम को सफल बनाने और कोई भी योग्य मतदाता छूटे नहीं, इसका विशेष निर्देश दिया। डीएम अमन समीर ने पीपीटी के माध्यम से पिछले एक माह की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि अब तक 28.60 लाख मतदाताओं का नाम जोड़ा गया है और 95% से अधिक नामों का सत्यापन 2003 की सूची से हो चुका है। प्रमंडलीय आयुक्त राजीव रौशन ने कहा कि एसआईआर के प्रथम चरण में कोई बड़ी शिकायत नहीं आई है और अंतिम मतदाता सूची त्रुटिरहित होगी।

### बाइक सवार अपराधियों ने युवक को मारी गोली

**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रविवार सुबह रामबाग घंटी बाबा मंदिर के पास तरैया-मसरख रल्र-73 मुख्य मार्ग पर बाइक सवार दो अज्ञात अपराधियों ने एक युवक को गोली मार दी। घायल युवक की पहचान तरैया गांव निवासी अमित कुमार पांडेय (पुत्र वकील पांडेय) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि युवक किसी कार्य से रामबाग गया हुआ था, तभी आपसी रंजिश में उसे गोली मारी गई। गोली उसके पैर में लगी। स्थानीय लोगों ने घायल को रेफरल अस्पताल तरैया पहुंचाया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

### रोटरी ने आयोजित किया सावन मिलन कार्यक्रम

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोटरी क्लब बेतिया टाउन की ओर से शनिवार की देर शाम सावन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कइस अवसर पर क्लब के महिला और पुरुष सदस्य गण अपने परिजनों के साथ उपस्थित हुए। इस अवसर पर कई तरह के प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। विजेताओं के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया। सदस्य और उनके परिजनों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आनंद लिया। कार्यक्रम स्थल को बेहतरीन तरीके से सजाया गया था। कार्यक्रम में डॉ संतोष, इमानुएल शर्मा, रेनू शर्मा, रमेश तोदी, ऋषभ जैन अमरेंद्र कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

### डायन कह महिला की पिटाई

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बैरिया थाना क्षेत्र के पोखरिया वार्ड 12 में डायन का आरोप लगा बलिराम प्रसाद के घर पर हमला कर गाली गलौज व महिलाओं से मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की सूचना पर 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घर वालों को बचाई। मामले में पोखरिया वार्ड 12 निवासी बलिराम प्रसाद ने अपने ही गांव के नारायण साह, उसके पुत्र राजू साह, बन्हू साह, मिथलेश साह, बन्हू साह की पत्नी तारा देवी, प्रभु प्रसाद, प्रभु प्रसाद की पत्नी परमशीला देवी, नारायण साह की पत्नी कुमारी देवी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है। बलिराम प्रसाद ने पुलिस से बताया है कि 24 जुलाई को आरोपित उसकी पत्नी को घेर कर डायन का आरोप लगा गाली गलौज और मारपीट करने लगे। उनकी पत्नी किसी तरह भाग कर घर पहुंची। आरोपित घर पर आ गए और उसकी बहू को पकड़ कर मारपीट करने लगे। आरोपित घर पर ईट पत्थर फेंकने लगे। दरवाजा तोड़ने का भी प्रयास किया। यह देख घर के भीतर से डायल 112 पर फोन किया गया। सूचना पर डायल 112 की पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और उन लोगों की जान बचाई। बाद में जख्मियों को इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिकी के बाद बैरिया पुलिस मामले की तहकीकात शुरू कर दी है।

### उतरवारी पोखरा स्थित चिल्ड्रन पार्क में लगाए गए 100 पौधे

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के उतरवारी पोखरा स्थित चिल्ड्रन पार्क में 100 पौधे लगाए गए। नगर निगम प्रशासन व निरोजा ग्रीन इंडिया परिवार के सभी सदस्य, वार्ड पार्षद आदि के सहयोग ने इसमें सहयोग किया। चिल्ड्रेन पार्क में रविवार की सुबह मेयर गरिमा देवी सिकारिया द्वारा पार्क में पौधे लगाए गए। कार्यक्रम का उद्घाटन महापौर गरिमा देवी ने किया। लगाए गए पौधों में आम, जामुन, आवला, सागवान, कचनार, अमरूद, बेलपत्र और महुआ का पौधा शामिल है। पर्यावरण संरक्षण को लेकर मेयर ने नगर वासियों से अपील किया कि ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए। आम जनता की निगरानी में ही पौधे होते हैं, जिसकी संरक्षण उनकी भी जिम्मेदारी है। पेड़ बचाने की जरूरत है। इन बातो को अपनी आदतों में अगर डालेंगे तो ही पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल सकेगा। निरोजा ग्रीन इंडिया परिवार फाउंडेशन के सिइओ डॉ. नीरज गुप्ता ने कहा कि आज से हमारी संस्था यह संकल्प लेती है कि बेतिया शहर में नगर निगम में पार्क या अन्य खाली जमीन होंगी, वहां नगर निगम के सहयोग से आक्सीजन बैंक बनाये जायेंगे। उस वार्ड के पार्षद के साथ मिलकर जनता को पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता अभियान के लिए भी जागरूकता अभियान चलाएगी।

# विशेष प्रेक्षक नजमुल होदा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग समीक्षा बैठक आयोजित

## मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम पर हुआ विस्तार से विमर्श

नव बिहार टाइम्स ब्यूरो

**सिवान।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सिवान जिले में निरीक्षण हेतु भेजे गए विशेष निर्वाचक सूची प्रेक्षक श्री नजमुल होदा (भा. पु. से.) ने रविवार को समाहरणालय सभागार में जिले के सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्षों और सचिवों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री होदा ने कहा कि आगामी चुनावों की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के लिए मतदाता सूची का शुद्धिकरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशन, दावा और आपत्ति दर्ज करने की प्रक्रिया, फार्म 9 से 11इ की अद्यतन स्थिति, एवं बीएलए-2 की नियुक्ति जैसे महत्वपूर्ण






बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की।

**पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन से दी गई जानकारी**

बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी डॉ. आदित्य प्रकाश ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से अब तक की गई गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विशेष कैंप आयोजित कर आम मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है तथा मतदान सूची को अधिक पारदर्शी बनाने हेतु हर कदम उठाए जा रहे हैं।

**दावा-आपत्तियों के निष्पक्ष निपटारे पर जोर**

बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी अपने सुझाव दिए और सूची सुधार से संबंधित समस्याएं साझा कीं। इस पर विशेष प्रेक्षक ने स्पष्ट किया कि हर दावा और आपत्ति का निष्पक्ष, समयबद्ध और पारदर्शी निपटारा किया जाएगा। उन्होंने निर्वाचन रजिस्ट्रेशन अधिकारियों (ईआरओ) को भी निर्देश दिया कि सभी फार्म और आपत्तियों की अद्यतन स्थिति को साप्ताहिक आधार पर राजनीतिक दलों के साथ साझा किया जाए।

**उपस्थित रहे सभी संबंधित पदाधिकारी**

बैठक में सिवान जिले के सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण एवं जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की समाप्ति की घोषणा की। इस अवसर पर सभी प्रतिनिधियों ने मतदाता सूची को त्रुटिहीन बनाने की प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग का आश्वासन भी दिया।

### लौरिया के वार्ड पांच की सड़क गढ्ढे में तब्दील

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर पंचायत लौरिया के वार्ड संख्या पांच जो अस्पताल के पीछे से होते हुए बाजार तक को रास्ता जाता हैं। जल जमाव व कीचड़मय सड़क से लोगो को घर से निकलना दूभर हो गया है। इधर नगर पंचायत निवासी विशाल पाठक, अभिषेक सिंह, सदानंद चतुवेर्दी, बृजेश कुमार, पशुराम कुमार, मोनू कुमार, राजू कुमार, भोला कुमार, मिथलेश सिंह,संतोष सिंह सहित दर्जनों युवाओ ने नगर पंचायत लौरिया में विकास के वादे को झूठा साबित करते हुए बताया कि नगर पंचायत लौरिया के लोगो के साथ विकास के नाम पर छल हुआ है। नगर पंचायत के गठन के तीन वर्ष बीत गए। परन्तु विकास कहि नजर नही आ रहा। नगर पंचायत के कई मुख्य सड़क हैं जहां कीचड़ व जलजमाव से राहगीर परेशान हैं। लोगो के घर के सामने से बदबूदार गन्दा पानी का बहाव होता है। जिससे घर के छोटे छोटे बच्चों में संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। वही नगर पंचायत के युवाओं द्वारा यह भी बताया गया की विकास कार्यो में भारी लापरवाही बरती जा रही है।

## बरवा बरौली व बनवरिया में एसडीएम ने की योजनाओं की जांच

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता ने शनिवार को प्रखंड की बरवा बरौली और बनवरिया पंचायत में सरकारी योजनाओं में गड़बड़ी की शिकायत पर जांच किया है। इस दौरान एसडीएम ने बरवा बरौली पंचायत के वार्ड 10 में निर्मित पीसीसी सड़क और बनवरिया पंचायत के अंजुआ में स्थित पोखर की सफाई से संबंधित मामलों की गहन जांच की गई। जांच के उपरांत एसडीएम श्री गुप्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता की उपस्थिति में दोनों पंचायतों में सरकारी योजनाओं की जांच की गई है। उन्होंने बताया कि बरवा बरौली पंचायत के वार्ड 10 में दो अलग अलग सड़क निर्माण की योजना है। स्थलीय जांच में भी वहां भौतिक रूप से भी दोनों का निर्माण कार्य पाया गया। योजन में किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं पाई गई है। दोनों में गुणवत्ता या प्रक्रिया संबंधी कोई गड़बड़ी नहीं मिली है। जबकि बनवरिया पंचायत के अंजुआ में स्थित पोखर की सफाई को लेकर मनरेगा से अमृत सरोवर की योजना ली गई है। हालांकि इससे पहले भी एक योजना के तहत वहां छठ घाट का निर्माण किया गया है। एसडीएम ने बताया कि योजना से संबंधित आवश्यक कागजातों एवं भुगतान समेत कुछ अन्य विंदुओं पर जांच की जा रही है है। उसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। बता दे कि बरवा बरौली में मुखिया द्वारा मुख्य सड़क से मस्जिद होते हुए असगर मास्टर के घर तक पीसीसी निर्माण कार्य कराया गया है। वही दूसरी योजना पंचायत समिति मद्द से मुख्य सड़क से मस्जिद के दक्षिण छोर तक पीसीसी निर्माण कार्य कराया गया है। जांच के दौरान बीडीओ सूरज कुमार सिंह, पंचायत सचिव जगदीश हजरा, बरवा बरौली मुखिया प्रतिनिधि शाहनवाज अली उर्फ बादल, बनवरिया मुखिया प्रतिनिधि सोहन राम समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# दधीचि देहदान समिति ने मनाया राष्ट्रीय अंगदान दिवस

## समर्पित अंगदाताओं को किया गया सम्मानित, कई लोगों ने लिया अंगदान का संकल्प

नव बिहार टाइम्स ब्यूरो

**सिवान।** राष्ट्रीय अंगदान दिवस के अवसर पर दधीचि देहदान समिति, सिवान इकाई द्वारा शनिवार को एक जागरूकता एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अंगदान के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना और इस पुनीत कार्य के लिए संकल्प लेने वालों को सम्मानित करना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत अंगदाताओं को अंगदान प्रमाण पत्र और अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित करने से हुई। इस अवसर पर समिति के जिलाध्यक्ष नीलेश वर्मा नील ने पूरे परिवार के साथ अंगदान कर एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि अंगदान से किसी जरूरतमंद को नया जीवन मिल सकता है, और यही सच्ची मानव सेवा है।

**समर्पण की मिसाल बने कई सदस्य**

समिति के उपाध्यक्ष राकेस सहाय, सचिव सतीश शर्मा, ब्रिप्रेंद्र कुमार और भारत भूषण पांडेय ने भी सपरिवार अंगदान का संकल्प लेकर समाज को एक नई दिशा देने का काम किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित समिति के संरक्षक डॉ. श्री भगवान सिंह ने सभी अंगदाताओं को अंगवस्त्र से सम्मानित किया और स्वयं भी अंगदान संकल्प पत्र भरकर




अपनी सहभागिता दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि अंगदान एक ऐसा संकल्प है जिससे मृत्यु के बाद भी जीवन देना संभव है।

**महिलाओं और युवाओं की भी रही भागीदारी**

कार्यक्रम में रानी देवी, प्रियंका भारती, पिंकी कुमारी, महिला उपाध्यक्ष सीमा तिवारी सहित कई महिलाओं ने अंगदान का संकल्प लिया। वहीं युवाओं में भी खासा उत्साह देखने को मिला। विकाश कुमार, अभिषेक कुमार, शिवेंद्र प्रसाद, संत कुमार तिवारी और राघवेंद्र प्रताप सिंह जैसे युवाओं ने भी इस पुनीत कार्य में भागीदारी निभाई।

**कार्यक्रम की सफलता में अहम भूमिका**

इस आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष नीलेश वर्मा नील, उपाध्यक्ष राकेस सहाय, सचिव सतीश शर्मा, ब्रिप्रेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार, अक्षत नील, सुधीर पाठक, राजीव रंजन, राघवेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**मीडिया का आभार**

समिति की ओर से कार्यक्रम में सहभागी रहे मीडिया का विशेष आभार व्यक्त किया गया। समिति ने कहा कि मीडिया की सकारात्मक भूमिका ही समाज में ऐसी जागरूकता फैलाने में सहायक होती है। यह आयोजन समाज में अंगदान की संस्कृति को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

# वाणासुर ने उषा की पूजा के लिए की थी शिवलिंग की स्थापना, द्वापरयुगीन है सोहगरा शिवधाम

## श्रद्धा, आस्था और पौराणिकता का प्रतीक बना सिवान का प्रसिद्ध मंदिर, द्वापर युगीन विशालकाय शिवलिंग, वाणासुर ने की थी स्थापना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सिवान। सीवान जिले के गुठनी प्रखंड स्थित सोहगरा शिवधाम देश के प्राचीनतम शिव मंदिरों में से एक माना जाता है। मान्यता है कि द्वापर युग में दैत्यराज वाणासुर ने अपनी पुत्री उषा की शिव भक्ति के लिए इस शिवलिंग की स्थापना की थी। यह विशाल शिवलिंग स्वयंभू है, जो इसकी पौराणिकता को और मजबूत करता है।





**महाशिवरात्रि और सावन में लगता है लाखों भक्तों का मेला**

श्रावण मास और महाशिवरात्रि के अवसर पर यहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक करने पहुंचते हैं। खासतौर पर सावन के प्रत्येक सोमवार को मंदिर में अप्रत्याशित भीड़ उमड़ती है। श्रृंगार आरती की परंपरा महाकाल मंदिर की भस्म आरती से प्रेरित मानी जाती है, हालांकि यहां भस्म की जगह अन्य वस्तुओं से भगवान शिव का श्रृंगार किया जाता है।

**जनश्रुतिः मन्नतें होती हैं पूरी, कुष्ठ रोगी को मिलता है लाभ**

लोक विश्वास के अनुसार यहां की गई मन्नतें पूरी होती हैं। ऐसी भी जनश्रुतियां हैं कि कुष्ठ रोगी यहां आकर सोमवार को जलाभिषेक कर तथा शिवलिंग की मिट्टी का लेप लगाने से स्वस्थ हो जाते हैं। साथ ही पुत्र प्राप्ति की कामना करने वाले कई भक्तों को संतान सुख प्राप्त होने की मान्यता भी है।

**सम्राट अशोक ने कराया था जीर्णोद्धार, आज भी मिलते हैं पुरातात्विक अवशेष**

मंदिर के प्रवेश द्वार पर अशोक स्तंभ के चिन्ह दिखाई देते हैं, जिससे माना जाता है कि सम्राट अशोक ने इसका जीर्णोद्धार कराया था। मंदिर परिसर और आसपास के गांवों में खुदाई के दौरान प्राचीन मूर्तियां, तोरण द्वार और सिक्के मिलते रहे हैं जो इसकी ऐतिहासिकता को पुष्ट करते हैं।

**पर्यटन स्थल बनने की बाट जोह रहा शिवधाम**

हालांकि अपनी पौराणिक और ऐतिहासिक महत्ता के बावजूद यह मंदिर अब तक सरकारी उपेक्षा का शिकार बा ना ा ह ु आ है। कई बा ा र पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के दावे और जांच-पड़ताल के बावजूद धरातल पर कोई ठोस कार्य नहीं हो सका है।

**विसुनपुरा वासियों की भू-परी यात्रा बनी आस्था का प्रतीक**

गुठनी के विसुनपुरा गांव के श्रद्धालु पीढ़ियों से भू-परी चलकर सोहगरा शिवधाम पहुंचते हैं। मान्यता है कि श्रीकृष्ण की सेना इसी गांव में रुकी थी और शिव दर्शन के लिए यहीं से भू-परी चलकर गई थी, जो आज भी परंपरा के रूप में कायम है।

## सारण जिले में गंगा व सरयू नदियां उफनायीं, कई गांव बाढ़ की चपेट में, लोगों में दहशत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**छपरा/डोरीगंज (सारण)।** उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में लगातार हो रही बारिश और डैम से छोड़े जा रहे पानी का असर सारण की नदियों पर साफ दिख रहा है। गंडक के साथ-साथ गंगा और सरयू (घाघरा) नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। दोनों नदियां खतरे के निशान के करीब पहुंच चुकी हैं और प्रति घंटे जलस्तर में तेजी से वृद्धि हो रही है। इस अचानक आई बाढ़ के खतरे से सदर प्रखंड के तीन पंचायतों के लोग दहशत में हैं। तटीय इलाकों के चिरांद, भैरोपुर निजामत, डुमरी, जलालपुर तथा मुसेपुर पंचायत के कई गांव बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। तिवारी घाट, नोनिया टोली, माली टोला और पुरातात्विक स्थल चिरांद में कटाव शुरू हो चुका है। कई स्थानों पर पुल-पुलिया एवं डायवर्सन पर पानी बहने लगा है, जिससे जिला मुख्यालय से दियारा क्षेत्र का संपर्क कभी भी टूट सकता है।





**नाव की व्यवस्था नहीं, जनप्रतिनिधियों में नाराजगीः**

दियारा क्षेत्र के लोग आजीविका, खेतीबाड़ी और पारंपरिक पर्व-त्योहार के सिलसिले में नाव से आवाजाही करते हैं, लेकिन अब तक सरकारी स्तर पर किसी भी पंचायत में नाव की व्यवस्था नहीं की गई है।

# बिहार राज्य सहकारी बैंक लि० की 76वीं वार्षिक आमसभा आयोजित

## होटल सी.पी. पैलेस, एक्जीविशन रोड, पटना में आहुत की गयी

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 76वीं वार्षिक आम सभा में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार प्रदेश के उप मुख्यमंत्री - सह- वित्त मंत्री, बिहार सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री - सह-कृषि मंत्री, विजय कुमार सिन्हा एवं सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार की उपस्थिति रही। बैठक की अध्यक्षता बैंक के माननीय अध्यक्ष रमेश चन्द्र चौबे द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष, एन.सी.सी. एफ-सह-अध्यक्ष, बिस्कोमान विशाल सिंह, अस्थावाँ के विधायक डा. जितेन्द्र कुमार, गुरूवा के विधायक विनय कुमार, निबंधक सहयोग समितियाँ बिहार अंशुल अग्रवाल, भा०प्र०से० की उपस्थिति रही। वार्षिक आम सभा का प्रारंभ राष्ट्रीयगाण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे बिहार राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष रमेश चन्द्र चौबे द्वारा बताया गया कि वार्षिक आमसभा संस्था के प्रति आस्था का परिचायक है। मुख्य रूप से सहकारिता की परिकल्पना ग्ग्रमिण क्षेत्रों के गरीबों, मजदुरों के आर्थिक स्थिति मैं सुधार के उद्येश्य से की गई है। समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों को मदद करना हीं सहकारी बैंकों की प्राथमिक्ता है। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में बैंक द्वारा कुल 78 करोड़ रुपए का भशुद्ध लाभ अर्जित किया गया है। माननीय अध्यक्ष द्वारा राज्य के किसान एवं जिला कन्द्रीय सहकारी बैंक के हित में माँग पत्र माननीय उप मुख्यमंत्री को सौंपा गया।

अंशुल अग्रवाल, भा०प्र०से०, निबंधक सहयोग समितियाँ, बिहार ने कहा कि अन्य व्यवसयिक बैंकों की तरह बिहार राज्य सहकारी बैंक ने बाँकीपूर शाखा में गोल्ड लोन योजना एवं पेमेंट गेटवे का शुभारंभ किया गया। इस सुविधा के तहत ग्राहकों को डिजिटल माध्यम से लेन-देन की सुविधा प्राप्त होगी तथा बैंकिंग प्रक्रिया और अधिक सरल एवं पारदर्शी बनेगी। 76 वीं वार्षिक आम सभा के सफल आयोजन एवं राज्य में सहकारी बैंकों के विकास की कामना करते हुए उनके द्वारा सभी को धन्यवाद दिया गया।

डा० जितेन्द्र कुमार विधायक सह अध्यक्ष, जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक लि० नालंदा द्वारा बताया गया कि कॉमसियल बैंकों की तर्ज पर सहकारी बैंक कार्य रहें हैं परन्तु उन्हें वह दर्जा नहीं दिया जा रहा है। उनके द्वारा केसीसी 0% पर किसानों को दिए जाने का अनुरोध किया गया। बैंक के उत्रोत्तर विकास की कामना करते हुए निदेशक मंडल के सदस्यगण, अंशधारकों तथा आगत अतिथिगण को धन्यवाद दिया गया।

विनय कुमार विधायक-सह- जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक मगध द्वारा 76 वीं वार्षिक आम सभा के सफल आयोजन हेतु आगत अतिथियों का आभार प्रकट




करते हुए धन्यवाद दिया गया। साथ हीं उटफकी तिथि विस्तार करने का अनुरोध एवं ओटीसएस मद में दी गई छुट का बजट में प्रावधान करते हुए अनुदान स्वरूप सहायता राशि की माँग राज्य सरकार से की गई। विशाल सिंह अध्यक्ष एन.सी.सी.एफ सह माननीय अध्यक्ष बिस्कोमान द्वारा बताया गया कि सहकारी बैंकों की भूमिका को देखते हुए आर्थिक सुद्दढिकरण हेतु विभिन्न योजनाओं की सरकारी राशि राज्य के सहकारी बैंकों में रखने की व्यवस्था करने की माँग कई वर्षों से राज्य सरकार से किया जाता रहा है आशा एवं विश्वास है कि माननीय मंत्री द्वारा इस पर आवश्यक पहल किया जाएगा। उनके द्वारा सुझाव दिया गया कि मिटटी जाँच की प्रक्रिया में सहकारी बैंकों को भी शामिल किया जाए। उनके द्वारा सभी आगत अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। प्रेम कुमार, माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग, बिहार द्वारा मधुमक्खी पालन, मत्स्य पालन, दुग्ध उत्पादन में शामिल समितियों के उत्थान एवं आय दुगना करने हेतु कार्य योजना बनाने के लिए अपने संबोधन में बताया गया। उनके द्वारा बताया गया कि एक भाव के रूप में सहकारिता हमारे संस्कृति का अभिन्न अंग है। आर्थिक रूप से सशक्त राष्ट्र निर्माण में सहकारिता की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। जिसमें राज्यव्यापी विकेन्द्रीकृत संरचनात्मक उपस्थिति, उपस्थिति, सदस्यों का व्यापक जनाधार प्रजातांत्रिक नेतृत्व एवं प्रबंधन, कृषि क्षेत्र से सक्रिय जुड़ाव तथा जमीनी स्तर पर कार्य करने की क्षमता सहकारिता को ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास का सशक्त माध्यम बनाती है। माननीय मंत्री द्वारा उपस्थित सभी आगन्तुकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। साथ हीं बैंक के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। उटफकी तिथि बढ़ाने हेतु मंत्री, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामले प्रहलाद जोशी जी से वार्ता करने हेतु बताया गया। विजय कुमार सिन्हा उप मुख्य मंत्री सह कृषि मंत्री, बिहार, द्वारा बतया गया कि प्रत्यक्ष रूप से राज्य की 76 प्रतिशत जनसंख्या कृषि कार्य पर आधारित है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार हर किसान हर राज्य के हर व्यक्ति के साथ खड़ी है। उन्होनें महिला सशक्तिकरण पर बल दिया। कृषि विभाग से जो सहयोग की जरूरत पड़ेगी पूरी उदारता के साथ पूरी ताकत के साथ हम लोग मदद करेंगे । कृषि के समग्र विकास में सहकारी संस्थाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्य में कृषि के उत्तरोत्तर विकास हेतु सहकारिता प्रक्षेत्र की भूमिका का भी विस्तार हुआ है। अमित शाह, माननीय सहकारिता मंत्री, भारत सरकार के नेतृत्व में जब से सहकारिता मंत्रालय का गठन किया गया है फलस्वरूप सहकारी बैंक, कृषि, डेयरी, बुनकर, मधु, मत्स्य एवं अन्य कृषि आधारित व्यवसायों के विकास में कांतिकारी आयाम स्थापित किया गया है। सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री, बिहार द्वारा बताया गया कि राज्य में सहकारिता के माध्यम से केवल 24 लाख लोग हीं जुड़े है उसे कम से कम एक करोड़ लोग को जोड़ा जाए। उनके द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री जी के निर्देश पर अमृत सरोवर का भी निर्माण लगभग सभी जिले में हुआ है और इसको और आगे बढ़ना चाहिए कृषि सहकारी एवं पशुपालन तीनों को एक साथ जोड़ा जाए। उनके द्वारा बताया गया कि मत्स्य पालन के क्षेत्र में बिहार राज्य के पास बहुत सारी संभावनाएँ हैं परोसी राज्य झारखंड में आज भी मछली के क्षेत्र में लगभग 70% का डिफिसिट है जो हमारे व्यवसाय दृष्टिकोण से काफी अच्छा है। उनके द्वारा आश्वासन दिया गया कि राज्य में सहकारी बैंक एवं सहकारी समितियों के विकास हेतु वित्त विभाग यथा संभव प्रयास करेगा। सरकारी राशि सहकारी बैंकों में रखने हेतु भी उनके द्वारा आश्वस्त किया गया। उक्त कार्यक्रम में अभय कुमार सिंह अपर सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना, अपर निबंधक, स०स० प्रभात कुमार, संयुक्त निबंधक, पटना प्रमण्डल, बैंक के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार सिंह, बैंक के सभी अंशधारकगण एवं निदेशक मंडल के सदस्यगण की उपस्थिति रही।

# अलग-अलग घटनाओं में डूबने से दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाना क्षेत्र के अमरपुर गांव में पोखर में डूबने से एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि बुजुर्ग पिछले दो-तीन दिनों से घर से गायब थे, वहीं रविवार के दिन बुजुर्ग का शव पोखर में तैरता मिला जिससे गांव में खलबली मच गई। इधर घटना की सूचना पाकर मखदुमपुर थाने की पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घटना की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष ने बताया के मृतक बुजुर्ग व्यक्ति की पहचान अमरपुर गांव निवासी 56 वर्षीय इंदल मांझी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मृतक मानसिक रूप से भी कुछ कमजोर था और वो पहले भी घर से तीन-चार दिन तक गायब रहा था। इसी को लेकर इस बार भी घर वाले इंदल की बहुत खोजबीन नही किये। इसी क्रम में रविवार के दिन में अचानक इंदल मांझी का शव गांव के समीप पोखरा से बरामद हुआ हैं। पुलिस का अनुमान है कि बुजुर्ग इंदल शौच के लिए पोखर के किनारे गए होंगे और पैर फिसलने के कारण वह गहरे पानी में चले गए जिससे उनकी मौत हो गई। इंदल के पार्थिव शरीर को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौप दिया गया है। वहीं दूसरी ओर विसुनगंज थाना क्षेत्र के महगोपुर गांव में उस समय सनसनी मच गई जब गांव के ही 60 वर्षीय सियाराम यादव का गांव के समीप ही पोखर में डूबकर मौत हो गई। घटना की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों का भीड़ इकट्ठा हो गया और किसी तरह उनका शव पानी से बाहर निकाला गया। मौके पर पहुंची विशुनगंज थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष फूलचंद कुमार यादव ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा सूचना दिया गया की महगोपुर गांव में शौच करने के दौरान पानी में डूबने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि बुजुर्ग शौच करने पोखर के समीप गए होंगे और पैर फिसलने के कारण वे गहरे पानी में चले गए जिससे उनकी मौत हुई होगी।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो छात्राएं घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** कुटुंबा थाना क्षेत्र के गोल गरीबा गांव के समीप कोचिंग जा रही दो छात्रा आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई। दोनों घटनास्थल पर ही बेहोश हो गई। स्थानीय लोगों ने दोनों छात्राओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया। बेहोश हुई छात्रा की पहचान थाना क्षेत्र के उर्दाना गांव निवासी उमेश पासवान की पुत्री 17 वर्षीया सिंपी कुमारी व बिचकुरवा गांव निवासी प्रमोद चौधरी की बेटी 16 वर्षीया निशा कुमारी के रूप में की गई है। रविवार की सुबह साढ़े नौ बजे परिजनों ने बताया कि दोनों छात्राएं घर से कोचिंग के लिए पैदल निकली थी। जैसे ही गोल गरीबा गांव स्थित टावर के समीप पहुंची, तभी तेज गर्जन के साथ बारिश शुरू हो गयी। इस दौरान छात्राओं से कुछ दूरी पर ठनका गिरा, जिसकी चपेट में आकर दोनों बेहोश हो गई। सूचना मिलते ही कुटुंबा रेफरल अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी एम्बुलेंस लेकर पहुंचे तथा दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों के द्वारा इलाज किया गया।

# वाणावर में सावन के अंतिम रविवार में श्रद्धालुओं को उमड़ा जन सैलाब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** श्रावणी मेले के अंतिम रविवार को मखदुमपुर प्रखंड क्षेत्र के वाणावर पहाड़ स्थित बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं का उमड़ा जन सैलाब। सावन के चौथे और अंतिम रविवार पर लगभग डेढ़ लाख श्रद्धालुओं ने बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक किया। रविवार प्रातः काल से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। श्रद्धालुओं की अपार भीड़ से पहाड़ पर ऊपर से नीचे तक लोगों का कतार लगा रहा। हालांकि इस दौरान चुस्त प्रशासनिक व्यवस्था के कारण बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में बड़ी सहजता से लोग जलाभिषेक करते नजर आए। श्रद्धालु पहाड़ी इलाका के हथियाबोर, पातालगंगा एवं बावन सीढ़ियां इलाके में बने जलस्रोत से स्नान कर पहाड़ की चोटी पर स्थित बाबा सिद्धेश्वरनाथ मंदिर पहुंचे और कतार में खड़े होकर मंदिर के मुख्य द्वार पर लगे अर्धा के माध्यम से बाबा सिद्धेश्वर नाथ को



पुष्प जल और बेलपत्र आदि अर्पित कर जलाभिषेक किया। मौके पर श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसको लेकर प्रशासन द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए थे। मेला प्रशासन को भी अंतिम रविवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की आशंका पहले से थी, लिहाजा जगह-जगह पर पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी। वही मंदिर के चारो तरफ ब्रेकेटिंग की गई है। श्रद्धालुओं के लिए पीने का पानी, मेडिकल सुविधा, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, लाइटिंग इत्यादि की भी सुविधा की गई है। वहीं श्रद्धालुओं द्वारा बोल बम हर हर महादेव की जय घोष से पूरा पहाड़ी इलाका गूंजता रहा। मंदिर के प्रबंधक भानु प्रताप उर्फ गुड्डू सिंह ने बताया कि सावन के चौथे और अंतिम रविवार पर इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे जिसका अनुमान पहले से किसी ने नहीं लगाया होगा।उन्होंने बताया कि अंतिम रविवार के दिन डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में पूरी आस्था के साथ जलाभिषेक किया।

**जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक पहुंचे वाणावर**

पिछले वर्ष वाणावर में हुए हादसे से जिला प्रशासन इस बार पूरी तरीके से सतर्क नजर आ रही है। पदाधिकारियों से किसी प्रकार की चूक ना हो इसको लेकर हर रविवार एवं सोमवार की रात्रि जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक खुद वाणावर जाकर स्थल का निरीक्षण करते हैं। इस दौरान जिलाधिकारी अलंकृता पांडे और पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने वाणावर श्रावणी मेला का निरीक्षण करते हुए मौजूद पदाधिकारियों आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। वही इस रविवार के दिन श्रद्धालुओं का जन सैलाब देख, रविवार की दोपहर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक अपने पूरे लव लश्कर के साथ वाणावर पहाड़ स्थित बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर पहुंचे और पदाधिकारियों को मुस्तेदी के साथ डटे रहने की नसीहत दिए। इस दौरान काफी देर तक जिले के दोनों आलाधिकारी वहीं मौजूद रहे।

# अवैध आरा मिल संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** वन संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा सख्त कदम उठाते हुए कसाई मोहल्ला, काको स्थित एक अवैध आरा मशीन पर छापेमारी की गई। इस दौरान अवैध रूप से संचालित मिल को जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान मिल में प्रयुक्त सभी मशीनों को जब्त कर सील किया गया। साथ ही, बड़ी मात्रा में अवैध लकड़ी भी बरामद की गई, जिसमें शीशम के लट्ठे ,चिरान ईंधन लकड़ी शामिल हैं। यह सभी लकड़ियां भी वन अधिनियम की उल्लंघना करते हुए अवैध रूप से संग्रहित की गई थी, जिन्हें जब्त कर कानूनी प्रक्रिया के अंतर्गत ले जाया गया है। बताया गया कि इस तरह की अवैध गतिविधियां न केवल वनों की क्षति का कारण बनती हैं, बल्कि यह गंभीर दंडनीय अपराध है। अवैध लकड़ी की कटाई, संग्रह, परिवहन या प्रसंस्करण पर सख्त प्रतिबंध है। यह अपराध गैर-जमानती श्रेणी का है तथा इसके लिए एक वर्ष तक का कारावास अथवा रु0 10,000/- तक का जुर्माना, या दोनों दंड का प्रावधान है। जिला प्रशासन ने आमजनो से भी अपील की है कि वे अपने आस-पास यदि किसी प्रकार की अवैध आरा मिल का संचालन होते देखते हैं तो तुरंत इसकी सूचना जिला प्रशासन को दें।

# श्रावणी महोत्सव पर महिला नवसंकल्प संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** स्थानीय शहर के ताज रेस्ट हाउस में श्रावणी महोत्सव सह महिला नवसंकल्प संवाद कार्यक्रम का आयोजन डॉ इंदु कश्यप के नेतृत्व में आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। आगत महिलाओं का स्वागत कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्वविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका डॉ. कावेरी वेंकटेश ने अपने उद्बोधन से किया। उन्होंने अपने संबोधन संस्कृत के प्रसिद्ध वाक्य 'यत्र नार्यस्तु पूज्यते रमंते तत्र देवता' के साथ किया। उन्होंने कहा कि जहां नारी का सम्मान होता है वहां देवताओं का वास होता है। इस दौरान कार्यक्रम में शामिल महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रस्तुति से शम्मा बांधा इस दौरान



दिव्यांशी ने गणेश वंदना की प्रस्तुति से कार्यक्रम में भक्ति का भाव भर दिया। कार्यक्रम के दौरान अनीता पाण्डेय की कजरी गीत, ब्यूटी कुमारी की सावन महोत्सव पर प्रस्तुत किए गए नृत्य पर तालियों से खूब सराहना मिली।कार्यक्रम में मंच संचालन सावित्री सुमन ने किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं की रचना सावन गीत की प्रस्तुति भी दी। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित लोजपा (आर) के महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. इंदु कश्यप ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं के माध्यम से संवाद करते हुए कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके उत्थान के बिना किसी भी राष्ट्र या समाज का विकास संभव नहीं है। उन्होंने महिलाओं को संवैधानिक अधिकारों से परिचित कराते हुए कहा कि घरेलू हिंसा, शोषण और उत्पीड़न से लड़ने के लिए सरकार ने महिलाओं के लिए कई संवैधानिक प्रावधान जरूर किए हैं लेकिन अधिकारों की प्राप्ति के लिए हमें भी जागरूक और सजग होना होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वयं सामाजिक कुरीतियों से बाहर निकलकर अपनी शिक्षा, समानता और रोजगार के लिए संघर्ष करना होगा। उन्होंने इस बात पर बल देते हुए कहा कि समाज में बराबरी का हक पाने और सम्मान के साथ जीवन यापन के लिए हमारी बहनों को शिक्षित और जागरूक होना बहुत जरूरी है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के लिए संकल्पित होने का आह्वान करते हुए कहा कि महिला अधिकारिता और शसक्तीकरण से ही विकसित और समृद्ध राष्ट्र की संकल्पना को हम पूरा कर पाएंगे।

# पूर्व विधायक रामशरण यादव की पुण्यतिथि की तैयारी को लेकर भाकपा की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं की एक अहम बैठक शनिवार को हसपुरा बस स्टैंड के समीप पूर्व विधायक स्व. रामशरण यादव की प्रतिमा स्थल स्थित पुस्तकालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता अवध किशोर सिंह ने की। बैठक में आगामी 13 अगस्त को स्वर्गीय रामशरण यादव की 20वीं पुण्यतिथि समारोह को ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। पूर्व जिला मंत्री जगनारायण सिंह 'विकल', जिला कार्यसमिति सदस्य नागेश्वर यादव और अंचल मंत्री अधिवक्ता चन्द्रशेखर सिंह ने जानकारी दी कि पुण्यतिथि समारोह प्रतिमा स्थल के प्रांगण में धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। नेताओं ने बताया कि इस अवसर पर सभी दलों के गणमान्य जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं आम नागरिक शामिल होंगे। समारोह की व्यापक सफलता और अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रचार-प्रसार हेतु पंचायत स्तर पर अलग-अलग टीमें गठित कर दी गई हैं। बैठक में वक्ताओं ने स्व. रामशरण यादव को गरीबों, किसानों और मजदूरों के हक के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष करने वाला जननेता बताया।

# रामचरितमानस की महत्ता पर विचार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुटुंबा (औरंगाबाद)।** मानस महामंडल के तत्वावधान में शनिवार को कुटुंबा में महाकवि और रामभक्त गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और मंगलाचरण से हुआ। इसके उपरांत तुलसीदास जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। गोष्ठी की अध्यक्षता रामलखन तिवारी ने की, जबकि संचालन चंद्रशेखर प्रसाद साहु ने किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने तुलसीदास जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सिद्धेश्वर सिंह ने कहा कि तुलसीदास हिंदी के सबसे श्रद्धेय कवि रहे हैं। उन्होंने संस्कृत के विद्वान होते हुए भी जनमानस की




भाषा–अवधी–में रामचरितमानस की रचना की, जिससे हर पीढ़ी उन्हें स्नेह और सम्मान से स्मरण करती है। वे भक्ति युग के सर्वोच्च कवि थे, जिनकी रचनाओं में सहज श्रद्धा और अनन्य अनुराग की अनुभूति होती है। डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा ने कहा कि आज जब लोग साहित्य से विमुख हो रहे हैं, ऐसे समय में तुलसी जयंती का आयोजन प्रेरणादायक है। रामचरितमानस एक कालजयी ग्रंथ है, जो भारतीय समाज को पशुत्व से देवत्व की ओर ले जाने की प्रेरणा देता है। डॉ. शिवपूजन सिंह ने कहा कि रामचरितमानस केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना को जागृत करने वाला ग्रंथ है। आज के युग में मोबाइल से ज़्यादा मानस के पन्ने पलटने की आवश्यकता है। प्रो. राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि सत्यं, शिवं, सुंदरम का सजीव उदाहरण रामचरितमानस है, जिसमें सभी पात्रों के बीच समन्वय और सद्भावना का संदेश है। धनंजय जयपुरी ने तुलसीदास के जीवन को विलक्षण बताया और कहा कि उनकी रचनाएं सनातन परंपरा के प्रसार में आज भी प्रासंगिक हैं। कवि नागेंद्र दुबे ने कविता पाठ सुनाऊंगा रात का किस्सा, धरा पर चांद आया था से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। विनय मामूली बुद्धि ने रामचरितमानस के नियमित पाठ की आवश्यकता बताई, वहीं राजेश्वर सिंह ने इसे भक्ति, धर्म और कर्म की त्रिवेणी कहा। पुरुषोत्तम पाठक ने कहा कि गाड़ी में चलो लेकिन संस्कार मत भूलो, तुलसी की रचनाएं हमें जीवन के सही मार्ग की ओर ले जाती हैं। सावित्री सिंह ने तुलसीदास को संत कवि बताया, जिनकी रचनाओं से जीवन के मूल्य मिलते हैं। उमेश सिंह ने रामचरितमानस को हिंदी साहित्य का सर्वोत्तम महाकाव्य कहा।

# कार्यशाला में भाजपा ने बूथ सशक्तिकरण को लेकर की चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर पर कार्यशाला का आयोजन कर रही है। इसी क्रम में रविवार को ग्राम पंचायत कर्मा बसंतपुर के बारियांवा एवं ग्राम पंचायत तेलहारा के ढोंगरा गांव में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कर्मा बसंतपुर पंचायत के बैठक की अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष पंकज सिंह तथा तेलहारा पंचायत की अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष संतन सिंह ने की। इस दौरान मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने बताया कि कर्मा बसंतपुर व तेल्हारा पंचायत के सभी बूथों का कमिटी का पुनर्गठन और सत्यापन कर लिया गया है। उन्होंने पंचायत अध्यक्ष को निर्देश दिया कि मतदाता पुनरीक्षण अभियान में जिन योग्य मतदाताओं का नाम किसी कारणवश छूट गया है, बीएलओ से संपर्क कर नियमानुसार उनका नाम मतदाता सूची में शामिल कराएं। साथ ही सभी बीएलए का हस्ताक्षर और फोटो निहित प्रपत्र की तीन कॉपी अविलंब मंडल कार्यालय में जमा करा दें। इस अवसर पर पंकज सिंह, पूनम देवी, अजित गुप्ता, प्रेमशंकर सिंह, विपुल कुमार सिंह, मनीष कुमार, रंजय कुमार सिंह, राम स्वरूप सिंह, रविरंजन सिंह, मनजीत कुमार सिंह, गिरीश सिंह, रंजीत कुमार सिंह, प्रवीण सिंह, इंद्रजीत सिंह, शैलेन्द्र सिंह, कलिका सिंह आदि उपस्थित थे।

# जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने अपनी जीवन लीला समाप्त करने की कोशिश की, लेकिन परिजनों के सुझबुझ से जान बचाई गई। मामला बारुण थाना क्षेत्र के सोननगर गांव की है। युवक की पहचान उस गांव निवासी आनंद मोहन के पुत्र धीरज कुमार के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में परिजनों ने बताया कि घरेलू विवाद में दंपत्ति के बीच विवाद हो गया जिसमें धीरज ने आवेश में आकर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। इलाज के दौरान धीरज ने बताया कि पांच वर्ष पूर्व उसकी शादी रोहतास जिले के सासाराम में हुई थी। उसका एक बेटा और बेटी है। वह ऑटो चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। रविवार की सुबह उसकी पत्नी डिंपल रक्षाबंधन पर्व को लेकर मायके जाने की बात कहीं। लेकिन धीरज ने पत्नी को मायके जाने से मना किया तो दोनों के बीच विवाद हो गया और आवेश में आकर धीरज ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जब उसे चक्कर, उल्टी और दस्त की शिकायत हुई तो परिजन आनन-फानन में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरुण लेकर पहुंचे, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इधर, सदर अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा फिलहाल धीरज का इलाज किया जा रहा है।

# गायत्री परिवार ने किया साप्ताहिक पौधारोपण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के द्वारा 218वें रविवासरीय साप्ताहिक पौधरोपण का कार्यक्रम काको प्रखंड के मई गांव में स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में किया गया। इस दौरान वृहत पैमाने पर किए वृक्षारोपण कार्यक्रम में गाँव के बुद्धिजीविओं ने बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया। मौके पर उपस्थित आईआईटी धनबाद के शोधार्थी छात्र रितेश रंजन ने कहा कि मानसून के पानी का भंडारण जरुरी है, परन्तु बड़े बांधों में भंडारण करना हानिप्रद है, क्योंकि इनसे वाष्पीकरण अधिक होता है। उन्होंने बताया कि इसके लिए यही उपाय है कि वर्षा जल का भंडारण भूमिगत एक्वीफरों में किया जाए। उन्होंने बताया कि धरती के गर्भ में विशाल तालाब होते हैं, जिन्हें एक्वीफर कहा जाता है। वर्षा के पानी को ट्यूबवेलों के माध्यम से इन एक्वीफरों में डाला जा सकता है। नदियों द्वारा पहाड़ से लाये जा रहे पानी को भी नियंत्रित करके इन ट्यूबवेलों में डाला जा सकता है. एक्वीफर में पड़े पानी का वाष्पीकरण नहीं होता है। गांवों को ऊँचे स्थानों पर तथा मकानों को स्टिलट पर बनाना चाहिए, जिससे बाढ़ से जान-माल का नुकसान न हो। गायत्री परिवार के प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के जिला समन्वयक रंगेश कुमार ने बताया कि वृक्ष, बाढ़ नियंत्रण के लिए एक प्राकृतिक और प्रभावी उपाय है। उन्होंने उपस्थित लोगों को बताया कि वृक्षों की कटाई से बाढ़ का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए वृक्षों का संरक्षण और वृक्षारोपण बाढ़ नियंत्रण के लिए महत्वपूर्ण है। प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ द्वारा चलाये जा रहे पौधरोपण जैसे रचनात्मक कायक्रम की ग्रामवासियों द्वारा सराहना की गई।इस अवसर पर रंगेश कुमार, कौशल कुमार, हरिजी, श्यामनारायण कुमार, शिशुपाल सिंह, नवीन कुमार, सत्येंद्र कुमार, भारती जी, अभिनव कुमार, सूर्यदेव नारायण सिंह, अरुण कुमार, उमेश शर्मा, सुधीर कुमार, सर्वेंद्र कुमार, शुभम, शिवम और अमन कुमार उपस्थित थे।

## ऑटो को काबू करने में चालक जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** देव थाना क्षेत्र के जंगी मुहल्ला में बच्चे द्वारा ऑटो चालू कर दिया। ऑटो को रोकने में चालक जख्मी हो गया। चालक की पहचान उस मुहल्ला निवासी चंदन कुमार के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल चंदन ने बताया कि घर के बाहर उसका ऑटो खड़ा था और एक बच्चा ऑटो पर बैठा हुआ था। अचानक बच्चें ने किसी तरह ऑटो को चालू कर दिया। ऑटो को आगे बढ़ते देख चंदन ने जैसे तैसे लोगों की मदद से रोका। लेकिन इस दौरान वह जख्मी हो गया। उसके हाथ की दो-तीन उंगलियां कुचला गया।

# नवप्रवेशी छात्रों के लिए आरएलएसवाई कॉलेज में इंडक्शन मीट का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय, औरंगाबाद में सत्र 2025S2029 के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं के स्वागत में शनिवार को इंडक्शन मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवागंतुक विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक परंपराओं, अनुशासनात्मक व्यवस्थाओं और सह-पाठ्य गतिविधियों से परिचित कराना था। समारोह का आयोजन गरिमामय एवं प्रेरणादायक माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय रजक ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यह संस्थान केवल डिग्री प्रदान करने वाला केंद्र नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के चरित्र



और व्यक्तित्व को गढ़ने की कार्यशाला है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, समय प्रबंधन और समर्पण की भावना के साथ अध्ययन करने का आह्वान किया। डॉ. रजक ने कॉलेज की शैक्षणिक उपलब्धियों एवं पूर्व विद्यार्थियों की सफलताओं का उल्लेख करते हुए छात्रों को प्रेरित किया। इस अवसर पर बरसर डॉ. विवेक कुमार ने कहा कि यह समय नवचिंतन, आत्मविकास और सामाजिक उत्तरदायित्व को समझने का है। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता, नैतिक मूल्यों और सतत अध्ययन को जीवन का हिस्सा बनाने की सलाह दी। वहीं, प्रधान सहायक श्री कार्तिकेय तिवारी ने कहा कि आने वाले चार वर्ष न केवल शैक्षणिक बल्कि मानसिक और सामाजिक विकास के भी आधारशिला सिद्ध होंगे। उन्होंने छात्रों को कॉलेज की प्रशासनिक प्रक्रिया, छात्र सुविधाओं और मार्गदर्शन प्रणाली से अवगत कराया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत से हुई। इसके बाद वरिष्ठ छात्रों ने कॉलेज के विभिन्न विभागों, पाठ्यक्रमों, सांस्कृतिक एवं सह-पाठ्य गतिविधियों की जानकारी साझा की। मंच संचालन डॉ. विवेक कुमार द्वारा किया गया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण, प्रशासनिक कर्मचारी और बड़ी संख्या में नवप्रवेशी विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

# भूमि विवाद में मामा-भांजे आमने-सामने, एक दर्जन से अधिक घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** ओबरा थाना क्षेत्र के श्रीगोरया गांव में रविवार को भूमि विवाद को लेकर चचेरे मामा-भांजे के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस मारपीट की घटना में दोनों पक्षों से एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों का प्राथमिक उपचार ओबरा सीएचसी में कर प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल और फिर हायर सेंटर रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार, विवाद पहले से चला आ रहा था। मृतका लक्ष्मीनिया देवी की दो संतानें–संजय कुमार सिंह और धनंजय कुमार सिंह–अपनी मां के हिस्से की जमीन पर खेती कर रहे थे। बताया जाता है कि रविवार को अचानक उनके चचेरे मामा मुनारिक सिंह ट्रैक्टर लेकर उसी खेत में जुताई करने पहुंचे। इसका विरोध करने पर कहासुनी के बाद मामला बढ़ गया और देखते ही देखते लाठी-डंडा व धारदार हथियार से हमला शुरू हो गया। घायलों में एक पक्ष से अनिल सिंह (45), उनकी पत्नी धनवंती देवी (40), मुनील सिंह (35), उनका पुत्र रोहित कुमार (17), इंदू देवी (30), प्रीति कुमारी (14), संजय कुमार सिंह (35) व धनंजय कुमार (30) शामिल हैं। दूसरे पक्ष से मुनारिक सिंह समेत अन्य लोग घायल हुए हैं।

घटना की सूचना पर ओबरा थानाध्यक्ष नीतीश कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में लिया। उन्होंने बताया कि सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। गंभीर रूप से घायल मुनारिक सिंह को बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज, गया रेफर किया गया है। पुलिस ने घटनास्थल से कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों पक्षों से प्राप्त आवेदन के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार, पूर्व में भी इसी जमीन को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हो चुका है। रविवार की घटना से गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

# आरोपित के घर चिपकाया इश्तेहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** दहेज प्रताड़ना के एक गंभीर मामले में फरार चल रहे आरोपी के खिलाफ रफीगंज पुलिस ने रविवार को सख्त कदम उठाते हुए न्यायालय के आदेशानुसार इश्तहार चस्पा किया। ढोल बजाकर की गई इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी के घर पहुंचकर सार्वजनिक रूप से नोटिस लगाया, जिससे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रफीगंज थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 15 निवासी अफरोज खां, पिता नूरुद्दीन खां, दहेज प्रताड़ना मामले में न्यायालय द्वारा फरार घोषित है। थाना अध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई चांद बिगहा निवासी वादिनी गौसिया सुलताना की ओर से दर्ज कराए गए एफआईआर के आधार पर की गई है। पीड़िता के अनुसार, 19 अक्टूबर 2024 की रात आरोपितों ने मिलकर साजिश के तहत गला दबाकर हत्या करने की कोशिश की, साथ ही मिट्टी का तेल छिड़ककर जलाने की कोशिश भी की गई। शोर मचाने पर मोहल्ले वालों के हस्तक्षेप से उनकी जान बच सकी। इस गंभीर घटना के बाद पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी, जिनमें से मुख्य आरोपी अफरोज खां फरार चल रहा है। अब न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने उसके घर इश्तहार चस्पा कर दिया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि यदि आरोपी समय रहते न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नहीं होता है तो आगे कुर्की-जप्ती की कार्रवाई की जाएगी।

# जनता हमें चुन चुकी, केवल जीत की औपचारिकता बाकी : चुन्नू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जनता हमें अपना प्रतिनिधि पहले ही मान चुकी है अब केवल टिकट मिलना और जीत की औपचारिकता है बाकी। उक्त बातें हम के राष्ट्रीय सचिव रितेश कुमार उर्फ चुन्नू शर्मा ने पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों के दौरान जनता जनार्दन का मिल रहा प्यार और अपार समर्थन इस बात का प्रमाण है कि हमें लोग दिल से चाहते हैं और बाकी अपना प्रतिनिधि बनाने की औपचारिकता वे चुनाव में पूरा कर देंगे। उन्होंने कहा कि हमें लोगों के दुख दर्द और समस्याओं के निराकरण के लिए हर स्तर पर काम करने का अनुभव रहा है जिसके कारण हमने हर प्रकार की परिस्थितियों में काम करके जनता की समस्याओ को दूर करने का प्रयास किया है। वार्ड पार्षद से लेकर उपाध्यक्ष, अध्यक्ष के रूप में काम करने का मेरा अनुभव रहा है और इसी कारण जनता के हर दुख दर्द को वह बहुत गहराई से पहचानते हैं। उन्होंने कहा कि उनका जनता से एक आत्मीय और गहरा जुड़ाव हो चुका है। इसी जुड़ाव का नतीजा है कि यहां सम्मान समारोह में अपार समर्थन और लोगों की भीड़ से जगह कम पड़ गई है। उन्होंने बताया कि यह मेरे प्रति जनता का स्नेह और अपार प्रेम को दर्शाता है। उन्होंने इसके लिए जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का यह प्यार हमेशा बना रहेगा यह हम जनता से आशा करते हैं और हम भी हर परिस्थिति में उनके सुख-दुख में उनके साथ खड़े होंगे यह विश्वास दिलाते हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन से हर दल अपने लिए टिकट का प्रयास करेंगे लेकिन टिकट उन्हीं को मिलेगा जिन्हें जनता पसंद करेगी। आरजेडी के प्रत्याशी के द्वारा लगातार दो बार जहानाबाद विधानसभा की सीट पर जीत दर्ज किए जाने के बाद वो अपने जीत पर कितना आश्वस्त हैं इस सवाल पर उन्होंने कहा कि जनता के सामने अभी तक कोई मजबूत दावेदार और उनके बीच काम करने वाला प्रत्याशी नहीं मिला यही कारण है कि राजद के प्रत्याशी यहां से जीत दर्ज कर पाए हैं। इस बार जनता की पसंद का प्रत्याशी मिलेगा तो नतीजा सबके सामने होगा।

# संपतचक में पिपरा के पास डायवर्सन ध्वस्त

## लोगों केलिए आवागमन में परेशानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**फुलवारीशरीफ।** पटना के रामकृष्ण नगर को पिपरा गांव से जोड़ने वाला बादशाही पईन पर बना वर्षों पुराना पुल पहले ही ध्वस्त हो चुका था, लेकिन अब बारिश के चलते बनाया गया वैकल्पिक डायवर्सन भी रविवार को टूट गया। इससे संपतचक प्रखंड के दर्जनों गांवों का मुख्य संपर्क मार्ग पूरी तरह बंद हो गया है। बताया जाता है कि वर्ष 1982 में बना यह पुल बीते वर्ष एक बालू लदे हाईवा ट्रक के गुजरते वक्त टूट गया था. इसके बाद से आवागमन के लिए केवल अस्थायी डायवर्सन ही विकल्प था, जो इस बार की मूसलधार बारिश में तेज धार के साथ बह गया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि अब गांव पहुंचने के लिए उन्हें कई किलोमीटर लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा है। कई लोगों की साइकिल पानी में बह गई। बच्चों और बुजुर्गों को पार करते समय गिरते-गिरते बचाया गया। लोग अब बसई नल के तेज बहाव में जान जोखिम में डालकर आने-जाने को मजबूर हैं। इस रास्ते से रामकृष्ण नगर, यमुना विहार, डोमनचक, दरियापुर, पिपरा, परसा, खैराटाली, भोगीपुर, मित्तल चक और भीलवाड़ा जैसे गांवों के हजारों लोग रोजाना आते-जाते हैं अब उनकी मुश्किलें और बढ़ गई हैं। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता वेद प्रकाश और ग्रामीणों ने कहा कि पुल ध्वस्त हुए एक साल से अधिक हो गया, लेकिन अब तक न तो टेंडर हुआ, न ही निर्माण शुरू हुआ। पूर्व मंत्री स्थानीय विधायक डॉ. रामानंद यादव ने पहले अधिकारियों को निर्देश देने की बात कही थी, पर अब तक धरातल पर कोई काम नहीं हुआ। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल पुल निर्माण कार्य शुरू किया जाए और तब तक सुरक्षित वैकल्पिक मार्ग बहाल किया जाए, जिससे आवागमन सामान्य हो सके वरना किसी दिन कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

## 'हर घर तिरंगा' अभियान में शामिल हुए भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत रविवार को लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने भाग लिया और देशवासियों से इस अभियान को जनआंदोलन बनाने की अपील की। ऋतुराज सिन्हा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि यह हमारी अस्मिता, गर्व और आजादी की पहचान है। उन्होंने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान, भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को स्मरण करने और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का प्रतीक बन चुका है। श्री सिन्हा ने लखनऊवासियों से अपील की कि वे अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराएं और देशभक्ति के इस उत्सव में सक्रिय भागीदारी करें। उन्होंने कहा, ''हर घर पर तिरंगा और हर दिल में भारत होना चाहिए। यह अभियान जन-जन तक पहुंचे, यही हमारा लक्ष्य है। भाजपा उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी बड़ी संख्या में इस आयोजन में हिस्सा लिया। इस दौरान देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई, बच्चों द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई और स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद किया गया। ऋतुराज सिन्हा ने युवाओं को विशेष रूप से इस अभियान से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि तिरंगे के माध्यम से हम अपनी सांस्कृतिक एकता, विविधता और लोकतांत्रिक मूल्यों को प्रकट करते हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर देशभर में 13 से 15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा' अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत लोगों से आग्रह किया गया है कि वे इन तिथियों के दौरान अपने घरों, प्रतिष्ठानों और वाहनों पर तिरंगा फहराएं और स्वतंत्रता दिवस को गौरवपूर्ण ढंग से मनाएं।

## एक नजर

### दहेज हत्या मामले में ससुर गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भगवानगंज थाना क्षेत्र के नदौना गांव से दहेज हत्याकांड मामले में फरार आरोपित ससुर ललेनद्र यादव पिता मुंशी यादव को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दरअसल बताया जाता है कि 15.10 2024 को नदौना गांव में दहेज हत्या को लेकर एक विवाहिता की गला दबाकर हत्या कर देने का मामला प्रकाश में आया था। जिसमें ससुराल पक्ष के पति सास ससुर देवर समेत छह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिसमें दो व्यक्तियों की गिरफ्तारी हो गई है। ऐसे में रविवार को ससुर ललेन्द्र यादव को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच पदाधिकारी ने कहा कि मृतक के पिता देवजीत प्रसाद पिता स्वर्गीय सूरत प्रसाद अशरफगंज धनरूआ के निवासी हैं जिन्होंने अपनी बेटी की शादी भगवानगंज थाना क्षेत्र के नदौना गांव में राहुल कुमार के साथ की थी। शादी के 1 साल बाद आपसी कलह में उसकी हत्या हो गई थी। जिसमें 6 लोगों पर केस दर्ज किया गया था। फिलहाल कई लोग की गिरफ्तारी हो चुकी है।

### साकेत सिंह राइफल क्लब का शुभारंभ

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के अख्तियारपुर ग्राम में बिहार स्टेट राईफल एसोसिएशन के द्वारा साकेत सिंह शूटिंग एकेडमी का शुभारंभ किया गया। पचीस मीटर व पचास मीटर एयर राईफल पिस्टल ट्रेनिंग का शुभारंभ श्रेयी सिंह कॉमन वेल्थ शूटिंग गोल्ड मेडलिस्ट सह जमुई विधायक ने शूटिंग एकेडमी का उद्घाटन किया। साकेत सिंह ने बताया कि बिहार स्टेट लेवल के चार सौ प्रतियोगी इस शूटिंग में भाग ले रहे हैं। निर्णायक मंडली में नेशनल राईफल एसोसियन के सचिव कुमार त्रिपुरारी सिंह, ग्वालियर से प्रियांशु गुप्ता, जगवंदन सेवा संस्थान से साकेत सिंह, दिल्ली से अंजन कुमार सिंह, एयरफोर्स से मतिश कुमार, अहमदाबाद से ओमप्रकाश पुष्पकर शामिल थे।आयोजक मंडली में जगवंदन सेवा संस्थान ग्रुप के प्रभाकर कुमार, बिटेश्वर पंडित, दीपक कुमार, सूरज कुमार आदि मौजूद थे।

### डीआरएम ने किया रेल खंड का निरीक्षण

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दानापुर मंडल रेल के पटना से झाझा के बीच पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रनाल सिंह एवं दानापुर मंडल रेल के प्रबंधक विनोद कुमार ने शनिवार के दिन पटना से झाझा की ओर जाते हुए विंडो निरीक्षण किया। हालांकि बाढ़ के रेलवे स्टेशन पर उनका सैलून नहीं रुक लेकिन स्टेशन प्रबंधन और रेल कर्मचारी पूरी तरह से ड्रेस में दिखे। रेल अधिकारी के आगमन की खबर के साथ ही कई यात्री अधिकारी से आजादी के अमृत महोत्सव के तहत बनने वाले नए रेल भवन में हो रहे देरी को लेकर अधिकारी को जानकारी देने के मूड में दिखे। साथ ही स्टेशन परिसर में व्याप्त अराजकता को लेकर भी लोग शिकायत के मूड में इंतजार करते रह गए।

### ग्रामीणों ने मुआवजे के लिए की सड़क जाम

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शनिवार की रात्रि अथमलगोला थाना क्षेत्र के गंजपर गांव के पास अज्ञात वाहन के द्वारा बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद गंभीर रूप से जख्मी हुए 30 वर्षीय सिंटू कुमार नामक गुलाब बाग निवासी की बाढ़ अनुमंडल अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में मौत हो गई। घटना के बाद परिजन लाश को उठाकर गांव लेकर चले गए और रविवार की सुबह गुलाब बाग चौक के पास सड़क पर रखकर मुआवजा की मांग करने लगे। करीब एक घंटे तक सड़क जाम रहने के बाद बाढ़ थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जाम को हटवाया और लाश का पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद परिजनों को सौंप दिया। वहीं घटना में दूसरा घायल व्यक्ति भी गंभीर स्थिति में है जिसका इलाज पटना में चल रहा है।

### लगातार बारिश से परेशानी

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लगातार कई दिनों से हो रहे मूसलाधार बारिश के चलते एक तरफ गंगा नदी का जलस्तर धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। वहीं दूसरी तरफ ग्रामीण क्षेत्र में बाढ़ के टाल क्षेत्र के महाने नदी का जलस्तर बढ़ जाने से सडकटी सैदपुर पंचायत के कई इलाके में किसानों के द्वारा लगाए गए धान की फसल पूरी तरह से जलमग्न हो गया है। वहीं नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने के चलते कई विद्यालय और ग्रामीण सड़क भी अब चपेट में आने लगा है। जिसके चलते ग्रामीण की परेशानी बढ़ गई है। वहीं दूसरी तरफ जहरीले जीव जंतु का भी खतरा बढ़ जाने से ग्रामीणों को काफी परेशानी होना शुरू हो गया है। सबसे ज्यादा परेशानी किसान तबके के लोगों को मवेशी के लिए चारा की उत्पन्न हो गई है। हालांकि अभी तक प्रशासनिक स्तर पर इन इलाकों का जायजा नहीं लिया गया है ताकि प्रभावित किसानों को उसका वास्तविक मुआवजा मिल सके।

### जूनियर इंजीनियर बनने का सपना साकार करेगा विधा एजुकेशन ग्रुप

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब मेधावी छात्र भी अब घर से बिना कोई सर्च किए सरकारी सुविधा से पॉलिटेक्निक कर जुनियर इंजीनियर बनने का सपना पूरा कर सकते हैं। 10वीं परीक्षा पास होने के बाद तकनिकी शिक्षा वर्तमान समय की आवश्यकता है। ऐसे में तकनिकी शिक्षा प्राप्त करने की चाहत रखने वाले वैसे विद्यार्थी जिन्हें सरकारी कॉलेज में मनचाहा ब्रांच नहीं मिल पाया हो, जिन्हें निश्चित प्लेनमेंट चाहिए हो, तो वैसे विधार्थी निराश न हो, उनके लिए इसी सत्र में मनचाहा ट्रेड विधा एजुकेशन ग्रुप के पॉलिटेक्निक कॉलेज में मिलना संभव है, वो भी बिहार सरकार के सुविधा के साथ यह संस्थान भारत सरकार के ए.आई सी.टी.ई.से प्राप्र है। उक्त बातें विधा एजुकेशन के प्रबंध निदेशक राहुल चन्द्रा ने बताया कि यहाँ नामांकन के लिए 6 अगस्त को सुबह 10 से 12 बजे तक नामांकन परीक्षा मसौढ़ी, पटना में आयोजित होगा। इच्छुक विद्यार्थी 6 अगस्त को सुबह 9 बजे तक पहुंचकर हाथों-हाथ एडमिट कार्ड में शामिल हो सकते हैं। बनवा कर परीक्षा में शामिल हो सकते है।

### संपतचक में बुनियादी सुविधाओं का अभाव

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना सदर अनुमंडल अंतर्गत संपतचक नगर परिषद के वार्ड नंबर 6 की स्थिति बदहाल है. इस बरसात में वार्ड की हर रास्ते पर पानी भरा है और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करते हुए आवाजाही करना पड़ रहा है. अधिकांश रास्तों पर अरोड़ा रमेश तो मिट्टी या बड़ा बड़ा पत्थर गिरा हुआ है जिससे आने-जाने में और परेशानियां ऊपर से बारिश का पानी जमा हो गया लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं कोई देखने वाला नहीं है.वार्ड पार्षद ममता देवी के प्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता अनिल यादव खुद इसी जलजमाव और कीचड़ भरे रास्ते में स्कूटी से गिर पड़े।

## वृक्षों को फ्रेंडशिप बैंड बांधकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**फुलवारीशरीफ।** अनीसाबाद स्थित कुमुदिनी शिशु विद्या मंदिर के छात्रों ने फ्रेंडशिप डे के मौके पर रविवार को विद्यालय परिसर में वृक्षों को फ्रेंडशिप बैंड बांधकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. छात्रों ने पेड़ों को सच्चा मित्र मानते हुए उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आयोजन कुमुदिनी एजुकेशनल कम चैरिटेबल ट्रस्ट के मुख्यालय परिसर में किया गया. बच्चों ने वृक्षों को सजाया, उन पर रंग-बिरंगे बैंड बांधे और पोस्टर-नारों के ज़रिए लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर ट्रस्ट की चेयरपर्सन उषा कुमारी ने कहा कि पेड़ हमारे असली मित्र हैं, जो हमें निस्वार्थ रूप से जीवनदायिनी ऑक्सीजन देते हैं. विद्यालय की प्राचार्या अंकिता कुमारी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में जिम्मेदारी और प्रकृति के प्रति जुड़ाव की भावना विकसित होती है।

## सावन महोत्सव के तहत मेहंदी एवं हरी साड़ी प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** धनरूआ के पंचायत सरकार भवन प्रांगण में रविवार को सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें कई कार्यक्रम किए गए। कार्यक्रम में हरी साड़ी परिधान के तहत कैटवॉक प्रतियोगिता, एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता धनरूआ मुखिया रानी कुमारी ने की। इस मौके पर धनरूआ पंचायत के कई गांव से आए जीविका दीदी और अन्य ग्रामीण महिला भी शामिल हुई। प्रतियोगिता के आयोजन में सभी महिला हरी हरी साड़ी पहन कर झूमते नजर आई और कैटवॉक करते नजर आई। जीविका दीदी के हाथों में मेहंदी लगाने के लिए कई स्कूली छात्र-छात्र भी शामिल हुई. हरी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार रिंकी कुमारी (धनरूआ), द्वितीय पुरस्कार पूजा कुमारी (डुमरा) तीसरा पुरस्कार बिंदु देवी (डुमरा) को मिला है वही मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्रेमलता (धनरूआ) द्वितीय पुरस्कार आंचल (शहरू) तीसरे पुरस्कार राखी कुमारी (शहरू) को दिया गया। मुखिया रानी कुमारी ने बताया कि प्रत्येक साल सावन के दिनों में सावन महोत्सव के तहत यह कार्यक्रम किया जाता है और धनरूआ पंचायत के विभिन्न गांव से जीविका दीदी, छात्राएं, किशोरी, महिलाएं इस कार्यक्रम में शामिल हुई है। हम सबों ने खूब इंजॉय किया है, और कहा सावन एक प्रकृति का एक ऐसा महीना होता है जहां हर चीज हरा भरा होता है।

## मसौढ़ी विधानसभा के विभिन्न बूथों पर दावा और आपत्ति के लिए विशेष शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 2 अगस्त से 31 अगस्त तक विशेष शिविर लगाए जा रहे है। इस शिविरों में मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए दावे और आपत्तियां ली जा रही हैं। ऐसे में मसौढी विधानसभा के सभी मतदान केंद्रों पर रविवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नए नाम जोड़ने के लिए प्रपत्र 6 और डी (घोषणा पत्र) संशोधन के लिए प्रपत्र 8 और नाम हटाने के लिए प्रपत्र 7 भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा किया जा रहा है। बता दें कि मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 26 जुलाई तक गणना प्रपत्रों के सत्यापन का कार्य पूरा कर लिया गया था। इसके बाद एक अगस्त को मतदाता सूची के ड्रॉफ्ट का प्रकाशन निर्वाचन आयोग के तरफ से जारी कर दी है। तत्पश्चात 2 से 31 अगस्त तक विशेष शिविरों का आयोजन कर दावा और आपत्ति जमा की जानी है। इस दौरान गणना प्रपत्र के सत्यापन के समय दस्तावेज नहीं जमा करने वाले मतदाता अपना दस्तावेज भी जमा कर सकेंगें। इसके बाद 30 को अंतिम मतदाता सूची जारी होनी है। वहीं जिन नागरिकों को अपने नाम, पते या अन्य विवरणों में संशोधन कराना है, वे प्रारूप-8 के माध्यम से आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकते हैं. बिहार के बाहर से स्थानांतरित होने वाले मतदाताओं को भी प्रपत्र-8 के साथ घोषणा पत्र (एनेक्सचर डी) संलग्न करना अनिवार्य होगा. दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं की सुविधा के लिए बीएलओ उनके घर-घर जाकर विहित आवेदन पत्र लेंगे। अनुमंडल पदाधिकारी ने आमजन से अपील की है कि वे समय पर अपने दस्तावेजों के साथ शिविरों में पहुंचकर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधन अथवा स्थानांतरण के लिए आवेदन करें, ताकि आगामी चुनावों में उनका लोकतांत्रिक अधिकार सुरक्षित रह सके।

## खेत में काम कर रहे तीन किसानों को जगली सुअर ने किया घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** रफीगंज प्रखंड के कजपा गांव में सोमवार को जंगली सूअरों के झुंड ने खेत में काम कर रहे तीन किसानों पर अचानक हमला कर दिया। इस हमले में तीनों किसान गंभीर रूप से घायल हो गए, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया और ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। घायलों की पहचान शिवनंदन मेहता के पुत्र दीपक मेहता, स्व. रामदास मेहता के पुत्र उपेंद्र मेहता और रामरतन मेहता के पुत्र पियूष उर्फ गांधी के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, तीनों किसान खेत में नियमित कार्य कर रहे थे, तभी झाड़ियों से निकले जंगली सूअरों के झुंड ने अचानक उन पर हमला बोल दिया और गंभीर रूप से घायल कर दिया। स्थानीय समाजसेवी अनिल कुमार मिश्र ने बताया कि घायल किसानों का प्राथमिक उपचार गांव के एक निजी अस्पताल में कराया गया, जिसके बाद उनकी हालत देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद रेफर किया गया है। अनिल मिश्र ने वन विभाग के अधिकारियों को घटना की जानकारी मोबाइल के माध्यम से दी और प्रशासन से इस दिशा में त्वरित एवं ठोस कदम उठाने की अपील की है। ग्रामीणों का कहना है कि जंगली सूअर अक्सर इस इलाके में दिखाई देते हैं और फसल को नुकसान पहुंचाते हैं, लेकिन इस तरह का हमला पहली बार हुआ है।

## मसौढ़ी में भाजपा की कार्यशाला में बूथ सशक्तिकरण पर जोर



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में बिजेपी का एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार ने की। संचालन संजीव कुमार यादव ने की। मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव, महादलित आयोग के सदस्य अजीत चौधरी, प्रदेश मंत्री धनराज शर्मा समेत सभी मंडलों के मंडल अध्यक्ष, पंचायत के पंचायत अध्यक्ष शामिल रहे। पूर्व सासंद रामकृपाल यादव ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य संगठनात्मक मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रणनीति और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस कार्यशाला में मसौढ़ी विधानसभा के सभी पांच मंडल अध्यक्ष सहित उनके 16 सदस्यीय कमिटी, 25 सदस्यीय बूथ सशक्तिकरण की टोली , सभी बूथ के बीएलए - 2 नगर के सभी शक्ति केन्द्र प्रभारी, सभी पंचायत अध्यक्ष की उपस्थिति रही,महादलित आयोग के सदस्य अजित चौधरी ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं को पार्टी की असली ताकत बताया। विधानसभा प्रभारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत इसके जमीनी कार्यकर्ता हैं। भाजपा को केवल राजनीतिक दल नहीं बल्कि एक विचारधारा का आंदोलन बताया। वहीं प्रदेश मंत्री ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य सत्ता पाना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुँचाना है। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य वक्ताओं ने भी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यशाला में धनराज शर्मा प्रदेश मंत्री, संजीव कुमार यादव जिला प्रभारी, अतुल कुमार, ओम प्रकाश यादव, माधुरी सिन्हा, नीरज शर्मा, आशा किरण सिंह, संजय केसरी, शोभा कुमारी, नगर अध्यक्ष आशीष देव, मुन्ना पासवान समेत कई लोग शामिल रहे।

## धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन के आवास पर हुआ रूद्राभिषेक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** रविवार को श्रावण शुक्ल पक्ष नवमी पश्चात दशमी तिथि के पावन अवसर पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन के आवास 'नंदन विला', अनिसाबाद, पटना-2 में सपरिवार रूद्राभिषेक यज्ञ का आयोजन किया गया। श्रावण मास में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में वेद मंत्रों के उच्चारण के बीच विधिवत रुद्राभिषेक संपन्न हुआ। रूद्राभिषेक के अवसर पर प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि रुद्र अर्थात भूतभावन शिव का अभिषेक है। शिव और रुद्र दोनों परस्पर पर्यायवाची हैं। शिव को ही रुद्र कहा जाता है, क्योंकि 'रुतम्-दुःखम्, द्रावयति-नाशयतीति रुद्रः' यानी भोलेनाथ सभी दुःखों को नष्ट कर देते हैं।उन्होंने आगे कहा कि हमारे धर्मग्रंथों के अनुसार, हमारे द्वारा किए गए पाप ही हमारे दुःखों का कारण बनते हैं। रुद्रार्चन और रुद्राभिषेक से हमारे पापकर्म और महापातक जलकर भस्म हो जाते हैं। इस प्रक्रिया से साधक में शिवत्व का उदय होता है और भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त होता है, जिससे सभी मनोरथ पूर्ण हो जाते हैं।प्रो. नंदन ने बताया कि शास्त्रों में यह भी कहा गया है कि रुद्राभिषेक करने से सभी देवताओं की पूजा स्वतः संपन्न हो जाती है। उन्होंने रुद्रहृदयोपनिषद का उल्लेख करते हुए कहा कि सर्वदेवात्मको रुद्रः सर्वे देवाः शिवात्मका, यानी सभी देवताओं की आत्मा में रुद्र उपस्थित हैं और सभी देवता रुद्र की आत्मा हैं। श्रावण मास में शिव पूजन और रूद्राभिषेक का विशेष महत्व है। इस अवसर पर प्रो. रणबीर नंदन ने भगवान भोलेनाथ से सभी के कल्याण और सुख-समृद्धि की कामना की।

## मगध की धरती पर पानी पहुंचाने की मांग पर डटे किसान, जबतक खेतों में नहीं आएगा पानी होगा आंदोलन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** रफीगंज प्रखंड मुख्यालय में रविवार को उत्तर कोयल नहर योजना के कुटकुट डैम में फाटक लगाने और मगध क्षेत्र के किसानों को सिंचाई सुविधा दिलाने की मांग को लेकर 201 दिनों से जारी धरने के प्रतिभागियों को सामाजिक संस्था तरक्की एनजीओ द्वारा सम्मानित किया गया। संस्था के सचिव मिन्हाजुल एकराम फ़रोग ने धरनास्थल पर पहुंचकर आंदोलनकारियों को अंगवस्त्र भेंटकर उनके संघर्ष को सलाम किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. तुलसी यादव ने की, जबकि संचालन धरना समिति के अध्यक्ष अहमद रज़ा खान उर्फ़ लड्डू खान ने किया। इस मौके पर लड्डू खान ने कहा कि हम पिछले 201 दिनों से शांतिपूर्ण तरीके से धरने पर बैठे हैं, लेकिन अब तक कोई भी प्रखंड या जिला स्तरीय पदाधिकारी धरना स्थल पर आकर हमारी समस्याएं जानने नहीं आया है। बावजूद इसके हमें जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। एनजीओ सचिव मिन्हाजुल फ़रोग ने कहा कि उत्तर कोयल परियोजना से मगध के खेतों को पानी मिलना किसानों का हक़ है और इसे पाने के लिए आंदोलन को और व्यापक स्तर पर ले जाने की जरूरत है। उन्होंने धरनार्थियों के जज़्बे की सराहना करते हुए कहा कि उनका संघर्ष आने वाले समय में जरूर रंग लाएगा। धरना स्थल पर मौजूद वक्ताओं डॉ. तुलसी यादव, डॉ. शिवनंदन यादव, पूर्व पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र यादव और सिद्धि यादव ने कहा कि सरकार अगर किसानों की मांगों पर ध्यान नहीं देती है तो यह आंदोलन और तेज़ होगा। उन्होंने कहा कि जब तक उत्तर कोयल का पानी हमारे खेतों तक नहीं पहुंचेगा, तब तक धरना जारी रहेगा। वक्ताओं ने सरकार पर किसानों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि आज भी सिंचाई के लिए किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं, जबकि बड़े-बड़े वादे केवल कागजों तक सीमित हैं। इस मौके पर पूर्व पैक्स अध्यक्ष मोहन यादव, रंधीर सिंह, विशुदेव यादव, संतोष गिरी, भीम बिहारी विश्वकर्मा, अवधेश पासवान, पप्पू कुमार, विनोद कुमार दास, सीधी यादव, भोलानाथ वर्मा, रमेश पासवान, सिपाहीजी, समीर सिन्हा, सुखदेव यादव, चंद्रशेखर यादव, आनंद कुमार, लालधारी चौधरी, सुधीर कुमार चंद्रवंशी, मो. मुन्ना, मिथिलेश कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# ओवल टेस्ट- इंग्लैंड की पारी लड़खड़ाई

● ओली पोप आउट ● सिराज सीरीज के टॉप विकेट टेकर, टंग को पीछे छोड़ा ● 374 चेज कर रही इंग्लैंड के 3 बल्लेबाज पैवेलियन लौट गए थे



**लंदन (एजेंसी)।** भारत ने ओवल टेस्ट में इंग्लैंड को जीत के लिए 374 रन का टारगेट दिया है। जवाब में इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 3 विकेट पर 154 रन बना लिए थे। ओली पोप (27 रन) को मोहम्मद सिराज ने एलबीडब्ल्यू किया। वे इस सीरीज के टॉप विकेट टेकर बन गए हैं। सिराज ने जोश टंग (19 विकेट) को पीछे छोड़ा। बेन डकेट (54 रन) को प्रसिद्ध कृष्णा ने केएल राहुल के हाथों कैच कराया।

रविवार को मैच का चौथा दिन था और पहला सेशन जारी है। भारत जीत से 5 विकेट दूर थी, क्योंकि क्रिस वोक्स इंजरी के कारण इस मैच से बाहर हो गए हैं। वहीं, इंग्लैंड को आखिरी 2 दिन में 253 रन बनाने हैं।

मुकाबले के तीसरे दिन भारत अपनी दूसरी पारी में 396 रन पर ऑलआउट हुआ। इंग्लैंड पहली पारी में 247 रन पर ऑलआउट हो गया। टीम को पहली पारी में 23 रन की बढ़त मिली। भारत ने पहली पारी में 224 रन बनाए थे।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**भारत** - शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, करुण नायर, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, मोहम्मद सिराज, आकाशदीप, प्रसिद्ध कृष्णा।

**इंग्लैंड** - ओली पोप (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, जो रूट, हैरी ब्रूक, जैकब बेथेल, जैमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, गस एटकिंसन, जैमी ओवर्टन, जोश टंग।

# साइना नेहवाल ने पति पारुपल्ली कश्यप संग फोटो शेयर की

## 19 दिन पहले अलग हुए थे, अब लिखा- हम फिर कोशिश कर रहे

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** बैडमिंटन ओलिंपिक मेडलिस्ट साइना नेहवाल ने पति पारुपल्ली कश्यप के साथ सोशल मीडिया पर फोटो शेयर की। उन्होंने लिखा- कभी-कभी दूरियों से इंसान की अहमियत समझ आती है। यहां हम फिर से कोशिश कर रहे हैं। साइना नेहवाल ने 19 दिन पहले इंस्टाग्राम पर स्टोरी पोस्ट करते हुए लिखा था कि उन्होंने पति से अलग होने का फैसला कर लिया है।

**पहाड़ों के बैकग्राउंड के साथ फोटो शेयर की** - साइना ने पारुपल्ली कश्यप को टैग किया और फोटो शेयर की। इसमें दोनों पहाड़ों के बैकग्राउंड में खड़े नजर आए। जहां पीछे की ओर पानी भी नजर आया। साइना ने शनिवार शाम 7 बजे यह पोस्ट की। साइना नेहवाल ने 13 जुलाई को इंस्टाग्राम पर स्टोरी में लिखा, बहुत सोच-विचार के बाद कश्यप और मैंने अलग होने का फैसला किया है। साइना ने लिखा, जिंदगी कभी-कभी हमें अलग-अलग दिशाओं में ले जाती है। हम एक-दूसरे के लिए शांति, तरक्की और उबरना चुन रहे हैं। मैं उनके साथ सभी यादों के लिए आभारी हूं और आगे के लिए शुभकामनाएं देती हूं। हमारी निजता को समझने और उसका सम्मान करने के लिए धन्यवाद।

**7 साल पहले हुई थी शादी, ट्रेनिंग के दौरान मिले थे** - साइना नेहवाल ने 14 दिसंबर, 2018 को कश्यप पारुपल्ली के साथ लव मैरिज की थी। दोनों 2007 से रिलेशनशिप में थे।

# साउथ अफ्रीका चैंपियंस ने डब्ल्यूसीएल का खिताब जीता

## फाइनल में पाकिस्तान चैंपियंस को 9 विकेट से हराया, एबी डिविलियर्स ने नाबाद 120 रन बनाए

**बर्मिंघम (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका चैंपियंस ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 (डब्ल्यूसीएल) का खिताब जीत लिया है। टीम ने शनिवार को बर्मिंघम के एजबेस्टन स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान चैंपियंस को 9 विकेट से हराया।मुकाबले में पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 195 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका टीम ने 16.5 ओवर में एक विकेट खोकर 196 रन का टारगेट हासिल कर लिया। एबी डिविलियर्स ने नाबाद 120 रन बनाए। डिविलियर्स को उनके शतक और टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया।




**शरजील खान ने सबसे ज्यादा 76 रन बनाए** - पाकिस्तान के लिए शरजील खान ने सबसे ज्यादा 76 रन बनाए। उनके अलावा उमर अमीन ने नाबाद 36 रन की पारी खेली। आसिफ अली ने 28 और शोएब मलिक ने 20 रन का योगदान दिया। साउथ अफ्रीका के लिए हार्डस विल्जोएन और वेन पार्नेल ने 2-2 विकेट लिए। डुआने ओलिवियर को एक विकेट मिला।

**डुमिनी ने नाबाद 50 रन बनाए** -एबी डिविलियर्स ने 60 गेंदों में नाबाद 120 रन बनाए। जेपी डुमिनी ने 28 गेंदों में नाबाद 50 रन की पारी खेली। दोनों ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 145 रन की साझेदारी निभाई। इस टूर्नामेंट में साउथ अफ्रीका ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस के खिलाफ 1 रन से रोमांचक जीत दर्ज की थी।

**पाकिस्तान के खिलाफ खेलने नहीं उतरा था भारत** - इससे पहले, भारत ने पाकिस्तान के साथ सेमीफाइनल मैच खेलने से मना कर दिया था। यह मुकाबला 31 जुलाई को बर्मिंघम में खेला जाना था। पाकिस्तानी टीम अपने ग्रुप में टॉप पर होने और चार जीत के साथ नौ अंक हासिल करने के कारण फाइनल में पहुंच गई थी। वहीं, भारतीय प्लेयर्स ने पाकिस्तान के साथ 20 जुलाई को होने वाला ग्रुप मैच भी नहीं खेला था। तब मैच रद्द करके दोनों टीमों में अंक बांट दिए गए थे।

**डब्ल्यूसीएल प्राइवेट लीग, इसे अजय देवगन की कंपनी करा रही** - डब्ल्यूसीएल-टी-20 क्रिकेट लीग है। इसमें दुनिया भर के रिटायर्ड प्लेयर्स हिस्सा ले रहे हैं। इसमें 6 टीमें इंडिया, पाकिस्तान, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज हैं। लीग का आयोजन बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन और इंग्लिश क्रिकेट बोर्ड करा रहे हैं। लीग का यह दूसरा सीजन था। पहले सीजन में भारत चैंपियन बना था।

# वेस्टइंडीज ने दूसरा टी-20 जीता

## पाकिस्तान को 2 विकेट से हराया, सीरीज 1-1 की बराबरी पर; जेसन होल्डर ने लिए 4 विकेट

**फ्लोरिडा (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज ने लॉडरहिल (फ्लोरिडा) के सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम में खेले गए दूसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 2 विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 133 रन बनाए, जबकि वेस्टइंडीज ने 134 रन के लक्ष्य को 8 विकेट खोकर 19.4 ओवर में हासिल कर लिया। जेसन होल्डर ने 4 विकेट लेने के साथ ही 16 रन बना कर वेस्टइंडीज की जीत में अहम भूमिका निभाई।



**पाकिस्तान की बल्लेबाजी- खराब शुरुआत, सलमान और नवाज ने संभाला** - टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही। सलामी बल्लेबाज सईम अयूब 9 रन बनाकर आउट हुए, जबकि दूसरे ओपनर साहिबजादा फरहान 16 रन पर पवेलियन लौट गए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए मोहम्मद हारिस भी 21 रन के कुल स्कोर पर आउट हो गए। पावरप्ले (पहले 6 ओवर) में पाकिस्तान ने 3 विकेट खोकर मात्र 24 रन बनाए।इसके बाद सलमान आगा और हसन नवाज ने पारी को संभालने की कोशिश की। सलमान आगा ने 33 गेंदों में 38 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। उन्होंने पहले फखर जमान के साथ चौथे विकेट के लिए 27 गेंदों में 32 रन की साझेदारी की और फिर हसन नवाज के साथ 39 गेंदों में 60 रन की साझेदारी कर स्कोर को 130 के पार पहुंचाया। हसन नवाज ने 23 गेंदों में 40 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली, जिसमें 1 चौका और 4 छक्के शामिल रहे। उनकी इस पारी ने पाकिस्तान को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने में मदद की।

**वेस्टइंडीज की गेंदबाजी- होल्डर ने लिए 4 विकेट** -वेस्टइंडीज की ओर से जेसन होल्डर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 19 रन देकर 4 विकेट झटके। गुकेश मोटी ने 4 ओवर में 39 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि अकील हुसैन और रोस्टन चेज को 1-1 विकेट मिला।

**वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी- शुरुआत खराब, फिर संभली पारी** - 134 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज एलिक अथानाजे 2 रन बनाकर आउट हुए, जबकि दूसरे ओपनर ज्वेल एंड्रयू 12 रन पर पवेलियन लौट गए। पावरप्ले में वेस्टइंडीज ने 2 विकेट खोकर 34 रन बनाए। इसके बाद गुकेश मोटी (28 रन), कप्तान शाई होप (21 रन), रोस्टन चेज (16 रन) और जेसन होल्डर (16 रन) ने उपयोगी योगदान दिया। रोमारियो शेफर्ड ने 11 गेंदों में 15 रन और ज्वेल एंड्रयू ने 12 गेंदों में 10 रन बनाकर टीम को जीत के करीब पहुंचाया। अंत में वेस्टइंडीज ने 2 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

**पाकिस्तान की गेंदबाजी- नवाज और अयूब ने दिखाया दम** - पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद नवाज ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 14 रन देकर 3 विकेट लिए। सईम अयूब ने भी 4 ओवर में 20 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। हालांकि, अन्य गेंदबाजों का प्रदर्शन औसत रहा, जिसके कारण पाकिस्तान को हार का सामना करना पड़ा।

# एशिया कप, भारत-पाकिस्तान 14 सितंबर को दुबई में खेलेंगे

## फाइनल समेत सुपर-4 के एक मैच को छोड़कर सभी मैच यहीं होंगे; टूर्नामेंट 9 सितंबर से

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशियन क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने मेंस एशिया कप के मुकाबलों के लिए वेन्यू का ऐलान कर दिया। हालांकि, शेड्यूल का ऐलान पहले ही किया जा चुका था। एशिया कप 9 से 28 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात (¿श्व) में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप मुकाबला रविवार (14 सितंबर) को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान की टीमें एक ही ग्रुप में हैं। ऐसे में रविवार (21 सितंबर) को सुपर 4 मैच में फिर से उनके आमने-सामने होने की उम्मीद है।

**एशिया कप 2025 में ग्रुप स्टेज का शेड्यूल**

| | | |
|---|---|---|
| AFG vs HKG<br>9 सितंबर<br>अबू धाबी | IND vs UAE<br>10 सितंबर<br>दुबई | BAN vs HKG<br>11 सितंबर<br>अबू धाबी |
| PAK vs OMA<br>12 सितंबर<br>दुबई | BAN vs SL<br>13 सितंबर<br>अबू धाबी | PAK vs IND<br>14 सितंबर<br>दुबई |
| UAE vs OMA<br>15 सितंबर<br>अबू धाबी | SL vs HKG<br>15 सितंबर<br>दुबई | BAN vs AFG<br>16 सितंबर<br>अबू धाबी |
| PAK vs UAE<br>17 सितंबर<br>दुबई | SL vs AFG<br>18 सितंबर<br>अबू धाबी | IND vs OMA<br>19 सितंबर<br>अबू धाबी |

**भारत का पहला मैच यूएई से**

भारत, पाकिस्तान, ओमान और यूएई को एक ही ग्रुप में रखा गया है। श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हॉन्गकॉन्ग ग्रुप-बी में हैं। ग्रुप में सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 1-1 मैच खेलेंगी। भारत 10 सितंबर को¿श्व, 14 को पाकिस्तान और 19 को ओमान से भिड़ेगा। भारत और पाकिस्तान ने अगर सुपर-4 स्टेज में जगह बनाई तो दोनों टीमें फिर एक बार 21 सितंबर को आमने-सामने होंगी। टूर्नामेंट का फाइनल 28 सितंबर को खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान ने सुपर-4 स्टेज में टॉप किया तो दोनों के बीच टूर्नामेंट में तीसरा मुकाबला भी हो सकता है।

● **पिछला एशिया कप पाकिस्तान ने होस्ट किया था** - एशिया कप 2023 की मेजबानी पाकिस्तान ने की थी। हालांकि, भारत ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान का दौरा करने से मना कर दिया था, तब यह हाइब्रिड मॉडल में खेला गया था। भारत के सभी मैच श्रीलंका में हुए थे। भारत ने श्रीलंका को हराकर एशिया कप 2023 का खिताब जीता था।

● **पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव** -अप्रैल में पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत की ओर से 6-7 मई को ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया था। पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे। दोनों देशों के बीच राजनीतिक संबंध खराब हैं। ऐसे में एशिया कप में पाकिस्तान खेलने के लिए भारत नहीं आएगा। इसलिए एसीसी टूर्नामेंट को यूएई में कराया जा रहा है।

● **भारत ने 8 बार जीता एशिया कप** - एशिया कप की शुरुआत 1984 में हुई थी। अब तक 16 बार यह टूर्नामेंट खेला जा चुका है। भारत ने इसे सबसे ज्यादा 8 बार जीता। वहीं श्रीलंका ने 6 और पाकिस्तान ने 2 बार इस टूर्नामेंट को अपने नाम किया है।

# बीसीसीआई आयु-धोखाधड़ी रोकने के लिए करने जा रहा है स्क्रीनिंग एजेंसी नियुक्त

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) आयु-धोखाधड़ी रोकने और खिलाड़ियों की योग्यताओं के सत्यापन के लिए एक बाहरी एजेंसी को नियुक्त करने जा रहा है। बीसीसीआई के अनुसार आयु-धोखाधड़ी और खिलाड़ियों की योग्यताओं के सत्यापन के लिए एक बाहरी एजेंसी की नियुक्ति की प्रक्रिया में है। हाल ही में एक आरएफपी जारी किया गया है, जिसमें सत्यापन सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिष्ठित संस्थाओं से बोलियां आमंत्रित की गई हैं। इस आउटसोर्स एजेंसी के अगस्त के अंत तक स्थापित होने की उम्मीद है। ऐसा माना जा रहा है कि यह मामला खिलाड़ियों द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेज या प्रमाण पत्र संदिग्ध पाए से संबंधित है। बीसीसीआई का उद्देश्य इस प्रक्रिया को पेशेवर बनाना और अधिक आयु के खिलाड़ियों के इस प्रणाली में प्रवेश करने की किसी भी संभावना को समाप्त करना है। बीसीसीआई दो-स्तरीय आयु-सत्यापन प्रणाली अपनाता है - पहले में दस्तावेजों और जन्म प्रमाण पत्रों की जांच शामिल है जबकि दूसरा अस्थि परीक्षण है, जिसे आमतौर पर टीडब्ल्यू3 (टैनर-व्हाइटहाउस 3) पद्धति के रूप में जाना जाता है।




ये सत्यापन आमतौर पर लड़कों के लिए अंडर-16 स्तर पर और लड़कियों के लिए अंडर-15 स्तर पर किए जाते हैं। बीसीसीआई ने बोली लगाने वाली संस्थाओं से अपेक्षित आवश्यकताओं की रूपरेखा तैयार की है। एक हालिया अधिसूचना के अनुसार, बोली लगाने वाली कंपनियों/एजेंसियों के पास प्रतिष्ठित फर्मों को पृष्ठभूमि सत्यापन सेवाएं प्रदान करने का कम से कम तीन वर्ष का अनुभव होना चाहिए। इनमें कॉर्पोरेट कंपनियां शैक्षणिक बोर्ड/संस्थान और भर्ती निकाय शामिल हैं, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं हैं। इसके अलावा इच्छुक पक्षों के पास एक राष्ट्रव्यापी नेटवर्क या सभी भारतीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में भौतिक और डिजिटल दोनों तरह से सत्यापन करने की क्षमता होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि बीसीसीआई वर्ष में इसी समय जुलाई और अगस्त के आसपास आयु सत्यापन करता है। इस वर्ष यह प्रक्रिया सितंबर तक भी बढ़ सकती है क्योंकि एजेंसी के इस महीने के अंत तक काम शुरू करने की उम्मीद है। सत्यापन राज्यवार किया जाता है और प्रत्येक राज्य से, प्रत्येक बालक और बालिका वर्ग में, 40-50 खिलाड़ियों को परीक्षण प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है।

# ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने डीपीएल 2025 में की विजयी शुरुआत, साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज को हराया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कप्तान अनुज रावत (55) की अर्धशतकीय पारी की बदौलत ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे संस्करण के शुरुआती मुकाबले में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज को हराकर टूर्नामेंट में विजयी शुरुआत की। अरुण जेटली स्टेडियम में शनिवार को आयोजित भव्य उद्घाटन समारोह में डीपीएल शानदार आगाज हुआ।




दर्शकों ने सुनंदा शर्मा, रफ्तार, कृष्णा और सीधे माउत के जोशीले प्रदर्शनों का आनंद लिया। समारोह में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री स्मृति ईरानी, डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली और बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला उपस्थित थे। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी ने प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा, 'मैं सभी टीमों और खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। यह टूर्नामेंट प्रतिभा, टीम वर्क और खेल भावना का उत्सव बने। मैं रोमांचक क्रिकेट देखने के लिए उत्सुक हूं और आशा करती हूं कि यह आयोजन हमारे शहर के युवाओं को खेलों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित करेगा।

डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा, 'दिल्ली प्रीमियर लीग का दूसरा सीजन आज आधिकारिक रूप से शुरू हो रहा है और यह स्थानीय क्रिकेट प्रतिभाओं को निखारने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। मैं इस वर्ष भाग लेने वाली सभी टीमों और खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। आशा करता हूं कि लीग का कद बढ़ता रहे और उभरते सितारों को चमकने के लिए एक मजबूत मंच मिले। दक्षिण दिल्ली सुपरस्टार्ज और पूर्वी दिल्ली राइडर्स के बीच शुरुआती मुकाबला हुआ जो बेहद रोमांचक रहा। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए, दक्षिण दिल्ली सुपरस्टार्ज ने 20 ओवरों में छह विकेट पर 169 रन बनाए। सुपरस्टार्ज को शुरुआती झटका तब लगा जब कुंवर बिधूड़ी दूसरी ही गेंद पर अजय अहलावत का शिकार बन गए। सलामी बल्लेबाज सार्थक रे और कप्तान आयुष बदौनी ने 43 रनों की साझेदारी करके पारी को संभाला, लेकिन बदौनी 20 गेंदों पर 25 रन बनाकर आउट हो गए। लगातार विकेट गिरने के कारण उनका स्कोर 82/5 हो गया ऐसे संकट के समय में सार्थक रे के साथ विजन पांचाल क्रीज पर आए। सार्थक रे और विजन पांचाल ने छठे विकेट के लिए 32 रनों की अटूट साझेदारी की, जिसमें पांचाल ने 15 गेंदों पर 29 रनों की तेज पारी खेली। इसके बाद अभिषेक खंडेलवाल ने 23 गेंदों पर नाबाद 40 रनों की पारी खेली, जबकि सार्थक रे 35 गेंदों पर 41 रन बनाकर नाबाद रहे और सुपरस्टार्ज को एक प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। 170 रनों के लक्ष्य के जवाब में, ईस्ट दिल्ली राइडर्स के सलामी बल्लेबाज अर्पित राणा और सुजल सिंह ने 4.3 ओवर में 33 रनों की साझेदारी की, लेकिन राणा 15 गेंदों पर 20 रन बनाकर आउट हो गए।

# महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल 2026 में शामिल होने की पुष्टि की

## सीएसके की कप्तानी रुतुराज गायकवाड़ ही संभालेंगे

**चेन्नई (एजेंसी)।** इस साल चोटिल रुतुराज गायकवाड़ से 5 बार की आईपीएल विजेता चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की कमान संभालने के बाद तूफानी कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने अगले साल के संस्करण में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है और कहा है कि रुतुराज कप्तान के रूप में वापसी करेंगे और टीम का नेतृत्व करेंगे। धोनी ने एक निजी कार्यक्रम में भाग लेने के बाद कहा कि उन्हें चेन्नई के साथ अपने लंबे समय से जुड़े जुड़ाव, चेन्नई के प्रशंसकों से मिले प्यार, स्नेह और समर्थन की याद आती है। चेन्नई के प्रति उनका प्यार तब स्पष्ट रूप से दिखाई दिया जब उन्होंने कहा कि इसी शहर ने उन्हें 2005 में पहला टेस्ट और 2008 में आईपीएल का पहला मैच दिया था। धोनी ने इस साल के संस्करण में टीम की समस्याओं और संतुलन की बात स्वीकार की, लेकिन यह भी कहा कि अगले साल सीएसके की बल्लेबाजी और मजबूत होगी। उन्होंने कहा, 'हम अपने बल्लेबाजी क्रम को लेकर थोड़े चिंतित हैं। लेकिन मुझे लगता है कि अब हमारा बल्लेबाजी क्रम काफी व्यवस्थित है।

# पीसीबी का बड़ा फैसला

## अब डब्ल्यूसीएल में नहीं खेलेगा पाकिस्तान

### भारत के न खेलने पर लगाया पूरी तरह से बैन; साउथ अफ्रीका चैंपियन बना

**करांची (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) में भविष्य में हिस्सा लेने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। यह फैसला भारत और पाकिस्तान के बीच हुए विवाद के बाद लिया गया। भारतीय टीम ने डब्ल्यूसीएल 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ दो मैच खेलने से इनकार कर दिया था। इसमें सेमीफाइनल और ग्रुप स्टेज का मुकाबला शामिल है। पीसीबी ने इसकी घोषणा रविवार को बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 79वीं मीटिंग के बाद की। मीटिंग की अध्यक्षता मोहसिन नकवी ने की । पीसीबी ने बयान में कहा गया, इस दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम के मद्देनजर, जो बाहरी दबावों के स्पष्ट और असहनीय प्रभाव तथा खेल की निष्पक्षता के सिद्धांतों की अवहेलना को उजागर करता है, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को मजबूरी में कड़ा रुख अपनाना पड़ रहा है। पीसीबी अब ऐसे टूर्नामेंट में भाग लेने की अनुमति नहीं दे सकता, जहां निष्पक्ष खेल भावना और स्वतंत्र संचालन जैसे मूलभूत सिद्धांत बाहरी हस्तक्षेप के कारण समझौते की भेंट चढ़ जाएं।

**पाकिस्तान के खिलाफ खेलने नहीं उतरा था भारत** - इससे पहले, भारत ने पाकिस्तान के साथ सेमीफाइनल मैच खेलने से मना कर दिया था। यह मुकाबला 31 जुलाई को बर्मिंघम में खेला जाना था। पाकिस्तानी टीम अपने ग्रुप में टॉप पर होने और चार जीत के साथ नौ अंक हासिल करने के कारण फाइनल में पहुंच गई थी। वहीं, भारतीय प्लेयर्स ने



पाकिस्तान के साथ 20 जुलाई को होने वाला ग्रुप मैच भी नहीं खेला था। तब मैच रद्द करके दोनों टीमों में अंक बांट दिए गए थे। भारत ने यह फैसला कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के कारण लिया था।

**डब्ल्यूसीएल बोला था- हम जो करते दर्शकों के लिए करते हैं** -डब्ल्यूसीएल टी-20 क्रिकेट लीग है। इसमें दुनिया भर के रिटायर्ड प्लेयर्स हिस्सा ले रहे हैं। इसमें 6 टीमों इंडिया, पाकिस्तान, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज ने हिस्सा लिया। लीग का आयोजन बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन और इंग्लिश क्रिकेट बोर्ड करा रहे हैं। लीग का यह दूसरा सीजन था। पहले सीजन में भारत चैंपियन बना था।

**साउथ अफ्रीका चैंपियंस ने डब्ल्यूसीएल का खिताब जीता** - साउथ अफ्रीका चैंपियंस ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 (डब्ल्यूसीएल) का खिताब जीत लिया है। टीम ने शनिवार को बर्मिंघम के एजबेस्टन स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान चैंपियंस को 9 विकेट से हराया।

# सुप्तावस्था में युवक की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव में दालान में सोये युवक की गोली मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना शनिवार देर रात की है। मृत युवक की पहचान महमदपुर गांव के ही 26 वर्षीय स्व. भोला विश्वकर्मा के पुत्र छोटू कुमार विश्वकर्मा के रूप में की गयी है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि छोटू व उसी गांव के उसके दोस्त श्रीकांत यादव साथ में एक खाट पर दालान में सो रहा था। इसी दौरान अपराधियों ने छोटू कुमार विश्वकर्मा को कनपटी में गोली मारकर चलते बना। गोली की आवाज सुनकर दालान में ही सोए बुजुर्ग उठे और शोर मचाया तो ग्रामीण पहुंचे तो देखा कि छोटू खून से लथपथ है। ग्रामीणों ने डायल 112 नंबर की पुलिस को फोन किया। पुलिस ने पहुंचते ही इलाज के लिए उसे हसपुरा सीएचसी लाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया। बताया जाता है कि परिजन इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज, गया ले जा रहे तभी रास्ते में कोंच के आसपास दम तोड़ दिया। फिर भी परिजन उसे मगध मेडिकल कॉलेज ले गये जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पुलिस छानबीन कर रही है। घटना को लेकर चर्चा हो रही है कि छोटू जिस खाट पर सोया था वह इतना छोटा है कि जब दो आदमी एक साथ सोए हुए थे तो सिर्फ एक व्यक्ति को ही गोली आखिर कैसे लगी। पुलिस को जांच वैज्ञानिक ढंग से करना होगा। घटनास्थल पर एसपी अम्बरीष राहुल सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी पहुंचे हुए थे। इस मामले में चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है जिसमें अनुज कुमार, धीरज कुमार (मलवां डिहुरी), कोंच थाना के तुतुरखी निवासी विवेक कुमार एवं खुदवां के आकाश कुमार शामिल है। इन लोगों के पास से एक कट्टा भी मिला है।

# ...और जब बच्चों की मासूम मुस्कान देखकर भावुक हो गए डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा रविवार को श्रीकृष्ण नगर, कर्मा रोड स्थित आरोहण विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने बच्चों की देखभाल, पोषण, रहन-सहन, शिक्षा एवं चिकित्सा संबंधी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों से आत्मीयता के साथ संवाद स्थापित किया तथा उनकी दिनचर्या और संस्थान के वातावरण के प्रति उनकी प्रतिक्रिया को समझने का प्रयास किया। बच्चों की मासूम मुस्कान और सरलता को देखकर जिलाधिकारी भावुक हो उठे तथा उन्होंने संस्थान में कार्यरत कर्मियों से कहा कि वे अपने कार्य को महज एक दायित्व नहीं बल्कि सेवा और उत्तरदायित्व की भावना से करें। जिलाधिकारी ने संस्थान में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए बच्चों के रहने और खाने की व्यवस्था की गुणवत्ता की जांच की और कहा कि पोषण, स्वच्छता एवं सुरक्षा के किसी भी मानक में कोई कोताही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने दत्तकग्रहण से संबंधित प्रक्रिया एवं प्रलेखन की भी समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को सभी कार्यों को पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और संवेदनशीलता के साथ संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे संस्थानों में कार्यरत कर्मियों का व्यवहार सहानुभूतिपूर्ण और सकारात्मक होना चाहिए जिससे बच्चों को अपनापन एवं सुरक्षा का अनुभव हो। निरीक्षण के उपरांत जिला पदाधिकारी ने संस्थान के कार्यों की सराहना करते हुए आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु हर आवश्यक सहयोग एवं संसाधन उपलब्ध कराएगा। गौरतलब हो कि यह संस्थान जिला बाल संरक्षण इकाई, औरंगाबाद द्वारा संचालित है, जिसमें 0 से 6 वर्ष की आयु वर्ग के वैसे बच्चों को अस्थायी रूप से आवासित किया जाता है जिन्हें देखभाल, सुरक्षा और संरक्षण की आवश्यकता होती है। संस्थान का उद्देश्य इन बच्चों को सुरक्षित, सुसज्जित एवं संवेदनशील वातावरण प्रदान करना है ताकि उनका शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास उचित ढंग से सुनिश्चित किया जा सके।

# लाखों रुपए का गबन करने के आरोप में सीएसपी संचालक व सहयोगी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** उपहारा पुलिस ने लाखों रुपये का गबन करने वाले सीएसपी संचालक व उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया है। रविवार को जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के सहरसा गांव निवासी धनजंय शर्मा की पत्नी सविता देवी ने 58/25 दर्ज कराई थीं, जिसमें उल्लेख किया गया था कि उपहारा स्थित एसबीआई सीएसपी शाखा में एक लाख अस्सी हजार रुपये अपने खाते में जमा किए थे। बाद में जांच प्रिंट कराकर चेक की तो खाते में पैसे जमा नहीं पाया गया। इसे लेकर प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया तो पता चला कि डहरू विगहा निवासी इन्द्रदेव यादव की पत्नी शिवबचनी देवी का भी जमा किए गए राशि उनके खाते में नहीं गया है। पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थीं इसी दरम्यान गुप्त सूचना पर अरवल जिले के बंशी थाना क्षेत्र अंतर्गत बलौरा गांव निवासी सुभाष सिंह के पुत्र विकाश कुमार को दाउदनगर थाना क्षेत्र के अकौनी गांव से गिरफ्तार कर लिया गया। उपहारा थाना क्षेत्र के बैजलपुर गांव निवासी रामकपिल मिस्त्री के पुत्र ओमप्रकाश कुमार को हसपुरा थाना क्षेत्र के हैबसपुर से गिरफ्तार किया गया है। कागजी प्रक्रिया पूरी कर उसे रविवार को जेल भेज दिया गया है।

# इसीआर के जीएम ने डीडीयू-सोननगर-अंकोरहा रेलखंड का किया निरीक्षण

## नबीनगर सुपर थर्मल पावर प्लांट के अधिकारियों के साथ रेल सुविधाओं को लेकर की वार्ता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**औरंगाबाद।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने रविवार को दानापुर-डीडीयू एवं डीडीयू-सोननगर-अंकोरहा रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इस रेल खण्ड पर संरक्षा, मानसून प्रीकॉशन्स, सिगनलों की दृश्यता, रेलवे ट्रैक के रख-रखाव, ट्रैक की समुचित बैलास्टिंग, ट्रैक स्क्रीनिंग, ओवरहेड ट्रैक्शन व एलाइनमेंट एवं ट्रैक फिटिंग्स आदि का जायजा लिया। वहीं निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक डीडीयू जंक्शन पहुंचे जहां उन्होंने प्लेटफॉर्म एवं फुट ओवर ब्रिज आदि का निरीक्षण किया तथा साफ-सफाई एवं यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के अगले चरण में महाप्रबंधक द्वारा अंकोरहा स्टेशन के पास नबीनगर सुपर थर्मल पावर प्लांट का दौरा कर प्लांट अधिकारियों के साथ रेल सुविधा को लेकर वार्ता की गई। उन्होंने अंकोरहा स्थित रनिंग रूम का निरीक्षण कर वहां सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही महाप्रबंधक द्वारा रनिंग रूम प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। इसके अलावा अंकोरहा स्टेशन पर भी महाप्रबंधक द्वारा निरीक्षण कर वहां पैनल रूम, संयुक्त चालक दल एवं ट्रेन मैनेजर बुकिंग लॉबी तथा स्टेशन पर सुविधाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान के दानापुर के मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार एवं डीडीयू के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना अपने-अपने क्षेत्राधिकार में महाप्रबंधक के साथ उपस्थित थे।

# अदरी नदी में डूबे युवक का शव बरामद

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** अदरी नदी में 24 घंटे पहले डूबे एक युवक का शव रविवार को बरामद किया गया है। एसडीआरएफ की टीम ने घटनास्थल से आधा किलोमीटर की दूरी से उसका शव ढूंढ निकाला है। घटना फ़ेसर थाना क्षेत्र के शिवपुर डिहरी गांव स्थित अदरी नदी की है। मृतक की पहचान शिवपुर डिहरी गांव निवासी रामेश्वर महतो के बेटे प्रिंस कुमार के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि प्रिंस अपने घर से आधा किलोमीटर दूर अदरी नदी की तरफ पैदल टहलने गया था। इसी दौरान पूल पार करने के दौरान प्रिंस का पैर फिसल गया जिससे वह बेकाबू होकर अदरी नदी में गिर गया। काफी देर तक जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई। इसके बाद परिजन खोजबीन करने नदी की तरफ निकले, लेकिन कहीं भी उसका शव नहीं मिला।

# औरंगाबाद-पटना सड़क को फोरलेन करने के लिए की जाएगी पदयात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद-पटना सड़क को फोरलेन की मांग तूल पकड़ती जा रही है। एक तरफ जहां राजनीतिक महकमे में आगामी विधानसभा को लेकर सियासी हलचल तेज है तो वहीं दूसरी तरफ दक्षिण बिहार की जीवन रेखा कही जाने वाली सड़क की उपेक्षा को लेकर स्थानीय लोग मतदान का बहिष्कार करने की बातें कर रहे हैं। इसी कड़ी में ओबरा प्रखंड मुख्यालय स्थित श्री कृष्णा सिंह स्मृति भवन के प्रांगण में रविवार को सड़क दुर्घटना रोकथाम फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के बैनर तले आम जनता की बैठक आयोजित की गयी जिसमें पदयात्रा करने का निर्णय लिया गया। बैठक में विकाश कुशवाहा, अभिनव कुमार, अरुण यादव, कृष्णकंत शर्मा, अरविंद शर्मा, अशोक शर्मा, कमलेश कुमार विकल, सुजीत सिंह, पुष्कर अग्रवाल, नवलेश मिश्रा, चंदन सिंह, सहजानंद कुमार डिक्कू, आनंद विश्वकर्मा, मुकेश कुमार, अमित कुमार, बाबूनन्द, कल्लू कुमार, सुमित कुमार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# उपभोक्ताओं को मिलने लगा जीरो बिजली बिल, सरकार का किया धन्यवाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत प्रति माह 125 यूनिट तक पूर्ण अनुदान पर बिजली उपलब्ध कराने की योजना का लाभ दिखने लगा है। विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, औरंगाबाद के क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गांवों एवं शहरों में उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली पूर्ण अनुदान पर मिलने के कारण जिन उपभोक्ताओं के घरेलू परिसर का ऊर्जा खपत 125 यूनिट तक है, उन्हें जीरो रुपए का बिजली बिल निर्गत किया जा रहा है। मीटर रीडर एवं बिजली कर्मियों के द्वारा विपत्र निर्गत करने के दौरान बिजली बिल के साथ मुख्यमंत्री का संदेश एवं 125 यूनिट बिजली मुफ्त मिलने से संबंधित हैंड बिल का भी वितरण किया जा रहा है। इस लाभ को लेकर उपभोक्ताओं में हर्ष व्याप्त है। कई उपभोक्ताओं ने इसे मध्यम एवं निम्न वर्गीय परिवारों के लिए राज्य सरकार का अति महत्वपूर्ण सौगात बताया है। विद्युत अधीक्षण अभियंता अरविंद कुमार ने बताया कि राज्य सरकार के अति महत्वाकांक्षी योजना के तहत सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक की बिजली पूर्णतः निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। यह लाभ सभी घरेलू स्मार्ट मीटर उपभोक्ता एवं पोस्टपेड मीटर उपभोक्ता को समान रूप से मिलेगा। इसके लिए किसी भी उपभोक्ता को किसी प्रकार के निबंधन या आवेदन की आवश्यकता नहीं है। उक्त लाभ माह जुलाई के बिजली खपत के आधार पर माह अगस्त में निर्गत होने वाले बिजली बिल में स्पष्ट रूप से दिखेगा।

# ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर रामनरेश ने एनसीसी कैडेटों को किया प्रेरित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज औरंगाबाद के प्रांगण में 13 बिहार बटालियन एनसीसी के दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में आज विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सुबह भारी बारिश के बावजूद सभी बच्चों का पीटी करवाने के बाद पूरे डिसिप्लिन के साथ ड्रिल करवाया गया। इसके बाद गया जी के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर रामनरेश प्रशिक्षण शिविर में आए तो एनसीसी कैडेट्स के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। ब्रिगेडियर ने सभी कैडेटों से इस प्रशिक्षण शिविर के बारे में जानकारी ली और अच्छे तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त करने की बात कही। वहीं कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल प्रदीप कुमार तक्षक ने ग्रुप कमांडर का स्वागत किया और कैंप की सभी गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल डॉक्टर भीम और उनके टीम के द्वारा ग्रुप कमांडर को मोमेंटो देकर स्वागत सह सम्मानित किया गया। इसके पश्चात सभी बच्चों का बटालियन के एएनओ के द्वारा क्विज कंपटीशन का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी कैडेटों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

# सर्पदंश से होमगार्ड जवान की मौत, परिजनों में मातम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जहरीले सांप के काटने से एक होमगार्ड जवान की मौत हो गई। घटना देव थाना क्षेत्र के कटैया गांव की है, जहां उस गांव निवासी राजकिशोर प्रसाद के 26 वर्षीय पुत्र अमित कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक शनिवार की देर रात मच्छरदानी में घुसे कोबरा सर्प ने अमित को काट लिया। परिजन उसे आनन-फानन में लेकर सदर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने प्राथमिकी उपचार के बाद रेफर दिया। बेहतर उपचार के लिए नारायण मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल जमुहार ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मौत के बाद परिजन शव को लेकर अस्पताल पहुंचे और हंगामा करना शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना पर प्रभारी सीएस डॉ रवि रंजन व अस्पताल उपाधिक्षक डॉ सुरेंद्र कुमार अस्पताल पहुंचे। परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया। परिजनों ने चिकित्सकों पर उपचार में लापरवाही का आरोप लगाया है। अस्पताल में हंगामा और होमगार्ड जवान की मौत की सूचना पर नगर थाना की पुलिस पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना के बाद से परिजनों में शोक व्याप्त है। परिजनों ने बताया कि अमित अपने माता-पिता का इकलौता संतान था। तीन साल पहले उसे होमगार्ड में नौकरी लगी थी। वर्तमान में वह समाहरणालय स्थित लोक जन शिकायत कार्यालय में तैनात था। उसकी दो बड़ी बहनें हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। अस्पताल उपाधिक्षक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार ने बताया कि अस्पताल में मरीज का उचित इलाज किया गया था। परिजनों के हंगामा के कारण चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी भाग खड़े हुए। नगर थानाध्यक्ष उपेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप गया है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# शटर काटकर आभूषण दुकान से लाखों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अज्ञात चोरों द्वारा शटर काटकर ज्वेलरी शॉप से चोरी का मामला सामने आया है। मामला नवीनगर थाना क्षेत्र के मंगल बाजार स्थित श्रीराम मार्केट की है। यह चोरी शनिचर बाजार ठाकुरबारी रोड वार्ड नंबर दो निवासी विनय कुमार सोनी के सिद्धिविनायक ज्वेलर्स दुकान में बीते रात्रि ताला तोड़कर और दुकान का शटर काटकर लाखों रूपये की चोरी कर ली गई। दुकानदार ने बताया कि सुबह आसपास के दुकानदारों द्वारा घटना की जानकारी मिली। अज्ञात चोरों ने दुकान के अंदर आलमारी काटकर ज्वेलर्स ले भागे। दुकान के बाहर सीसीटीवी लगा हुआ है, जबकि अंदर नहीं लगा हुआ है, इसके कारण घटना स्पष्ट नही हो सका। उन्होंने बताया कि शनिवार की देर शाम करीब साढ़े सात बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे और रविवार की सुबह चोरी की घटना की सूचना मिली। इस घटना को स्थानीय दुकानदारों ने पुलिस प्रशासन के सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाया है। इधर, पुलिस द्वारा आसपास का सीसीटीवी कैमरा खंगाला जा रहा है। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि ज्वेलरी सौंप से चोरी की सूचना मिली है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# ट्रक की टक्कर से ऑटो अनियंत्रित, चालक जख्मी

**औरंगाबाद/नबिटा ब्यूरो।** शहर के जसोइया मोड़ के समीप अनियंत्रित ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दिया, जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल ऑटो चालक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी पप्पू कुमार के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि पप्पू ऑटो चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। रविवार को वह अपने घर से ऑटो लेकर किसी काम से सासाराम जा रहा था। इसी दौरान जसोइया मोड़ के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दिया, जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल पप्पू को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया और घटना की सूचना परिजनों को दी। सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने घायल पप्पू का इलाज किया।






# मांगे पूरी नहीं होने पर आंदोलन करेंगे कार्यपालक सहायक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** बिहार राज्य कार्यपालक सेवा संघ की औरंगाबाद जिला इकाई की बैठक रविवार को जिला मुख्यालय में हुई। संघ के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिले के विभिन्न विभागों में कार्यरत बड़ी संख्या में कार्यपालक सहायक शामिल हुए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश कमेटी द्वारा 10 सूत्री मांगों से सरकार को अवगत कराया गया है। यदि सरकार इस पर सकारात्मक पहल कर हमारी मांगों को नहीं मानती है तो संघ द्वारा आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि हम सभी कार्यपालिका सहायक विभिन्न विभागों में विगत 14 से 15 वर्षों से अपनी सेवा दे रहे हैं, परंतु अब तक हमारा सेवा संवर्ग का गठन नहीं किया गया है। सैकड़ो ऐसे कार्यपालक सहायक है, जिनका उम्र 40 से 50 वर्ष के बीच में है। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई, वृद्ध माता-पिता का इलाज, मकान किराया एवं अन्य घरेलू खर्च की जिम्मेदारियां बढ़ गई है। अल्प मानदेय में इन जिम्मेदारी को पूरा करने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। हम सब बार बार सरकार का ध्यान आकृष्ट कर रहे कर रहे हैं परंतु मांगों पर किसी तरह का पहल नहीं की जा रही है। हम सभी को इसके लिए एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन करना होगा। बैठक के दौरान जिले में बाल विकास परियोजना कार्यालय एवं पंचायती राज विभाग अंतर्गत कार्यपालक सहायकों को निवास स्थल व गृह प्रखंड से काफी दूर स्थानांतरण किए जाने पर भी चर्चा की गई। कार्यपालक सहायकों ने कहा कि नियोजन नियमावली के अनुसार संविदा पर अल्प मानदेय के करण का स्थानांतरण निवास स्थान से एक दूरी पर किया जाना न्याय संगत नहीं है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यदि सरकार हमारी मांगों को नहीं मानती है तो हम सभी एकजुट होकर आंदोलन करेंगे तथा आवश्यकता पड़ी तो अनिश्चितकालीन हड़ताल पर भी जाएंगे। मौके पर शोभा कुमारी, संचित कुमारी, निकहत शाबा, शाहिद संजीव कुमार, सरोज कुमार, अजीत कुमार, राकेश कुमार ठाकुर, राजीव रंजन, पंकज पांडे, धीरज कुमार, अम्पू सिंह, बसंत कुमार, मनीष कुमार, मुकेश कुमार, अविनाश कुमार, अमित कुमार, संजय कुमार, पुनीत कुमार, अनूप कुमार आदि उपस्थित थे।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269